

राष्ट्रीय दैनिक

# प्रात:किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़



/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran

11 हमारी लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की जीत ... | आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स में उथल-पुथल, साथी मालिक के ... 11

वर्ष : 15 | अंक : 128 | नई दिल्ली, सोमवार,19 अगस्त, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 36°C

न्यूनतम तापमान 28.0°C

| | |
|---|---|
| हां | 30% |
| नहीं | 50% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 71,105 |
| चांदी | 81,500 |
| सेंसेक्स | 78,886 |
| निफ्टी | 24,117 |

## संक्षिप्त खबरें

### प्रधानमंत्री मोदी ने वित्त मंत्री सीतारमण को दी जन्मदिन की बधाई

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के 65वें जन्मदिन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भारत के विकास और सुधारों में उनके महत्वपूर्ण योगदान का जिक्र किया। प्रधानमंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं। निर्मला जी विकास और सुधारों को आगे बढ़ाने के लिए कई प्रयास कर रही हैं। मैं उनके लंबे और स्वस्थ जीवन की कामना करता हूं। वित्त मंत्री के जन्मदिन पर उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों और पार्टी नेताओं ने सोशल मीडिया पर बधाई दी।

### विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर पहुंचे कुवैत

नई दिल्ली। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर रविवार को कुवैत की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे। विदेश मंत्री ने एक्स पर कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या का गर्मजोशी भरे स्वागत के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि वे कुवैती नेतृत्व के साथ बातचीत को लेकर उत्सुक हैं। इस यात्रा के दौरान विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से मुलाकात करेंगे।

### पश्चिम बंगाल के मालदा में दो वाहनों के बीच टक्कर में छह लोगों की मौत

मालदा। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले में गौर रेलवे स्टेशन के निकट एक वाहन एसयूवी के ट्रक से टकराने से कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और एक व्यक्ति घायल हो गया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। यह दुर्घटना शनिवार आधी रात को राष्ट्रीय राजमार्ग 12 पर उस समय हुई जब वाहन जिले के कालियाचक से मालदा शहर आ रहा था। पुलिस ने बताया कि पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि एक व्यक्ति ने रविवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकारियों और पुलिस ने बुरी तरह क्षतिग्रस्त वाहन से शवों को निकाला तथा दो अन्य घायलों को अस्पताल भेजा।

**मुख्यमंत्री ने बिहटा में बनाये जाने वाले अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का किया स्थल निरीक्षण**

# बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शीघ्र होगा शुरू : नीतीश

**सीएम ने निर्माण कार्य जल्द शुरू करने के दिये निर्देश**



● हवाई यातायात को बेहतर बनाने के लिये की जाएगी आधुनिकतम व्यवस्था

प्रात : किरण

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहटा में बनाये जानेवाले अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान बिहटा एयरफोर्स स्टेशन के पदाधिकारी ने मुख्यमंत्री को नक्शा के माध्यम से वहां शुरू कराये जानेवाले निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आधुनिक सुविधाओं से लैश होगी। हवाई यातायात को बेहतर बनाने के लिये यहां आधुनिकतम व्यवस्थायें की जायेगी। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द इस एयरपोर्ट का निर्माण कार्य शुरू हो ताकि लोगों को हवाई यात्रा में और सहूलियत हो। इससे विभिन्न जगहों से लोगों को विमान से आने-जाने के लिये सुविधा मिलेगी। इस एयरपोर्ट के निर्माण से और कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा पटना एयरपोर्ट पर पड़ने वाला भार भी कम होगा। साथ ही रोजगार और कारोबार के अवसर भी बढ़ेंगे। ज्ञातव्य है कि बिहटा एयरफोर्स बेस स्टेशन पर सिविल एनक्लेव बनाने की जब योजना बनायी गयी तो राज्य सरकार ने 108 एकड़ भूमि की स्वीकृति दी और उसकी चहारदीवारी भी करायी गयी। 08 एकड़ और जमीन देने की मांग एयर अथॉरिटी ने राज्य सरकार से की थी, जिसकी भी स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पटना के जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा, बिहटा एयरफोर्स स्टेशन के पदाधिकारीगण तथा एयरपोर्ट अथॉरिटी के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री ने रक्षाबंधन के अवसर पर दी बधाई

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेश एवं देशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दीं हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि रक्षाबंधन भाई-बहन के बीच प्यार एवं स्नेह का त्योहार है। रक्षाबंधन के दिन बहनें अपने भाई की कलाई पर रक्षा सूत्र बॉधती हैं और बदले में भाई जीवन भर उनकी रक्षा करने का वचन देते हैं। राज्य सरकार महिलाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण के लिये प्रतिबद्ध है। आज के दिन हम सभी को महिलाओं की सुरक्षा एवं उनके सशक्तिकरण का संकल्प लेना चाहिये।

# कोलकाता दुष्कर्म-हत्या के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वत: संज्ञान, 20 को सुनवाई

**प्रधान न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली पीठ इस मामले पर करेगी सुनवाई**

प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने कोलकाता के आर जी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में एक प्रशिक्षु चिकित्सक से कथित बलात्कार और हत्या के मामले में स्वतः संज्ञान लिया है। शीर्ष अदालत की वेबसाइट पर अपलोड की गई 20 अगस्त की वाद सूची के अनुसार, प्रधान न्यायाधीश डीवाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ मंगलवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हाल ही में मामले की जांच कोलकाता पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को स्थानांतरित कर दिया था। सरकारी अस्पताल के सेमिनार हॉल में जूनियर डॉक्टर से कथित बलात्कार और हत्या की वारदात के बाद देशभर में व्यापक स्तर पर विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। इस मामले में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। कलकत्ता हाईकोर्ट ने इस मामले को 13 अगस्त को कोलकाता पुलिस से केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो को सौंपने का आदेश दिया। सीबीआई ने 14 अगस्त से जांच शुरू की है। हाईकोर्ट ने पीड़िता के माता-पिता की ओर से दायर याचिकाओं पर मामले की जांच सीबीआई को सौंपने का आदेश दिया। याचिका में अदालत की निगरानी में जांच का आग्रह किया गया था।

हाईकोर्ट ने कहा कि आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 16 अगस्त को भीड़ की हिंसा को रोकने में राज्य की मशीनरी पूरी तरह विफल रही। हाईकोर्ट ने पुलिस और अस्पताल से स्थिति पर शपथ पत्र दाखिल करने के लिए कहा है। कोर्ट ने यह भी कहा कि यह भरोसा करना काफी मुश्किल है कि पुलिस और खुफिया विभाग को सात हजार लोगों की भीड़ के बारे में जानकारी नहीं थी।



पटना। भाजपा सांसद और प्रख्यात अभिनेता अरूण गोविल और प्रसिद्ध गायक उदित नारायण ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की।

# बैठक : 35 साल तक बीजेपी को सत्ता से कोई भी नहीं हटा सकता है : शाह


प्रात : किरण



नई दिल्ली/एजेंसी। दिल्ली में बीजेपी के पदाधिकारियों की बैठक में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी पहुंचे थे। बैठक के बाद अमित शाह ने कहा कि बीजेपी अभी 35 साल और सत्ता में रहेगी। कोई भी 35 साल तक बीजेपी को सत्ता से नहीं हटा सकता है। शाह ने कहा कि बीजेपी की जड़ें मजबूत हैं, संगठन मजबूत हैं। बीजेपी जहां सत्ता में है। वहां से जाती नहीं। उन्होंने कहा कांग्रेस जहां जाती है फिर वहां आती नहीं। बता दें कि चुनाव आयोग ने शुक्रवार को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनावों की घोषणा कर दी है। चुनाव की घोषणा के बाद बीजेपी में बैठकों का दौर शुरू हो गया है। शाह ने भविष्य में मजबूत चुनावी संभावनाओं का भरोसा जताते हुए पार्टी नेताओं से पार्टी की विचारधारा को देश के कोने-कोने तक ले जाने का आह्वान किया। सूत्रों के मुताबिक अमित शाह ने कहा कि लोगों ने बार-बार राज्यों और केंद्र में बीजेपी सरकारों में अपना भरोसा जताया है और कांग्रेस को नकारा है। बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने एक कहा कि पार्टी का लक्ष्य इस अभियान में 10 करोड़ से ज्यादा सदस्य बनाने का है जिसमें वह राज्य शामिल नहीं होंगे जहां आने वाले महीनों में चुनाव होना हैं। आधे राज्यों में अभियान खत्म होने के बाद पार्टी को नए अध्यक्ष का चुनाव होने की उम्मीद है। शनिवार को हुई बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, संगठन से जुड़े प्रमुख नेताओं और राष्ट्रीय पदाधिकारियों ने भाग लिया। गृहमंत्री शाह ने अपने संबोधन में कहा बीजेपी एक कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है जो एक मजबूत विचारधारा से प्रेरित है।

# बुलंदशहर : सड़क हादसे में दस की मौत, 27 घायल

प्रात : किरण



बुलंदशहर/ एजेंसी। उत्तर प्रदेश में बुलंदशहर जिले के सलेमपुर क्षेत्र में रविवार को दो वाहनो की भिड़ंत में कम से कम दस लोगों की मौत हो गयी जबकि 27 अन्य गंभीर रुप से घायल हो गये। पुलिस सूत्रों ने बताया कि शिकारपुर-बुलंदशहर रोड पर मैक्स पिकअप और प्राइवेट बस की आमने सामने से टक्कर हो गई। हादसे में 10 लोगों की मौत हो गई जबकि 27 अन्य घायल हुए हैं। मरने वाले सभी लोग अलीगढ़ जिले की अतरौली तहसील के गांव रायपुर खास अहिर नगला के रहने वाले हैं। जिला अस्पताल की इमरजेंसी में घायलों का उपचार करने में डाक्टरों की टीम जुटी हुई है। उन्होने बताया कि अलीगढ़ जिले की अतरौली तहसील के गांव रायपुर खास अहिर नगला के 37 लोग मैक्स गाड़ी से गाजियाबाद से अलीगढ़ जा रहे थे। ये लोग गाजियाबाद के बुलंदशहर रोड बी-10 स्थित बिरटानिया डेल्टा फूड कंपनी में नौकरी करते थे। रविवार को सभी लोग मैक्स पिकअप गाड़ी में सवार होकर गाजियाबाद से अपने घर के लिए निकले थे। बुलंदशहर के सलेमपुर थाना क्षेत्र में सामने से आ रही एक प्राइवेट बस ने पिकअप को टक्कर मार दी। इस हादसे में पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई जबकि पांच ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी में दम तोड़ा है। इसके साथ ही 27 लोग घायल हुए हैं। मरने वाले और घायल सभी पिकअप में सवार थे। जिलाधिकारी चन्द्रप्रकाश सिंह और एसएसपी श्लोक कुमार ने जिला अस्पताल की इमरजेंसी पहुंचकर घायलों का हाल जाना और डाक्टरों को इलाज के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि मैक्स गाड़ी में 37 लोग सवार थे, जिसमें 10 की मौत हो गई है। 27 लोगों का इलाज चल रहा है इनमें चार लोगों को मेरठ के लिए रेफर कर दिया है।

## सहरसा में मां-बेटी की धारदार हथियार से की गई हत्या

सहरसा। बिहार के सहरसा जिले के सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला और उसकी बेटी की धारदार हथियार से वार कर हत्या कर दी गई। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना नरियार गांव की है। सहरसा पुलिस अधीक्षक कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार रविवार को सुबह करीब साढ़े नौ बजे घटना की सूचना मिली। बयान के अनुसार मृतकों की पहचान गांव की निवासी रिंकू देवी 32 और उनकी बेटी नैना कुमारी 11 के रूप में हुई है। पुलिस अधीक्षक एसपी हिमांशु ने बताया कि सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस थाने के अधिकारी मौके पर पहुंचे और फॉरेंसिक विशेषज्ञों की टीम तथा श्वान दस्ते ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। पुलिस अधीक्षक ने रविवार को संवाददाताओं से कहा कि मामले की जांच के लिए सदर अनुमंडल पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया है।




**पूर्व सीएम चंपई सहित झामुमो-कांग्रेस के कई विधायक हो सकते हैं भाजपा में शामिल**

# झारखंड की सियासत में भूचाल, भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच दिल्ली पहुंचे चंपई सोरेन

प्रात : किरण



रांची/जमशेदपुर/एजेंसी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेता और झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच रविवार को दिल्ली पहुंचे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। सोरेन के एक करीबी सहयोगी ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री रविवार को कोलकाता से राष्ट्रीय राजधानी के लिए रवाना हुए। उन्होंने और ब्योरा देने से इनकार कर दिया। दिल्ली पहुंचने के तुरंत बाद चंपई सोरेन ने पत्रकारों से कहा कि उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के किसी नेता से मुलाकात नहीं की है और वह राष्ट्रीय राजधानी में एक निजी यात्रा पर हैं।

शुक्रवार को मीडिया में आई कुछ खबरो में दावा किया गया था कि झारखंड विधानसभा चुनाव से पहले सोरेन भाजपा में शामिल हो सकते हैं। लेकिन सोरेन ने शनिवार को कहा था कि उन्हें अटकलों के बारे में कोई जानकारी नहीं है। जमशेदपुर रवाना होने से पहले उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा था, मुझे ऐसी अटकलों और खबरों के बारे में कुछ नहीं पता मैं जहां हूं, वहीं हूं। जब भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी से सोरेन के भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मेरे पास कोई आधिकारिक जानकारी नहीं है। मुझे केवल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिल रही है।


**झामुमो-कांग्रेस के पांच से छह विधायकों की भाजपा में शामिल होने की संभावना:** झामुमो-कांग्रेस के पांच से छह विधायक भी भाजपा में शामिल होने की संभावना है। वह सभी दिल्ली पहुंच रहे हैं। बताया जा रहा है कि उनके साथ झामुमो के विधायक दशरथ गगरई, रामदास सोरेन, चमरा लिंडा और समीर मोहंती के अलावा पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम भी हैं। पिछले तीन दिनों से इन विधायकों के भाजपा में शामिल होने की खबरें झारखंड की सियासत में सुर्खियां बटोर रही थीं। हालांकि, चंपई सोरेन ने इन खबरों को निराधार बताया था। वह बार-बार यही कहते रहे कि मैं जहां हूं, वहीं हूं। इस बीच शनिवार की शाम झामुमो के पूर्व विधायक लोबिन हेंब्रम ने चंपई सोरेन से रांची स्थित आवास पर मुलाकात की। इसके कुछ ही देर बाद चंपई सोरेन अपने जमशेदपुर स्थित आवास के लिए रवाना हुए। लोबिन, हेंब्रम कह चुके हैं कि वह भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि चंपई सोरेन की भी भाजपा के नेताओं से बात हुई है। सूचना मिल रही है कि आज इन विधायकों की दिल्ली में भाजपा के झारखंड चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान से मुलाकात होगी और इसके बाद उन्हें आज ही पार्टी में शामिल कराया जा सकता है। अगर भाजपा में शामिल होने वाले विधायकों की संख्या छह से ज्यादा हुई तो हेमंत सोरेन सरकार के अल्पमत में आने का खतरा पैदा हो सकता है।

### भाजपा विधायकों को खरीद रही है और समाज को बांट रही है : हेमंत

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के भाजपा में जाने को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रविवार को आरोप लगाया कि भाजपा विधायकों को खरीद रही है औ समाज को बांट रही है। गोड्डा जिले में एक सरकारी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा गुजरात, असम और महाराष्ट्र से लोगों को लेकर आती है, ताकि आदिवासियों, दलितों, पिछड़ी जातियों और अल्पसंख्यकों के बीच नफरत फैला सके और उन्हें आपस में लड़वा सके। उन्होंने कहा कि समाज की बात छोड़िए, ये लोग परिवारों और पार्टियों को तोड़ने का काम करते हैं। वे विधायकों को खरीदते हैं। पैसे की ताकत से राजनेताओं को इधर से उधर जाने में देर नहीं लगती। हेमंत सोरेन ने यह भी कहा कि झारखंड में इस साल विधानसभा चुनाव होना है। लेकिन चुनाव की तारीख राज्य की विपक्षी पार्टी तय करेगी, न कि चुनाव आयोग। उन्होंने आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि चुनाव आयोग अब एक संवैधानिक संस्था नहीं रही। इसमें भाजपा के लोग कब्जा कर चुके हैं।

# उत्तराखंड में काले घने बादलों का डेरा

## पर्वतीय इलाकों में बदल रहा मौसम का मिजाज, प्रदेश में तेज बारिश का अलर्ट



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड के पहाड़ों पर एक बार फिर मौसम बदल रहा है। पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बाद केदारनाथ पैदल यात्रा मार्ग बर्बाद हो गया था। 15 दिनों के बाद इसे फिर से तैयार किया गया। अब एक बार फिर पहाड़ों पर घने बादलों का डेरा जम गया है। मौसम विभाग ने नैनीताल, चंपावत, उधम सिंह नगर और बागेश्वर जिले के कुछ हिस्सों में भारी बारिश येलो अलर्ट जारी किया गया है। इसके साथ ही पर्वतीय जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश हो सकती है। आज से अगले 5 दिनों तक पर्वतीय जिलों में मौसम का मिजाज बिगड़ा रहेगा और तेज बारिश होने के आसार हैं। मैदानी जिलों में भी बारिश होने की संभावना है।

मौसम विज्ञान केंद्र के अलर्ट के बाद गैरसैंण में होने वाले मानसून सत्र में मौसम सरकार की परीक्षा लेने वाला है। गैरसैंण के भराड़ीसैंण स्थित विधानसभा में पहली बार मानसून सीजन में सत्र का आयोजन हो रहा है। 21 अगस्त से शुरू होने वाला सत्र तीन दिनों तक चलेगा। इस दौरान मौसम मंत्रियों, विधायकों और अधिकारियों की परीक्षा भी लेगा। पूरी सरकार 20 अगस्त को गैरसैंण पहुंच जाएगी। अधिकारी और कर्मचारियों की एक टीम भराड़ीसैंण में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दे रही है।

21 से 23 अगस्त तक चलने में वाले इस सत्र के लिए विधानसभा सचिवालय को अब तक 500 से अधिक सवाल मिल चुके हैं। बता दे कि फरवरी में प्रदेश सरकार ने बजट सत्र देहरादून स्थित विधानसभा में करवाया था। इसको लेकर विपक्ष ने सरकार पर गैरसैंण की उपेक्षा का आरोप लगाया था। अब धामी सरकार ने मानसून सत्र गैरसैंण में कराने का फैसला लिया है। लेकिन, भारी बारिश से पहाड़ों में भूस्खलन की घटनाएं हो रही है। ऐसे में मंत्रियों विधायकों के लिए पहाड़ की यात्रा करना भी बेहद मुश्किल साबित हो सकता है।20 अगस्त के बाद पहाड़ों में तेज बारिश का अनुमान है।

देहरादून में शनिवार को चटक धूप खिली रही। इसकी वजह से तापमान में वृद्धि हुई और पूरा दिन लोग गर्मी से बेहाल रहे। शुक्रवार को शाम के समय बंद हुए यमुनोत्री हाइवे को खोल दिया गया। शुक्रवार को 6—00 बजे हाईवे बंद हो गया था। वहीं केदारनाथ मार्ग पर चल रहे सर्च अभियान के दौरान लिनचोली में बोल्डरों के बीच भारी मलबे से बरामद तीन में दो शवों की शिनाख्त हो गई है। दोनों की गुमशुदगी सोनप्रयाग कोतवाली में दर्ज हुई थी। वहीं, एक शव की अभी तक शिनाख्त नहीं हो पाई है।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि आधार कार्ड के आधार पर दोनो शवों की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दे दी गई है। दोनों यूपी के रहने वाले थे। इनकी पहचान कृष्णा पटेल पुत्र लाल बहादुर पटेल निवासी जयपालपुर, रामनगर, उत्तर प्रदेश और सुमित शुक्ला पुत्र राम विवेक शुक्ला निवासी अर्चना एनक्लेव, गाजियाबाद के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि सर्च अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### जिले के प्राथमिक विद्यालयों को मिले 23 सहायक शिक्षक

**बागेश्वर, एजेंसी।** प्राथमिक विद्यालयों में शिक्षकों की कमी को देखते हुए शिक्षा विभाग ने जिला स्तर पर सहायक शिक्षकों की नियुक्ति की। मुख्य शिक्षा अधिकारी सभागार में नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। शुक्रवार को विधायक पार्वती दास ने 19 सहायक अध्यापकों को नियुक्ति पत्र बांटे। सीईओ गजेंद्र सिंह सौन ने बताया कि शेष रिक्त पदों के लिए शिक्षक भर्ती चयन प्रक्रिया जारी रहेगी। डीईओ बेसिक विनय कुमार ने बताया कि 10 अगस्त को अभ्यर्थियों की काउंसलिंग की गई थी। जिसमें 23 अभ्यर्थियों का चयन सहायक शिक्षक पद के लिए किया गया था। चार सहायक शिक्षकों के नियुक्तिपत्र डाक के माध्यम से भेजे जाएंगे। अभ्यर्थियों की अगली काउंसलिंग 18 अगस्त को की जाएगी।

### असों गधेरे में बही बाइक, बाल-बाल बचे बाइक सवार

**कपकोट, एजेंसी।** कपकोट-बागेश्वर मोटर मार्ग पर असों गधेरे का जलस्तर बढ़ने से बाइक सड़क से बहकर नीचे गिर गई। हादसे के समय बाइक में दो युवक सवार थे। गनीमत रही कि घटना में किसी को चोट नहीं लगी। आसपास के लोगों ने रस्सी की मदद से बाइक और बाइक सवारों को गधेरे से बाहर निकाला। रविवार को कपकोट में फेब्रिकेशन का कार्य करने वाले बाजपुर निवासी युवक मुस्तकीम और फरमान बाइक से घर को जा रहे थे। वह बागेश्वर तक बाइक से जाने के बाद बस पकड़ने वाले थे। असों गधेरे को पार करते समय अचानक बाइक तेज बहाव की चपेट में आकर सड़क से नीचे गिर गई। दोनों युवक चिल्लाने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और युवकों का हौसला बढ़ाया। बाद में रस्सी की मदद से बाइक और युवकों को गधेरे से सुरक्षित बाहर निकाला।

### कनगाड़छीना तक सड़क का मिलान करने की मांग

**बागेश्वर, एजेंसी।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्व. महेंद्र सिंह करायत के उत्तराधिकारी फतेह सिंह करायत ने करालापालड़ी सड़क का मिलान कनगाड़छीना तक करने की मांग तेज कर दी है। उन्होंने सड़क मिलान के लिए डीएम के माध्यम से सीएम को ज्ञापन भेजा। करायत ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि पालड़ीछीना-जैनकरास-कनगाड़छीना मोटर मार्ग वर्ष 2015 में 10 किमी स्वीकृत हुआ था। अब तक मात्र सात किमी तक कटान हो सका है। शेष तीन किमी में कटान होना बाकी है। मोटर मार्ग पर छह से सात किमी के मध्य 15 मीटर के आरसीसी पुल का निर्माण होना था, जो नहीं हो पाया। ग्रामीण जान जोखिम में डालकर सड़क पर आवाजाही कर रहे हैं। बताया कि समस्या को लेकर ग्रामीण पहले भी अनशन कर चुके हैं, बावजूद इसके समस्या का निदान नहीं किया जा रहा है। उन्होंने जल्द मांग पूरी नहीं होने पर दोबारा अनशन करने की चेतावनी दी है।

### गेस्ट टीचर प्रवक्ता पदों के लिए काउंसलिंग 21 अगस्त को

**चंपावत, एजेंसी।** प्रवक्ता गणित, अंग्रेजी, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान विषयों के लिए ऑनलाइन आवेदन किए गए थे। इसके सापेक्ष चंपावत जिले के लिए आवंटित गेस्ट टीचर प्रवक्ता की तैनाती के लिए प्रमाणपत्रों का सत्यापन और काउंसलिंग 21 अगस्त को 11 बजे से सीईओ सभागार चंपावत में निर्धारित की गई है।

### लॉकअप में ड्यूटी दे रहे पुलिसकर्मी की सीढ़ी से गिरने से मौत

**पिथौरागढ़, एजेंसी।** डीडीहाट लॉकअप में ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी की सीढ़ी में गिरने से मौत हो गई। उनकी मौत से परिजन सदमे में हैं। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। चमोली जिले के उलंग्रा गांव निवासी कांस्टेबल प्रभु दयाल कुनियाल पिथौरागढ़ जिले के डीडीहाट में लॉकअप में तैनात थे। बीते 15 अगस्त को वह लॉकअप के पास बनी सीढ़ियों से गिर गए। उन्हें उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना के बाद परिजन भी डीडीहाट पहुंचे। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया।

## 4.71 किलो गांजे के साथ एक तस्कर किया गिरफ्तार

**हरिद्वार, एजेंसी।** रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस ने एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार किया है। मुकदमा दर्ज कर आरोपी को कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि गैस प्लांट चौकी प्रभारी मनोज नौटियाल टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। सुमननगर की तरफ जाने वाली डबल पुलिया के पास एक बाइक पर सवार दो युवकों को रुकने का इशारा किया तो वह मुड़कर भागने लगे। पीछा कर उन्हें पकड़ लिया गया। उनके पास से मिले बैग के अंदर से 4.71 किलो गांजा बरामद हुआ। इंस्पेक्टर विजय सिंह ने बताया कि आरोपी बॉबी पुत्र सतपाल निवासी बुढ़नपुर थाना स्योहारा जिला बिजनौर और फैसल पुत्र रईस निवासी स्योहारा बिजनौर को गिरफ्तार कर लिया गया। संवाद

रानीपुर कोतवाली क्षेत्र में कचहरी से घर लौटते समय अधिवक्ता को टक्कर मारने वाले ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश शुरू कर दी है। मनोज कुमार निवासी ग्राम शिवपुरी कॉलोनी थाना कनखल ने शिकायत देकर बताया कि राजीव कुमार तोमर अधिवक्ता हैं। वह बीती 15 जून को से घर लौट रहे थे। सेक्टर-1 से बीएचईएल पहुंचते ही ट्रक चालक ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी, जिससे राजीव कुमार तोमर गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली प्रभारी विजय सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संवाद

श्यामपुर थाना क्षेत्र में स्कूल जाने के लिए घर से निकली नाबालिग छात्रा संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर छात्रा की तलाश शुरू कर दी है।

## क्रिकेट के जुनून में छोड़ा घर : 45 दिन बाद लालकुआं से मिला हमजा, बेटे को देख माता-पिता की आंखों से छलके आंसू

**अल्मोड़ा, एजेंसी।** हमजा बेग आखिरकार लालकुआं से सकुशल मिल गया है। क्रिकेटर बनने के लिए एकेडमी में प्रवेश की ख्वाहिश और यूट्यूब पर देखी वीडियो से प्रेरित होकर वह घर निकला और फिर कारपेंटर के पास पहुंच गया।

45 दिनों से लापता हमजा बेग आखिरकार लालकुआं से सकुशल मिल गया है। क्रिकेटर बनने के लिए एकेडमी में प्रवेश की ख्वाहिश और यूट्यूब पर देखी वीडियो से प्रेरित होकर वह घर निकला और फिर कारपेंटर के पास पहुंच गया। अपने लाल को सकुशल देख मां-पिता और परिजनों का खुशी का ठिकाना न रहा व रोते हुए उससे लिपट गए।

दो जुलाई को आदर्श कॉलोनी निवासी 13 वर्षीय हमजा बेग घर से बिन बताए कहीं चला गया था। वह रेलवे स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे पर कैद हुआ था। इसके बाद ही परिजन और पुलिसकर्मी लगातार उसकी तलाश कर रहे थे। परिजनों ने सीओ का घेराव करने के साथ ही कोतवाली और कलक्ट्रेट गेट पर धरना प्रदर्शन किया था।

हमजा के पिता सहित परिजनों और परिचितों ने उसकी तलाश में कई रेलवे स्टेशनों और शहरों की खाक छानी। शुक्रवार सुबह हमजा गश्त कर रही लालकुआं पुलिस को मिल गया और पुलिस की सूचना पर पिता गफ्फार बेग सहित परिजन लालकुआं कोतवाली से बच्चे को लेकर आए। सूचना पर परिजन दौड़े-दौड़े पहुंचे। बेटे को देख पिता गफ्फार बेग, मां शबनम उससे लिपट पड़े।

हमजा के चाचा बाबू खान ने बताया कि भतीजा क्रिकेट एकेडमी में प्रवेश लेना चाहता था। उसने यूट्यूब पर एक वीडियो देखी थी। इसमें एक लड़का घर से भाग जाता है और फिर उसे एकेडमी में प्रवेश मिल जाता है। हमजा घर से चला गया तो लालकुआं रेलवे स्टेशन पर कारपेंटर के संपर्क में आ गया था। कारपेंटर ने उसे एकेडमी में प्रवेश दिलाने का झांसा देकर अपने पास रखकर काम करवाया था।

परिजनों के अनुसार जिस कारपेंटर के यहां हमजा रह रहा था, उसने उसे मोबाइल से दूर रखा। कई दिनों तक कारपेंटर के पास रहकर काम करने के बाद हमजा को परिजनों की याद सताई। इस पर वह शुक्रवार को मौका पाकर कारपेंटर के घर से भाग गया और रास्ते में उसे पुलिसकर्मी मिल गए। बताया कि हमजा जिन कपड़ों में घर से निकला था, उनमें ही वह मिला है।

## पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी को पुण्यतिथि पर किया याद

**अल्मोड़ा/बागेश्वर, एजेंसी।**
देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की पुण्यतिथि पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने सांसद कार्यालय में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें याद किया।

इस दौरान हुई गोष्ठी में भाजपा नगर अध्यक्ष अमित साह ने कार्यकर्ताओं से वाजपेयी के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य पूर्व दर्जा राज्य मंत्री गोविंद सिंह पिलख्वाल ने कहा कि जनसंघ से लेकर भारतीय जनता पार्टी तक के सफर में अटल बिहारी वाजपेयी का अविस्मरणीय योगदान रहा है। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजीव गुरूरानी, कैलाश गुरुरानी, महेश नयाल, प्रकाश भट्ट, मीना भैसोड़ा, देवाशीष नेगी, दर्शन रावत, लीला बोरा आदि मौजूद रहे। उधर बागेश्वर में पार्टी कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने वाजपेयी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिलाध्यक्ष इंद्र सिंह फर्स्वाण की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने वाजपेयी के कार्यों को याद किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वाजपेयी ने संगठन और सरकार में रहते हुए सदैव देश को आगे बढ़ाने का कार्य किया। विधायक पार्वती दास ने कहा कि अपने कार्यों से उन्होंने देश की राजनीति में उच्च मुकाम हासिल किया, और शिखर पुरुष के रूप में जाने गए। सेवानिवृत शिक्षक केशवानंद जोशी ने उनकी रचनाएं सुनाईं। यहां जिला महामंत्री संजय परिहार, जिला उपाध्यक्ष मथुरा प्रसाद, जिला मंत्री रवि करायत, मीडिया प्रभारी प्रकाश साह, कार्यालय मंत्री दयाल कांडपाल, नगर अध्यक्ष रमेश तिवारी, संजय नेगी, गोविंद सिंह बाफिला, खड़क दफौटी, नीमा धपोला आदि रहीं।

## पूजा, अर्चना और देव स्तुति से शुरू हुआ प्रसिद्ध बगवाल मेला

**पाटी (चंपावत), एजेंसी।** उत्तर भारत के सुप्रसिद्ध पौराणिक देवीधुरा बगवाल मेला (आषाढ़ी मेला) शुरू हो गया है। शुक्रवार को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री अजय टम्टा ने देवीधुरा बगवाल मेले का शुभारंभ किया। इस दौरान महिलाओं, स्कूली बच्चों ने पारंपरिक परिधानों में मंदिर प्रांगण तक भव्य शोभा यात्रा निकाली।

केंद्रीय राज्य मंत्री अजय ने कहा कि मां वाराही की असीम कृपा से ही मुझे इस पावन मेले का शुभारंभ करने का सौभाग्य मिला है। मेले का अपने ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व हैं। पूरे विश्व में ऐसी पाषाण क्रीड़ा हर वर्ष रक्षाबंधन के अवसर पर यहां की जाती है। जो पूरी दुनिया में आस्था और परंपरा का अद्भुत संगम है। इस मेले को हम आने वाले समय में और भी बेहतर बनाएंगे। बगवाल मेले में उत्तराखंड की पारंपरिक कला, संस्कृति का अद्भुत संगम भी देखने को मिल रहा है।इससे पूर्व राज्य मंत्री अजय ने वाराही के दर्शन कर पूजा अर्चना की और देश, राज्य और जिले की खुशहाली, शांति की कामना की और कहा की मां वाराही की असीम कृपा जनपद वासियों पर बनी रहे। अध्यक्ष जिला पंचायत ज्योति राय ने कहा कि इस मेले को भव्य और सुंदर बनाने के लिए हम मिलकर कार्य कर मेले को संपन्न करेंगे। यहां मंदिर कमेटी अध्यक्ष मोहन सिंह बिष्ट, भाजपा जिलाध्यक्ष निर्मल माहरा, ब्लॉक प्रमुख सुमनलता, सीमा विश्वकर्मा, त्रिभुवन चम्याल, भुवन गहतोड़ी, गिरीश सिंगवाल, जगदीश जोशी, दीपक भट्ट, बसंत बलराज पाटनी, सतीश पांडेय, वालिक खाम के मुखिया बद्री सिंह बिष्ट, चम्याल खाम के मुखिया गंगा सिंह चम्याल, गहड़वाल खाम के मुखिया त्रिलोक सिंह बिष्ट, डीएम नवनीत पांडेय, एसपी अजय गणपति, सीडीओ संजय कुमार, एसडीएम रिंकू बिष्ट आदि शामिल रहे

## दूणी-सुकुंडा मार्ग धंसा, खतरे की जद में आए दो परिवार

**कपकोट, एजेंसी।**
कपकोट की दूणी-सुकुंडा सड़क धंसने से यातायात बाधित हो गया। सड़क के नीचे रहने वाले दो लोगों के मकान खतरे की जद में आ गए। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे एसडीएम ने परिवारों को गांव में अन्यत्र ठहराया और अस्थायी व्यवस्था बनाकर सड़क पर वाहनों की आवाजाही सुचारू करवाई।

शुक्रवार सुबह दूणी-सुकुंडा सड़क दरखोला के समीप धंसने लगी। क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता महिमन सिंह कपकोटी ने बताया कि पहले सड़क पर हल्की दरार पड़ी। धीरे-धीरे दरार चौड़ी होते गई और कुछ देर में सड़क बीचोंबीच दो भागों में बंट गई। सड़क का एक हिस्सा धंसकर नीचे बैठ गए। सड़क टूटने के कारण गांव से कपकोट की तरफ जा रहे वाहन, स्कूल की गाड़ियां, टैक्सी आदि फंस गए। सड़क टूटने से ग्रामीण नंदन सिंह पुत्र जय सिंह और भूपाल सिंह पुत्र जय सिंह के मकान को खतरा पैदा हो गया था। ग्रामीणों ने तत्काल मामले की सूचना तहसील प्रशासन को दी। इधर, एसडीएम अनुराग आर्य ने बताया कि सड़क धंसने की सूचना के बाद मैं स्वयं मौके पर गया। सड़क के कारण खतरे की जद में आए दोनों परिवारों को गांव में शिफ्ट



कर दिया गया है। सड़क के ऊपर की तरफ कटान करवाकर वाहनों की आवाजाही सुचारू करा दी गई है। ग्रामीण महिमन कपकोटी बताते हैं कि सड़क के नीचे पानी का प्राकृतिक स्रोत है। इसी स्थान पर पांच साल पहले भी सड़क धंस चुकी है। उस समय भी चार परिवार खतरे की जद में आ गए थे। दो परिवारों ने अन्यत्र मकान बना लिया है, लेकिन दो परिवार अब भी इसी स्थान पर रहते हैं। जिन्हें सड़क में धंसाव होने पर दूसरे के घर में शरण लेनी पड़ती है।

दीपक उप्रेती, जेई, लोनिवि कपकोट ने बताया कि परसों की बारिश के कारण जगह-जगह दरारें आ गई थीं। जो बढ़ती गई। कहीं-कहीं पर 3.5 फुट तो कहीं 2 फुट हैं।

## सिनियाखोला के आपदा प्रभावितों के लिए देखी जगह

**पिथौराग**... ला प्रशासन के निर्देश पर भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग की टीम ने धारचूला देहात के सिनियाखोला के आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए स्थल का निरीक्षण किया। यहां दस परिवारों का पुनर्वास किया जाना है। केशव राम, गौरी देवी, इंद्रा देवी, पुना देवी, बबीता देवी, काली देवी, मंजू देवी, धनुली देवी, देव राम, पुष्कर राम के परिवार प्रभावित हैं, इनको अन्यत्र बसाया जाना है। विभाग के उप निदेशक, भू वैज्ञानिक लेखराज ने राजस्व विभाग की टीम के साथ तीन किमी की खड़ी चढ़ाई पार कर प्रस्तावित स्थलों का निरीक्षण किया।

## अधिवक्ता से 40 हजार लूटने और मारपीट के चार आरोपियों को जेल भेजा

**काशीपुर, एजेंसी।** लगभग दो साल पहले अधिवक्ता से 40 हजार रुपये की नकदी व सोने की चेन लूटने और जान से मारने की नीयत से फायर झोंकने के चार आरोपियों को न्यायालय ने जेल भेज दिया है।

काशीपुर के अधिवक्ता नदीम सिद्दीकी ने न्यायालय में परिवाद दायर कर बताया कि 22 अप्रैल 2022 की शाम लगभग साढ़े छह बजे वह अपनी कार में काशीपुर से महुआखेड़ा गंज होते हुए ठाकुरद्वारा जा रहे थे।

ग्राम पैगा में मंदिर के पास दो बाइकों पर सवार होकर आए उस्मान, शहजान, नफीस, इदरीस व सुलेमान निवासीगण ठाकुरद्वारा (यूपी) ने बाइकें कार के आगे लगा दीं। इन सभी के हाथों में तमंचे थे। अधिवक्ता का आरोप था कि तमंचों के बल पर हमलावरों ने उसके गले में पड़ी सोने की चेन और जेब में रखे 40 हजार रुपये भी छीन लिए।

आरोप था कि शोर मचाने पर आरोपियों में से एक ने उस पर फायर झोंक दिया। इसमें वह बाल-बाल बच गया। जब शोर-शराबा होने पर कुछ लोग आए तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। मामले में बुधवार को चार आरोपी न्यायालय में जमानत के लिए हाजिर हुए थे, जहां कोर्ट ने आरोपियों को जेल भेज दिया है। बता दें पांच आरोपियों में से एक आरोपी सुलेमान की कुछ समय पूर्व बीमारी के चलते मौत हो चुकी है।

## भाईयों की कलाई पर सजेंगी पिरूल से बनीं राखियाम

**चंपावत, एजेंसी।**
जिले में चीड़ की पत्तियों से बनी राखियां भाईयों के हाथों की कलाई की शोभा बढ़ाएंगी। जिले में तीन माह से स्वयं सहायता समूह की 70 महिलाएं राखियां बना रही हैं। स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को उद्यमिता विकास प्रशिक्षण के तहत चीड़ की पत्तियों से कई प्रकार के उत्पाद बनाने का प्रशिक्षण दिया गया था।

जिले के खैसकांडे और पंदा की स्वयं सहायता समूह की महिलाएं तीन माह से चीड़ की पत्तियों की राखियां बना रही हैं। रक्षाबंधन त्योहार के लिए महिलाओं नो पिरूल की शानदार राखियां बनाई हैं। समूह की महिलाएं एक सीजन में चार हजार से अधिक आय कर लेती हैं।



आरसेटी की ओर से स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया था।, इसका मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और चीड़ की पत्तियों को आय का स्रोत बनाते हुए वनों को आग से बचाना है।

## महिला को मगरमच्छ ने दबोचा : हाथ मुंह में दबाकर पानी में ले जाने लगा, शकुंतला ने दरांती से हमला कर बचाई अपनी जान

**ऊधम सिंह नगर, एजेंसी।**
खटीमा में धान के खेत में काम कर रही महिला पर एकाएक मगरमच्छ ने हमला कर दिया। वह हाथ मुंह में दबाकर महिला को गहरे पानी में ले जाने लगा। इसी बीच 50 वर्षीय महिला ने दरांती से वार कर मगरमच्छ के जबड़े से अपने जीवन को बचा लिया।

खटीमा में धान के खेत में काम कर रही महिला पर एकाएक मगरमच्छ ने हमला कर दिया। वह हाथ मुंह में दबाकर महिला को गहरे पानी में ले जाने लगा। इसी बीच 50 वर्षीय महिला ने दरांती से वार कर मगरमच्छ के जबड़े से अपने जीवन को बचा लिया। प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत सामान्य है।

अमाऊं निवासी 50 साल की शकुंतला



देवी शुक्रवार को दोपहर में धान के खेत में निराई कर रही थी। खेत के एक हिस्से में पानी भरा हुआ था। इस दौरान अचानक पानी में छिपे मगरमच्छ ने शकुंतला पर हमला कर दिया।

महिला कुछ समझ पाती इससे पहले ही मगरमच्छ ने उसका एक हाथ मुंह में दबा लिया। दर्द से कराह रही शकुंतला ने खुद को बचाने के लिए खूब हाथ पैर मारे। मदद की गुहार भी लगाई लेकिन दूर होने के कारण किसी ने उसकी आवाज नहीं सुनी। मगरमच्छ शकुंतला को खींचकर गहरे पानी की ओर ले जाने लगा। सामने मौत को देखकर पहले तो शकुंतला घबरा गई लेकिन फिर उन्होंने पास में मौजूद दरांती को दूसरे हाथ से पकड़ा। फिर एक लंबी सांस लेकर शरीर की सारी ऊर्जा को समेटकर मगरमच्छ पर दरांती से जोरदार वार कर दिया।

हमले से छटपटाए मगरमच्छ महिला का हाथ छोड़ दरांती मुंह में दबाए गहरे पानी में चला गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को खटीमा उप जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। डॉक्टर ने बताया कि प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत सामान्य है।

किच्छा के निकटवर्ती ग्राम कुईया में बह रही नदी में बृहस्पतिवार को मगरमच्छ दिखने से सनसनी फैल गई।

सम्पादकीय

## फिलहाल ठंडे बस्ते में

रजनीश कपूर

बीते सप्ताह उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विधान सभा में नजूल संपत्ति अधिनियम पेश किया गया। इस बिल को विधान सभा में तो पास कर दिया गया परंतु उत्तर प्रदेश विधान परिषद में इसका भारी विरोध हुआ जिसके चलते बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी की मांग पर इसे सदन ने पास करने की जगह प्रवर समिति को भेजने का फैसला लेकर इसे फिलहाल ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। उत्तर प्रदेश में कड़े फैसले लेने के लिए मशहूर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लिया गया यह निर्णय सही जरूर प्रतीत होता है, परंतु जिस तरह इस विधेयक का विरोध उन्हीं की पार्टी द्वारा किया जा रहा है, तो ऐसी उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले समय में शायद कुछ संशोधन के साथ इसे पुनः पेश किया जाए। उल्लेखनीय है कि जिस भी जमीन का कोई वारिस न हो और वो सरकार के अधीन हो, उसे नजूल जमीन कहते हैं। गौरतलब है कि औपनिवेशिक शासन में अंग्रेजों द्वारा भारत में बड़ी संख्या में जमीनों पर कब्जा किया गया था, लेकिन आजादी के बाद जिस भी नागरिक के पास उसकी जमीन के दस्तावेज थे उन्हें उनकी जमीन वापस मिल गई, परंतु ऐसी कई जमीनें थीं जिनकी मिल्कियत के प्रमाण या जीवित स्वामी उपलब्ध नहीं थे। ऐसी जमीनों को सरकार ने अपने पास रखा, जिसे नजूल जमीन कहा गया। आजादी के बाद इस नजूल जमीन पर यदि कोई रह रहा था तो उससे सरकार ने किराया वसूलना शुरू किया और उस जमीन को लंबे समय के लिए लीज पर देना शुरू कर दिया। इसके बावजूद ऐसी कई नजूल जमीनें हैं जिन पर लोग अवैध कब्जा कर रह रहे हैं, परंतु जैसी ही उत्तर प्रदेश में नजूल संपत्ति अधिनियम पेश हुआ, तो सरकार ने इस बात को स्पष्ट कर दिया कि जिस–जिस नजूल जमीन पर लोग गैरकानूनी ढंग से रह रहे हैं या जिन नजूल जमीनों की लीज का किराया सरकार को नहीं दिया जा रहा, उस नजूल जमीन को उत्तर प्रदेश की सरकार वापस ले लेगी और इस भूमि को सरकारी विकास कार्य के लिए इस्तेमाल किया जाएगा। योगी जी द्वारा उठाया गया ये कदम सही था, परंतु विपक्ष को इस बात पर शक है कि विकास कार्य के नाम पर कहीं प्रदेश की लाखों करोड़ की हजारों एकड़ जमीन को अपने खास चुनिंदा लोगों के बीच बांट दिया जाएगा। इतना ही नहीं भाजपा के विधायक भी इस अधिनियम के विरोध में उतर आए हैं। उनका कहना है कि प्रदेश में ऐसी कई जमीनें हैं जिन पर शागिर्द–पेशा वाले परिवार रह रहे हैं, जो सदियों से वहां रह रहे हैं, परंतु उनके पास कोई भी प्रमाण नहीं है। ऐसे में उनका क्या होगा? कई भाजपा विधायकों का तो यह भी कहना है कि एक तरफ तो प्रधानमंत्री आवास योजना से बेघर लोगों को घर दिए जा रहे हैं और वहीं दूसरी ओर जो गरीब दशकों से यहां रह रहे हैं उन्हें बेघर किया जा रहा है। तो भला ऐसे बिल का क्या औचित्य? जैसे ही इस अधिनियम पर राजनीति तेज हुई विपक्ष भी खुलकर सामने आया। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष, अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया पर इसका विरोध जताते हुए लिखा, नजूल लैंड का मामला पूरी तरह से घर उजाड़ने का फैसला है क्योंकि बुलडोजर हर घर पर नहीं चल सकता है। जनता को दुख देने में भाजपा अपनी खुशी मानती है। जब से भाजपा आई है, तब से जनता रोज़ी–रोटी–रोजगार के लिए भटक रही है, और अब भाजपाई मकान भी छीनना चाहते हैं। क्या भू–माफियाओं के लिए भाजपा जनता को बेघर कर देगी? अगर भाजपा को लगता है कि उनका ये फैसला सही है तो हम डंके की चोट पर कहते हैं, अगर हिम्मत है तो इसे पूरे देश में लागू करके दिखाएं क्योंकि नजूल लैंड केवल यूपी में ही नहीं पूरे देश में है।

## देश में सत्ता परिवर्तन

प्रह्लाद सबनानी

किसी भी देश में सत्ता का व्यवहार उस देश के समाज की इच्छा के अनुरूप ही होने के प्रयास होते रहे हैं। जब–जब सत्ता द्वारा समाज की इच्छा के विपरीत निर्णय लिए गए हैं अथवा समाज के विचारों का आदर सत्ता द्वारा नहीं किया गया है तब–तब उस देश में सत्ता परिवर्तन होता दिखाई दिया है। लोकतंत्र में तो सत्ता की स्थापना समाज द्वारा ही की जाती रही है। साथ ही, किसी भी देश की आर्थिक प्रगति के लिए देश में शांति बनाए रखना सबसे पहली आवश्यकता मानी जाती है। समाज में विभिन्न मत पंथ मानने वाले नागरिक आपस में सामंजस्य स्थापित नहीं कर पाएंगे तो शांति किस प्रकार स्थापित की जा सकेगी। भारत पिछले लगभग 2000 वर्षों के खंडकाल में से अधिकतम समय (लगभग 250 वर्षों के खंडकाल को छोड़कर) पूरे विश्व में आर्थिक ताकत के रूप में अपना स्थान बनाने में सफल रहा और इसे सोने की चिड़िया कहा जाता रहा। 712 ईस्वी में भारत पर हुए आक्रांताओं के आक्रमण के बाद भी भारत की आर्थिक प्रगति पर कोई बहुत फर्क नहीं पड़ा था परंतु 1750 ईस्वीं में अंग्रेजों (ईस्ट इंडिया कंपनी के रूप में) के भारत में आने के बाद से भारत की आर्थिक प्रगति को जैसे ग्रहण ही लग गया था। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों ने न केवल भारत को जमकर लूटा, बल्कि भारत की संस्कृति पर भी गहरी चोट की थी और भारत के नागरिक जैसे अपनी जड़ों से कटकर रहने लगे थे। आक्रांताओं एवं अंग्रेजों के पूर्व भी भारत पर आक्रमण हुए थे, शक, हूण, कुषाण आदि ने भी भारत पर आक्रमण किया था परंतु लगभग 250/300 वर्षों तक भारत पर शासन करने के उपरांत उन्होंने अपने आपको भारतीय सनातन संस्कृति में ही समाहित कर लिया था। इसके ठीक विपरीत आक्रांताओं एवं अंग्रेजों का भारत पर आक्रमण का उद्देश्य भारत की लूटखसोट करने के साथ ही अपने धर्म एवं संस्कृति का प्रचार प्रसार करना भी था। आक्रांताओं ने जोरजबरदस्ती एवं मारकाट मचाकर भारत के मूल नागरिकों का धर्म परिवर्तन कर मुसलमान बनाया तो अंग्रेजों ने लालच का सहारा लेकर एवं दबाव बनाकर भारतीय नागरिकों को ईसाई बनाया। कुछ विदेशी ताकतों द्वारा भारत में आज पुनः इस प्रकार के प्रयास किए जा रहे हैं कि हिन्दू समाज को किस प्रकार आपस में लड़ाकर छिन्न–भिन्न किया जाए। ऐसा विमर्श खड़ा करने का प्रयास हो रहा हैं कि देश में हिन्दू हैं ही नहीं, बल्कि सिख हैं, दलित हैं, राजपूत हैं, जैन हैं आदि–आदि। जातियों के आधार पर जन गणना की मांग की जा रही है ताकि समस्त सुविधाओं को हिन्दू समाज की विभिन्न जातियों की जनसंख्या के आधार पर वितरित किया जा सके जिससे अंततः देश में विभिन्न जातियों के बीच झगड़े पैदा हों और इस प्रकार भारत को पुनः गुलाम बनाए जाने में आसानी हो सके। विदेशी ताकतों द्वारा आज भारत के एकात्म समाज को टूटा–फूटा समाज बनाए जाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

एक बार पुनः भारत ऐसे खंडकाल में प्रवेश करता दिखाई दे रहा है जिसमें आर्थिक क्षेत्र में भारत की तूती पूरे विश्व में बोलती दिखाई देगी। ऐसे में कुछ देशों द्वारा भारत की आर्थिक प्रगति के सामने बाधाएं खड़ी किए जाने के प्रयास हो रहे हैं। देश में निवासरत 80 प्रतिशत आबादी हिन्दू सनातन संस्कृति की अनुयायी है एवं हिन्दू समाज में व्याप्त समस्त जातियों, मत, पंथों को मानने वाले नागरिकों में त्याग, तपस्या, देशप्रेम का भाव, स्व–समर्पण का भाव कूट–कूट कर भरा है। कहा भी जाता है कि हिन्दू जीवन दर्शन ही पूरे विश्व में शांति स्थापित करने में मददगार बन सकता है। भारतीय जीवन प्रणाली अपने आप में सर्व समावेशक है। हिन्दू सनातन धर्म का अनुपालन करने वाले नागरिक पशु, पक्षी, वनस्पति, पहाड़, नदियों आदि में भी ईश तत्त्व का वास मानते हैं, और उनकी पूजा भी करते हैं। हिन्दू संस्कारों में पला–बढ़ा नागरिक सहिष्णु होता है। इसी के चलते कहा जा रहा है कि कई देशों में बढ़ रही हिंसा को नियंत्रित करने में हिन्दू सनातन संस्कृति के अनुयायी ही सहायक हो सकते हैं। और फिर, हिन्दू जीवन दर्शन का अंतिम ध्येय तो मोक्ष को प्राप्त करना है। इस अंतिम लक्ष्य को प्राप्त करने के उद्देश्य से भी हिंदू सनातन संस्कृति के अनुयायी कोई भी काम आत्मविचार, मनन एवं चिंतन करने के उपरांत ही करता है। इस प्रकार, इनसे किसी भी जीव को दुखाने वाला कोई गलत काम हो ही नहीं सकता। कई देशों के बीच कई प्रकार की समस्याएं व्याप्त हैं, वे आपस में लड़ रहे हैं, अपने नागरिकों को खो रहे हैं। यूक्रेन–रूस के बीच युद्ध एवं हमास– इस्त्रइल युद्ध इसके प्रत्यक्ष उदाहरण हैं। बांग्लादेश में अशांति व्याप्त हो गई है। इसी प्रकार ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, अमेरिका जैसे शांतिप्रिय देश भी आज विभिन्न प्रकार की समस्याओं से ग्रसित होते दिखाई दे रहे हैं। इसलिए शांति स्थापित करने एवं आर्थिक विकास को गतिशील बनाए रखने के उद्देश्य से आज हिन्दू सनातन संस्कृति के संस्कारों को आज पूरे विश्व में फैलाने की महती आवश्यकता है।

# हिंसक षडयंत्र से आयोग को रहना होगा बेहद सतर्क

**आंकडों के आइने पर नजर डालें तो सन 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में कुल 111 सीटें थी जिनमें से 24 सीटें पाक अधिकृत जम्मू-कश्मीर के लिए आरक्षित रहीं थी जहां चुनाव नहीं हुए, शेष 87 पर चुनाव हुआ था। इन 87 सीटों में लद्दाख की 4 सीटें भी शामिल थीं। तब पीडीपी को 28 सीटें मिलीं थी जिसने बहुमत हेतु भाजपा की 25 सीटों के साथ गठबंधन किया और सरकार बनाई। यह सरकार लगभग 18 माह ही चल सकी। दौनों राजनैतिक दलों की नीतिगत साझेदारी टूटते ही जून 2018 में राष्ट्रपति शासन लागू हो गया। अगले वर्ष 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 हटाने के बाद जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को अलग-अलग हिस्सों में विभक्त करके उन्हें केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया गया। जम्मू-कश्मीर में विधानसभा बनी लेकिन लद्दाख में नहीं बनी। इसी क्रम में परिसीमन आयोग ने 5 मई 2022 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें जम्मू-कश्मीर की 107 सीटों को बढाकर 114 कर दिया गया। नये परिसीमन में जम्मू के खाते में 43 सीटें तथा कश्मीर के खाते में 47 सीटें आईं हैं। इस बार यहां पर भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, पीडीपी तथा नेशनल कांफ्रेंस के साथ-साथ जम्मू रिपब्लिक पार्टी, जम्मू कश्मीर पिपुल मूमेन्ट, सीपीआई, सीपीआई(एम) सहित एक दर्जन राजनैतिक दल अपने प्रत्याशी मैदान में उतार सकते हैं। वर्तमान में हिन्दू बाहुल्य जम्मू में भाजपा और कांग्रेस अपने वर्चस्व को बढाने में लगी है जबकि मुस्लिम बाहुल्य कश्मीर में पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस में रस्साकशी चल रही है। ज्ञातव्य है कि तब मार्च 2024 को लोकसभा चुनावों की घोषणा के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने स्पष्ट किया था कि जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने सुरक्षात्मक कारकों को रेखांकित करते हुए दौनों चुनावों को एक साथ कराने से मनाकर दिया है। इसी श्रंखला में यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि देश के उच्चतम न्यायालय की 5 न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने दिसम्बर 2023 में आर्टिकल 370 पर फैसला सुनाते हुए कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारतीय संविधान के सभी प्राविधान वहां लागू हो सकते हैं।**



डॉ. रवीन्द्र अरजरिया

देश के दो राज्यों में चुनावों का बिगुल फूंका जा चुका है। जम्मू–कश्मीर राज्य में निर्वाचन की घोषणा के साथ ही अतीत की यादें ताजा हो जातीं है जब सेना के जवान मतपेटियों के साथ अपने गन्तव्य की ओर प्रस्थान करते थे तब सीमापार के षड़यंत्र को अमली जामा पहनाने वाले मीरजाफरों की फौज ने अपने खास सिपाहसालारों की दम पर न केवल पथराव कराया था बल्कि बेखौफ झूमाझटकी भी करने का दुस्साहस भी किया था। सेना के अधिकारी व्दारा स्वयं की सुरक्षा तथा राष्ट्रीय सम्पत्ति के संरक्षण हेतु जब एक आतंकी को जीप में बांधकर सुनियोजित भीड से निकलने का प्रयास किया तब उसे सरकारी डंडे व्दारा लहूलुहान करने की कोशिशें की गईं। वह मंजर आज भी जम्मू–कश्मीर के तत्कालीन हालातों की दुःखद यादों को ताजा कर देता है। वहां दस वर्षो बाद हुए चुनावी ऐलान में पूरी तस्वीर बदली हुई है। अब विशेष राज्य का दर्जा देने वाला आर्टिकल 370 हट चुका है, लद्दाख को अलग करके जम्मू–कश्मीर को केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया गया है। नवीन परिसीमन के बाद 7 सीटें बढ चुकीं हैं। आंकडों के आइने पर नजर डालें तो सन 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में कुल 111 सीटें थी जिनमें से 24 सीटें पाक अधिकृत जम्मू–कश्मीर के लिए आरक्षित रहीं थी जहां चुनाव नहीं हुए, शेष 87 पर चुनाव हुआ था। इन 87 सीटों में लद्दाख की 4 सीटें भी शामिल थीं। तब पीडीपी को 28 सीटें मिलीं थी जिसने बहुमत हेतु भाजपा की 25 सीटों के साथ गठबंधन किया और सरकार बनाई। यह सरकार लगभग 18 माह ही चल सकी। दौनों राजनैतिक दलों की नीतिगत साझेदारी टूटते ही जून 2018 में राष्ट्रपति शासन लागू हो गया। अगले वर्ष 5 अगस्त 2019 को आर्टिकल 370 हटाने के बाद जम्मू–कश्मीर और लद्दाख को अलग–अलग हिस्सों में विभक्त करके उन्हें केन्द्र शासित प्रदेश बना दिया गया। जम्मू–कश्मीर में विधानसभा बनी लेकिन लद्दाख में नहीं बनी। इसी क्रम में परिसीमन आयोग ने 5 मई 2022 को अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की जिसमें जम्मू–कश्मीर की 107 सीटों को बढाकर 114 कर दिया गया। नये परिसीमन में जम्मू के खाते में 43 सीटें तथा कश्मीर के खाते में 47 सीटें आईं हैं। इस बार यहां पर भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, पीडीपी तथा नेशनल कांफ्रेंस के साथ–साथ जम्मू रिपब्लिक पार्टी, जम्मू कश्मीर पिपुल मूमेन्ट, सीपीआई, सीपीआई(एम) सहित एक दर्जन राजनैतिक दल अपने प्रत्याशी मैदान में उतार सकते हैं। वर्तमान में हिन्दू बाहुल्य जम्मू में भाजपा और कांग्रेस अपने वर्चस्व को बढाने में लगी है जबकि मुस्लिम बाहुल्य कश्मीर में पीडीपी और नेशनल कांफ्रेंस में रस्साकशी चल रही है। ज्ञातव्य है कि तब मार्च 2024 को लोकसभा चुनावों की घोषणा के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने स्पष्ट किया था कि जम्मू–कश्मीर प्रशासन ने सुरक्षात्मक कारकों को रेखांकित करते हुए दौनों चुनावों को एक साथ कराने से मनाकर दिया है। इसी श्रंखला में यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि देश के उच्चतम न्यायालय की 5 न्यायाधीशों वाली संविधान पीठ ने दिसम्बर 2023 में आर्टिकल 370 पर फैसला सुनाते हुए कहा था कि संविधान के अनुच्छेद 1 और 370 से स्पष्ट है कि जम्मू और कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। भारतीय संविधान के सभी प्राविधान वहां लागू हो सकते हैं। इसके साथ ही उच्चतम न्यायालय की उक्त पीठ ने 30 सितम्बर 2024 तक विधानसभा चुनाव कराने के आदेश भी दिये थे जिसके तहत विगत शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने अपने सहयोगी ज्ञानेश कुमार तथा डा. सुखवीर सिंह संधू की मौजूदगी में जम्मू–कश्मीर सहित हरियाणा विधानसभा के चुनावों की भी घोषणा कर दी। जम्मू–कश्मीर की 90 विधानसभा सीटों पर तीन चरणों में तथा हरियाणा की भी 90 सीटों पर एक चरण में मतदान होगा जबकि दौनों राज्यों के परिणामों की घोषणा 4 अक्टूबर को एक साथ की जायेगी। जम्मू–कश्मीर में 18 सितम्बर को 24 सीटों पर, 25 अक्टूबर को 26 सीटों पर तथा 1 अक्टूबर को 40 सीटों पर मतदान होगा जबकि हरियाणा की सभी 90 सीटों पर 1 अक्टूबर को ही मतदान होगा। हरियाणा के राजनैतिक परिदृश्य में रेखांकित करने योग्य आधारभूत बदलाव नहीं आये हैं। यहां पर भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, जननायक जनता पार्टी, इंडियन नेशनल लोकदल, जजपा, आम आदमी पार्टी सहित अन्य दल भी अपनी किस्मत आजमाने हेतु प्रत्याशियों को मैदान में उतारने की तैयारी में हैं। लोकसभा चुनावों के जनादेश को देखते हुए आईएनडीआईए गठबंधन बेहद उत्साहित है जबकि एनडीए अपने खोयी हुई लोकप्रियता को वापिस लाने के लिए जी–तोड कोशिश कर रहा है। हरियाणा के चुनावों को प्रभावित करने के लिए पंजाब की सत्ताधारी आम आदमी पार्टी पूरी तरह जुट गई है। खालिस्तान समर्थकों की एक बडी जमात सक्रिय हो चुकी है जो किसानों के वेष में नये पैतरे आजमाने हेतु अपने सीमापार के आकाओं के संकेत की प्रतीक्षा में है। पंजाब से ऐसा ही प्रयास हिमाचल के चुनावों में किया गया था जब दो राज्यों के मध्य अधिकारों की जंग छिड गई थी। दौनों राज्यों के चुनावी काल में पाकिस्तान के रास्ते चीनी और अमेरिकी साजिशें देश के भितरघातियों के माध्यम से अपने करतब दिखाने की पूरी कोशिश करेंगी। जम्मू–कश्मीर में पाकिस्तानी कमांडोज का आतंकियों के लबादे में हमले करना, बंगाल के रास्ते रोहिंग्याओं सहित घुसपैठियों की आपराधिक हरकतें करना, लोकसभा–राज्यसभा में विपक्ष व्दारा अशोभनीय कृत्य करना, खालिस्तान समर्थकों का क्षेत्र में आतंक फैलाना आदि कुछ ऐसे कारक हैं जिनके आधार पर यह कहना अतिशयोक्ति न होगा कि चुनाव काल में आयोग को रहना होगा बेहद सतर्क अन्यथा अप्रिय घटनाओं के लिए कमर कसकर बैठे भितरघातिये अपने आकाओं व्दारा निर्धारित किये गये हिंसक षडयंत्र को मूर्तरूप देने से नहीं चूकेंगे। इस बार बस इतना ही। अगले सप्ताह एक नई आहट के साथ फिर मुलाकात होगी।

# भारतवंशी बनेगी अमेरिका की पहली महिला राष्ट्रपति?

सनत जैन



पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का उन्हें समर्थन प्राप्त है। हिलेरी क्लिंटन का भी समर्थन प्राप्त हो रहा है। जिसके कारण उनकी स्थिति राष्ट्रपति पद के चुनाव में बहुत मजबूत है। अमेरिकी नागरिक उन्हें चुनाव लड़ने के लिए भारी चंदा दे रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का चुनाव कमला के मुकाबले में लड़ रहे हैं। वर्तमान राष्ट्रपति जो वाइडेन से शुरूआती दौर में ट्रम्प ने बढ़त बना ली थी।

अमेरिका में एक नया इतिहास बनने जा रहा है। अमेरिका की पहली राष्ट्रपति भारतवंशी कमला हैरिस की संभावना अब बलवती हो गई हैं। अमेरिका में जो नया इतिहास बनेगा, उसमें भारत का बहुत बड़ा योगदान होगा। भारतीय मूल की कमला हैरिस की राष्ट्रपति पद के चुनाव में लोकप्रियता बड़ी तेजी के साथ बढ़ रही है। अमेरिका के प्रत्येक राज्य में कमला हैरिस को बड़ा जन–समर्थन मिल रहा है। पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा और उनकी पत्नी मिशेल ओबामा का उन्हें समर्थन प्राप्त है। हिलेरी क्लिंटन का भी समर्थन प्राप्त हो रहा है। जिसके कारण उनकी स्थिति राष्ट्रपति पद के चुनाव में बहुत मजबूत है। अमेरिकी नागरिक उन्हें चुनाव लड़ने के लिए भारी चंदा दे रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, रिपब्लिकन पार्टी की ओर से राष्ट्रपति पद का चुनाव कमला के मुकाबले में लड़ रहे हैं। वर्तमान राष्ट्रपति जो वाइडेन से शुरूआती दौर में ट्रम्प ने बढ़त बना ली थी। राष्ट्रपति जो वाइडेन के चुनाव मैदान से हटने के बाद उन्होंने अपना उत्तराधिकारी कमला हैरिस को बनाया। उसके बाद से अमेरिका के राष्ट्रपति चुनाव का सारा रंग–ढंग बदल गया। ट्रम्प चुनाव प्रचार अभियान में लगातार पीछे होते जा रहे हैं। कमला हैरिस चुनाव प्रचार के दौरान लगातार बढ़त ले रही हैं। भारतवंशी कमला हैरिस और पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की एबीसी चैनल पर 10 सितंबर को पहली प्रेसिडेंशियल डिबेट होने जा रही है। इस डिबेट के पहले ही डोनाल्ड ट्रंप काफी नर्वस नजर आ रहे हैं। भारतीय मूल की हिंदू महिला तुलसी गबार्ड को अपने निवास स्थान पर बुलाकर डिबेट के लिए ट्रम्प उनसे प्रशिक्षण ले रहे हैं। अमेरिका में तुलसी गबार्ड अपने आप को अमेरिका का पहला हिंदू सांसद बताती हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सांसद तुलसी से प्रभावशाली भाषण कला और अमेरिका चुनाव के मुद्दे को लेकर डिबेट की तैयारी कर रहे हैं। भारतीय मूल के मतदाताओं का उन्हें समर्थन प्राप्त हो, इसके लिए उन्हें तुलसी का समर्थन चुनाव में सहायता करेगा। 2020 के राष्ट्रपति पद के चुनाव में ट्रम्प के पक्ष में भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अबकी बार ट्रम्प सरकार के नारे लगाये थे। किन्तु ट्रम्प 2020 का चुनाव मोदी का समर्थन मिलने के बाद भी हार गये थे। 10 सितंबर को एबीसी चैनल पर कमला हैरिस का मुकाबले के लिये ट्रम्प बड़ी तैयारी कर रहे हैं। 2020 के चुनाव में तुलसी गबार्ड ने बहस करते हुए प्रभावशाली प्रदर्शन किया था। तुलसी ने एक प्रॉसिक्यूटर के रूप पर कमला हैरिस के कामकाज पर तीखा हमला किया था। बहरहाल जिस तरह से अमेरिका के सभी राज्यों के नागरिकों का झुकाव कमला हैरिस की तरफ स्पष्ट रूप से दिखने लगा है। उससे उनके जीत की संभावनाएं काफी बढ़ गई हैं। अमेरिका मैं अभी तक कोई महिला राष्ट्रपति नहीं बनी है। कमला हैरिस जिस तरीके से अपनी बढ़त बना रही हैं। उससे यह स्पष्ट होता जा रहा है। अमेरिका में पहली महिला राष्ट्रपति के रूप में कमला हैरिस मतदाताओं में पसंद की जा रही हैं। अमेरिका की राष्ट्रपति कमला हैरिस चुनी जाती हैं। उनका भारतीय मूल का होना, भारत के लिए गौरव की बात होगी। उल्लेखनीय है, कमला हैरिस अपने ननिहाल, तमिलनाडु आती रही हैं। वह भारत के लगातार संपर्क में रहती हैं। भारतीय संस्कृति का उन पर प्रभाव है। अमेरिका के उपराष्ट्रपति के रूप में कमला हैरिस ने अमेरिका में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। हिलेरी क्लिंटन ने 2016 में अमेरिकी राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ा था। उस समय वह चुनाव में पराजित हो गई थी। कमला हैरिस दूसरी महिला हैं, जो अमेरिका में राष्ट्रपति पद का चुनाव लड़ रही हैं। 2016 में हिलेरी क्लिंटन, राष्ट्रपति पद का चुनाव डोनाल्ड ट्रंप से पराजित हुई थी। अब डोनाल्ड ट्रंप का मुकाबला कमला हैरिस से है। जो उन्हें कड़ी चुनौती देती हुई नजर आ रही हैं। डोनाल्ड ट्रंप 2016 का राष्ट्रपति चुनाव एक महिला से जीते थे। लेकिन अब स्थितियां पूरी तरह से बदल चुकी हैं। डोनाल्ड ट्रंप इस बार बहुत सारे विवादों और आपराधिक मामलों से घिरे हुए हैं। जिसके कारण चुनाव के दौरान ही उनकी स्थिति काफी कमजोर है।

# भाई-बहन का त्यौहार - रक्षा बंधन

श्रीमती प्राची जुवेकर




रक्षाबंधन अर्थात राखी का त्यौहार । यह भाई–बहन का त्यौहार है । रक्षाबंधन का त्यौहार श्रावण पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है । इस दिन बहन अपने भाई को प्रेम के प्रतीक के रूप में राखी बांधती है । इसलिए इस दिन को राखी पूर्णिमा भी कहा जाता है । राखी बांधने का उद्देश्य होता है, ह्यभाई का उत्कर्ष हो और भाई समय पर बहन की रक्षा करे ह्न राखी बांधने पर भाई अपनी बहन को उपहार देकर आशीर्वाद देता है । सहस्रों वर्षों से चले आ रहे इस रक्षाबंधन त्यौहार का इतिहास, शास्त्र, रक्षा बंधन मनाने की पद्धति और इस त्यौहार का महत्त्व आगे इस लेख में दिया गया है ।

रक्षाबंधन का त्यौहार भाई–बहन में प्रेम की वृद्धि करने के साथ ही साथ उनमें लेन–देन का हिसाब अल्प करने में भी सहायता करता है । वैसे ही अन्य त्यौहारों का भी शास्त्र समझकर मनाने से हमें अधिक लाभ होता है ।

इतिहास – 1. पाताल के बलिराजा के हाथ पर राखी बांधकर, लक्ष्मी ने उन्हें अपना भाई बनाया एवं नारायण को मुक्त करवाया । वह दिन था श्रावण पूर्णिमा ।

2. बारह वर्ष इंद्र और दैत्यों में युद्ध चला । हमारे 12 वर्ष अर्थात उनके 12 दिन । इंद्र थक गए थे और दैत्य भारी पड रहे थे । इंद्र इस युद्ध में स्वयं के प्राण बचाकर भाग जाने की स्थिति में थे । इंद्र की यह व्यथा सुनकर इंद्राणी गुरु की शरण में पहुंची । गुरु बृहस्पति ध्यान लगाकर इंद्राणी से बोले, ह्यह्ययदि तुम अपने पतिव्रता बल का उपयोग कर यह संकल्प करो कि मेरे पतिदेव सुरक्षित रहें और इंद्र की दांयी कलाई पर एक धागा बांधो, तो इंद्र युद्ध में विजयी होंगे । अंतः ऐसा करने पर इंद्र विजयी हुए और इंद्राणी का संकल्प साकार हो गया ।

येन बद्धो बली राजा दानवेन्द्रो महाबलः ।

तेन त्वाम अभिबध्नामि रक्षे मा चल मा चल ।।

अर्थ : ह्यजो बारीक रक्षासूत्र महाशक्तिशाली असुरराज बलि को बांधा गया था, वही मैं आपको बांध रही हूं । यह धागा न टूटे और सदैव आपकी रक्षा हो ।

3. भविष्यपुराण में बताए अनुसार रक्षाबंधन मूलतः राजाओं के लिए था। अब यह त्यौहार सभी लोग मनाते हैं ।

राखी बांधने का शास्त्र – भाई ह्न बहन के बीच का लेन–देन घटता है। बहन एवं भाई का एक–दूसरे के साथ साधारणतः 30 प्रतिशत लेन–देन का हिसाब होता है । यह लेन–देन का हिसाब राखी पूर्णिमा जैसे त्यौहारों के माध्यम से घटता है अर्थात वह स्थूल से एक–दूसरे के बंधन में अटकते हैं; परंतु सूक्ष्म–रूप से आपसी लेन–देन के हिसाब को समाप्त करते हैं ।

भावनिक दृष्टिकोण : भाई बहन के निर्मल प्रेम से काम क्रोध को निष्प्रभावी करना। रक्षाबंधन यह विकारों में अटकनेवाले युवा–युवतियों के लिए एक व्रत है । भाई को राखी बांधने से अधिक महत्त्वपूर्ण है किसी युवती / स्त्री द्वारा किसी युवक / पुरुष को राखी बांधना । इससे विशेषतः युवकों एवं पुरुषों का युवती अथवा स्त्री की ओर देखने का

दृष्टिकोण परिवर्तित होने में सहायता होती है।

चावल (कच्चे) के कणों का समुच्चय राखी के रूप में रेशमी धागे से बांधने की पद्धति क्यों है ? – ह्यचावल सर्वसमावेशकता का प्रतीक है । अर्थात वह सभी को अपने में समा लेनेवाले तथा सर्व तरंगों का उत्तम आदान–प्रदान करने वाला है । चावल का समुच्चय श्वेत वस्त्र में बांधकर वह रेशम मे धागे से शिवरूपी जीव के दाएं हाथ पर बांधना अर्थात एक प्रकार से सात्त्विक रेशमी बंधन बांधना । रेशमी धागा सात्त्विक तरंगों की गति वहन करने में अग्रणी है । कृति के स्तर पर प्रत्यक्ष कर्म होने हेतु यह रेशमी बंधन प्रत्यक्ष बनाया जाता है । राखी बांधने वाले जीव में विद्यमान शक्ति तरंगें चावल के माध्यम से शिवरूपी जीव की ओर संक्रमित होने से उसकी सूर्यनाडी कार्यरत होती है तथा उसमें विद्यमान शिवतत्त्व जागृत होता है । चावल के कणों के माध्यम से शिव की क्रियाशक्ति कार्यरत होती है एवं वायुमंडल में कार्यतरंगों की गति भी प्रक्षेपित होती है, जिससे वायुमंडल के रज–तम कणों का विघटन होता है । इस प्रकार रक्षाबंधन का मूल उद्देश्य शिव और शक्ति के संयोग से इस दिन का लाभ प्राप्त करना है । यह मानवजाति की दृष्टि से अधिक इष्ट होता है ।

देवताओं के चित्र वाली राखियों का उपयोग न करें ! – वर्तमान स्थिति में हाट में अर्थात मार्केट में रक्षाबंधन के लिए विभिन्न प्रकारकी राखियां मिलती हैं । परंतु उनमें से अधिकांश राखियां दिखावटी होती हैं । वे सात्त्विक नहीं होतीं । दिखावटी राखी लेने की अपेक्षा, ऐसी राखी लेनी चाहिए जो सात्त्विक हो एवं जिसमें ईश्वरीय तत्त्व आकृष्ट करने की क्षमता हो । सात्त्विक राखी के कारण सत्त्वगुण में भी वृद्धि होती है ।

# आज दोपहर 1.30 बजे के बाद मनाया जायेगा रक्षाबंधन का पर्व

जितेन्द्र कुमार सिन्हा,

पटना। रक्षाबंधन भाई का बहन के प्रति प्यार का प्रतीक है। इस दिन बहन अपने भाइयों की कलाई में राखी बांध कर उनकी दीघार्यु रहने के लिए भगवान से प्रार्थना करती हैं, ताकि विपत्ति आने के दौरान वे उनकी (अपनी बहन की) रक्षा कर सकें। राखी बांधने के बदले में भाई, अपनी बहन की हर प्रकार के अहित से रक्षा करने का वचन देते हुए पारम्परिक उपहार देते हैं। रक्षाबंधन मुख्यतः उत्तर भारत में मनाया जाता है। भारत के अतिरिक्त दूसरे देशों में जैसे–नेपाल में भी भाई बहन के प्यार का प्रतीक मानकर खूब हर्षोल्लास से मनाया जाता है।

भविष्य पुराण के अनुसार, रक्षाबंधन मूलतः राजाओं के लिए था। इतिहासकाल से ही रक्षाबंधन की एक नई पद्यति आरम्भ हुई है कि रक्षाबंधन भाई और बहन के बीच होनी चाहिए ताकि भाई का उत्कर्ष हो और भाई, बहन का संरक्षन करे। रक्षाबंधन के दिन बहन भाई को रक्षा (राखी) बाँधते समय यह प्रार्थना करती है कि महाबली एवं दानवेंद्र बलि राजा जिससे बद्ध हुआ था, उस रक्षा से मैं तुम्हें भी बाँधती हूँ। हे, रक्षा, तुम अडिग रहना। संस्कृत में इसे कहते हैं –

ह्लयेन बद्धो बलि राजा दानवेन्द्रो महाबलः।

तेन त्वामपि बध्नामि रक्ष मा चल मा चल।।

प्राचीन काल में अक्षत यानि चावल के कुछ दाने को श्वेत वस्त्र में लपेटकर रेशमी धागे से बांध कर रक्षा (राखी) के रूप में बांधे जाते थे। ऐसे भी रक्षा (राखी) सात्विक होना चाहिए और जिसमें ईश्वरीय तत्व आकृष्ट करने की क्षमता होनी चाहिए। क्योंकि सात्विक होने से सत्वगुण की वृद्धि होती है। इसलिए कहा गया है कि रक्षा (राखी) बाँधते समय बहन की मनोधारणा होनी



चाहिए कि भाई में विद्यमान ईश्वर को रक्षा (राखी) बांध रही हूं, ऐसी धारणा रखने से रक्षा (राखी) में भक्तिभाव का वलय बन जाता है और भाई को शक्ति तत्व का लाभ होता है।

इतिहासकारों के अनुसार रक्षाबंधन की शुरूआत लगभग 6 हजार साल पहले बताई गई है। इसके कई साक्ष्य भी दर्ज हैं। रक्षाबंधन की शुरूआत की जिसमें सबसे पहला साक्ष्य रानी कर्णावती व सम्राट हुमायूँ की है। मध्यकालीन युग में राजपूत व मुस्लिमों के बीच संघर्ष चल रहा था। उस समय चित्तौड़ के राजा की विधवा रानी कर्णावती ने गुजरात के सुल्तान बहादुर शाह से अपनी और अपनी प्रजा की सुरक्षा का कोई रास्ता न निकलता देख हुमायूं को राखी भेजी थी, तब हुमायूं ने उनकी रक्षा कर उन्हें बहन का दर्जा दिया था। रक्षाबंधन का इतिहास पौराणिक कथाओं के अनुसार, शिशुपाल का वध करते समय श्रीकृष्ण की तर्जनी में चोट आ गई, तो द्रौपदी ने लहू रोकने के लिए अपनी साड़ी फाड़कर उनकी उंगली पर बांध दी थी, इस दिन श्रावण मास की पूर्णिमा का दिन था और श्रीकृष्ण ने उनकी रक्षा करने का वचन दिया था, जिसे श्रीकृष्ण ने महाभारत में पांडवों की पत्नी द्रौपदी की चीरहरण के समय उनकी लाज बचाकर यह कर्ज चुकाया था। इस प्रकार भाई–बहन का बंधन विकसित हुआ था। उसी समय से राखी बांधने का परम्परा शुरू हुआ। वर्तमान में रक्षाबंधन जीवन की प्रगति और मैत्री की ओर ले जाने वाली एकता का एक बड़ा पवित्र पर्व माना जाता है। रक्षा का अर्थ है बचाव, और मध्यकालीन भारत में जहां कुछ स्थानों पर, महिलाएं असुरक्षित महसूस करती थी, तो वे पुरूषों को अपना भाई मानते हुए उनकी कलाई पर राखी बांधती थी। इस प्रकार राखी भाई और बहन के बीच प्यार के बंधन को मजबूत बनाती है और भावनात्मक बंधन को पुनर्जीवित करती है।

धार्मिक स्तर पर रक्षाबंधन के दिन ब्राह्मण अपने पवित्र जनेऊ को बदलते हैं और एक बार पुनः धर्म ग्रंथों के अध्ययन के प्रति स्वयं को समर्पित करते हैं।

इस वर्ष ग्रह–गोचर ने भाई– बहन के रक्षाबंधन का समय बिगाड़ी है। लोगों के बीच यह संशय व्याप्त है कि रक्षाबंधन 19 अगस्त को कितने बजे से होगी। सर्वविदित है कि रक्षाबंधन श्रावणी पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है और इस वर्ष पूर्णिमा 18 अगस्त को रात 2 बजकर 22 मिनट से शुरू होकर 19 अगस्त को रात 12 बजकर 28 मिनट तक रहेगा।

विशेषज्ञों का माने तो समय में थोड़ा आगे पीछे हो सकता है, क्योंकि हर पञ्चांग में थोड़ा बहुत अंतर रहता है। लेकिन 19 अगस्त को दोपहर 01 बजकर 32 मिनट तक भद्रा रहेगा। भद्रा काल में रक्षाबंधन और होलिका दहन वर्जित है। इसे शुभ नहीं माना जाता है। मान्यता है कि भद्रा का असर स्वर्ग लोक में शुभ, पाताल लोक में धन और पृथ्वी लोक में मृत्यु होता है। इसलिए भद्रा काल में शुभ काम वर्जित होता है। इसलिए रक्षाबंधन इस वर्ष 19 अगस्त को मनाया जाना श्रेयस्कर और पुण्यकारी होगा। ज्योतिषाचार्य के अनुसार, राखी बाँधने का शुभ मुहर्त दोपहर 01.30 बजे से 09.08 मिनट तक है, जिसमें शाम 6.56 बजे से रात 09.8 बजे तक प्रदोष काल रहेगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार, 19 अगस्त, 2024



## संक्षिप्त खबरें

### भोरहा शिव मंदिर पर रुद्राभिषेक के लिए की गयी जलभरी



पानापुर(सारण)प्रखंड के भोरहां मठिया स्थित शिवमंदिर पर होनेवाले रुद्राभिषेक के लिए रविवार को जलभरी की गयी ।कलशयात्रा में शामिल होने के लिए भोरहा ,कोंध ,रामपुररुद्र आदि गांवों के सैकड़ों श्रद्धालु सुबह में ही शिवमंदिर पर एकत्रित हो गए थे ।रंग बिरंगे परिधानों में सजे श्रद्धालु शिवमंदिर से माथे पर कलश लिए गाजे बाजे के साथ सारंगपुर डाकबंगला घाट पहुँचे जहां पंडित राजेश ओझा द्वारा उद्घोषित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच जलभरी की गयी । आयोजनकताओं ने बताया कि आचार्य अखिलेश शर्मा ,मोनू बाबा एवं पंडित राजेश ओझा द्वारा रुद्राभिषेक कराया जाएगा। रुद्राभिषेक के बाद मंदिर प्रांगण में भंडारे का आयोजन किया गया है जहां भक्त प्रसाद ग्रहण करेंगे। कलशयात्रा में मुखिया कलावती देवी ,मुखिया प्रतिनिधि ललन महतो ,चंद्रप्रकाश पांडेय ,विपिन कुमार ,नंदू मिस्त्री ,जयप्रकाश पांडेय सहित अन्य शामिल थे।

### मदरसा में निःशुल्क मैडिकल कैंप का हुआ आयोजन

छपरा ' शहर के सरकारी मदरसा, मदरसा वारिसूल ओलूम नई बाजार में डॉ इशिका सिन्हा चाईल्ड स्पेशलिस्ट ने फ्री हेल्थ चेक अप शिविर का आयोजन किया ' जिसमें मदरसा के विद्यार्थियो सहित इस मुहल्ले के बच्चों का निःशुल्क इलाज एवं निःशुल्क दवा वितरण किया ' इस अवसर पर काफी संख्या में स्थानीय बच्चे हेल्थ कैंप में उपस्थित हुए, और इलाज पाकर लाभान्वित हुए ' इस अवसर पर मदरसा के प्राचार्य मो. इजहारुल हक ने डॉ इशिका मैडम का स्वागत किया और इस नेक कार्य के लिए प्रसंशा भी किया ' निःशुल्क मेडिकल हेल्थ कैंप में हाफिज शरीफ तथा शिक्षक आफताब अहमद ने शिविर में मदरसे के बच्चे एवं स्थानीय लोगों को इलाज के लिए अभिभावकों से सम्पर्क कर उन्हें प्रोत्साहित किया

### क्लब के सदस्यों ने किया पौधरोपण

छपरा कार्यालय। लायंस क्लब ऑफ छपरा ग्रेटर द्वारा शिशु पार्क में पौधारोपण कार्यक्रम किया गया जिसमें बहुत सारे पौधे लगाए गए पौधे जो लगाए गए हैं जिसकी देख-देख हमारे सभी लाइन सदस्य करेंगे लायंस क्लब छपरा ग्रेटर के क्लब एडमिनिस्ट्रेटर लायन एस जेड ए रिजवी ने बताया इस पौधा रोपण कार्यक्रम को लायंस क्लब छपरा ग्रेटर द्वारा प्रत्येक महीने अलग-अलग जगह पर करेगा इस कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रोग्राम अध्यक्ष चंदन शर्मा. क्लब उपाध्यक्ष राजेश कुमार उपाध्याय.संतोष कुमार सिंह सागर कुमार विशाल राय शेखर कुमार इस कार्यक्रम की जानकारी चंदन शर्मा ने दी

### रक्षाबंधन के अवसर पर भाइयों को उपहार में दें हेलमेट : एसपी

छपरा। जिले में बढ़ रहे सड़क दुर्घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक डा. कुमार आशीष ने रक्षाबंधन के अवसर पर सभी बहनों से अपने भाई को उपहार में हेलमेट देने की भावनात्मक अपील की है। यह अपील एक पोस्टर जारी कर की गई है, जिसमें सभी बहनों से अपने भाई को हेलमेट उपहार में देने के साथ ही नशा नहीं करने की शपथ लेने के सलाह दी गई है। एसपी ने कहा कि जिले में सड़क दुर्घटनाओं के कारण माह जनवरी 2024 से अबतक 269 व्यक्तियों की मृत्यु हो चुकी है एवं 169 व्यक्ति जख्मी हुए हैं। इन दुर्घटनाओं पर रोक लगाने के लिए हर संभव कोशिश की जा रही है। उन्होंने बाइक चलाने वालों से कहा कि वे हेलमेट का उपयोग अवश्य करें। नशापान से भी दूर रहें। इस अभियान को सफल बनाने के लिए एसपी ने बहनों से आगे आकर अपने-अपने भाई से इस रक्षाबंधन पर शारीरिक सुरक्षा से संबंधित वचन लेने की अपील की है। यह सुरक्षा तभी संभव है जब सभी भाई हेलमेट लगाकर ही बाइक चलाएंगे तथा नशापान से दूर रहेंगे। जारी पोस्टर में यह स्लोगन दिया गया है ह्यहेमलेट का उपहार दें और नशामुक्त बिहार बनाएं। सड़क सुरक्षा को लेकर एसपी के इस पोस्टर अभियान की तारीफ की जा रही है।

# जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक बेतिया ने सिपाही भर्ती परीक्षा केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

## सीटिंग प्लान, फ्रिस्किंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, वीडियोग्राफी, जैमर आदि का लिया जायजा

- जिले के कुल-18 परीक्षा केन्द्रों पर एकल पाली में स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त संचालित हुई परीक्षा



प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(प.च)। केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) विज्ञापन संख्या-01/2023 के अंतर्गत बिहार पुलिस में सिपाही पद की रिक्तियों पर चयन के लिये आयोजित लिखित परीक्षा आज जिलान्तर्गत कुल-18 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गई। इसके साथ ही यह परीक्षा दिनांक-21.08.2024, 25.08.2024 एवं 28.08.2024 को एकल पाली (12.00 बजे मध्याह्न से 02.00 बजे अपराह्न तक) में सम्पन्न होगी। जिलाधिकारी दिनेश कुमार राय एवं पुलिस अधीक्षक बेतिया अमरकेश डी द्वारा रविवार को परीक्षा केन्द्रों औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान गुलाब मेमोरियल कॉलेज, केआर उच्च विद्यालय अवस्थित परीक्षा केंद्र सहित अन्य परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया तथा प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी, केन्द्राधीक्षक एवं वीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। इस क्रम में सीटिंग प्लान, फ्रिस्किंग स्थल, सीसीटीवी कैमरा, जैमर, वीडियोग्राफी अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लिया गया। सभी परीक्षा केन्द्रों पर सभी व्यवस्थाएं दुरूस्त पायी गयी। परीक्षा का संचालन स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त पाया गया। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा परीक्षा कार्य में संलग्न सभी केन्द्राधीक्षकों, दंडाधिकारियों, पुलिस बल के जवानों आदि को केन्द्रीय चयन पर्षद (सिपाही भर्ती) द्वारा दिये गये दिशा-निदेर्शों का अशरक्षः अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि हर हाल में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा का संचालन किया जाय। कदाचार में शामिल छात्र-छात्राओं सहित अन्य व्यक्तियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाय। उनके विरूद्ध नियमानुकूल कार्रवाई की जाय। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक, बेतिया अमरकेश डी, अनुमंडल पदाधिकारी, बेतिया सदर विनोद कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारीनरजनीकांत प्रवीण, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा सुजीत कुमार सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

# बच्चों के कौतूहल और आकर्षण का केंद्र बनेगा चिल्ड्रन पार्क का सतरंगी फव्वारा : गरिमा

- औचक निरीक्षण के बाद बोलीं महापौर- शीघ्र पूरा कराएं चिल्ड्रन पार्क का सौंदर्यीकरण और सभी विस्तारित सुविधाओं का निर्माण
- अगले बाल दिवस पर नगर निगम अपने चिल्ड्रेन पार्क में निगम प्रशासन करेगा बाल मेले का आयोजन

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया(घनश्याम) ।बेतिया नगर निगम के वार्ड चार में अवस्थित उत्तरवारी पोखरा के पास चिल्ड्रन पार्क का सौंदर्यीकरण के साथ विस्तारित सुविधाओं का निर्माण कार्य का महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने औचक निरीक्षण किया। इस क्रम में उन्हें पूरे पार्क के लिए एक सरसेबुल बोरिंग पंप से संबद्ध पाइप से पानी की आपूर्ति के साथ आकर्षक स्वरूप में बने पांच डिजाइनर बेंच के निर्माण में बारीकियों के लिए साइट इंचार्ज अभियंता सुजय सुमन की प्रसंशा की। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उत्तरवारी पोखरा चिल्ड्रन पार्क में बना सतरंगी फव्वारा यहां आने वाले बच्चों के विशेष कौतूहल और आकर्षण का केंद्र बनेगा। महापौर श्रीमती सिकारिया ने चिल्ड्रन पार्क के सौंदर्यीकरण और आवश्यक सुविधाओं के विस्तार से संबंधित गार्ड रूम, टिकट घर और सौंदर्यीकरण के अन्य कार्यों के साथ पाथवे की रंगाई आदि का कार्य शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही महापौर ने बताया कि आगामी बाल दिवस पर उत्तरवारी पोखरा के इस चिल्ड्रेन पार्क में नगर निगम प्रशासन की ओर से सालाना ह्लबाल मेलाह्व का आयोजन करने पर सशक्त समिति या नगर निगम बोर्ड में भी विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि उत्तरवारी पोखरा के पश्चिमी तट पर निर्मित यह चिल्ड्रन पार्क जल्दी ही पूरे नगर निगम के साथ जिलाभर के बच्चों के आकर्षण का केंद्र बनेगा। श्रीमती सिकारिया ने मौके पर मौजूद कर्मचारियों, स्थानीय लोगों एवं उपस्थित सुदामा साह से पार्क की साफ सफाई में दिख रहीं कोताही पर नजर रखने का अनुरोध किया।

# जन सुराज के जिला कमेटी की घोषणा एवं जिला कार्यालय का उद्घाटन हेतु 20 अगस्त को जिला कन्वेंशन का होगा आयोजन

- सभी जन सुराजी अधिकाधिक संख्या में भाग लें - किरण देव यादव, जिला महासचिव, जसु

प्रात :किरण संवाददाता

खगड़िया। जन सुराज के जिला महासचिव किरण देव यादव ने बताया कि 20 अगस्त 2024 को 11:00 दिन से मंजू वाटिका मैरिज हॉल आवासवोर्ड खगड़िया में जिला कन्वेंशन का आयोजन किया जाएगा। श्री यादव ने कहा कि कन्वेंशन में जन सुराज के अशोक पासवान, महेंद्र साहू, इंद्रदेव साह, पीके मिश्रा, किशोर कुमार मुन्ना बतौर मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। श्री यादव ने कहा कि जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर के निर्देश पर उपरोक्त मुख्य अतिथि द्वारा जिला कमेटी की घोषणा की जाएगी। तथा जिला कार्यालय का उद्घाटन किया जाएगा। कन्वेंशन में जिला कार्यवाहक कमिटी के सभी गणमान्य जन सुराजी भाग लेंगे। श्री यादव ने जन सुराज से जुड़े सभी सक्रिय जन सुराजी से अधिकाधिक संख्या में भाग लेने का अपील किया। श्री यादव ने कहा कि जिला कन्वेंशन में सही लोग सही सोच सामूहिक प्रयास से सत्ता एवं व्यवस्था परिवर्तन की लड़ाई को तेज करने का संकल्प लिया जाएगा। एवं सामाजिक आर्थिक शैक्षणिक राजनीतिक बौद्धिक सांस्कृतिक रुप से हाशिए पर खड़े लोगों को राजनीतिक मुख्यधारा में जोड़ने एवं जन सुराज से जोड़कर जनता का सुंदर राज्य स्थापित करने के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा।

# फारूक अंसारी को सीआईडी के इंस्पेक्टर से डीएसपी पद पर प्रोन्नत होने पर किया सम्मानित



प्रात :किरण संवाददाता

माँझी। माँझी नगर पँचायत के जलाल बाबा रोड स्थित फूल मोहम्मद मार्केट के सभागार में रविवार को अंजुमन तर्रकीय उर्दू कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें माँझी प्रखंड के मटियार गाँव निवासी फारूक अंसारी को सीआईडी के इंस्पेक्टर से डीएसपी पद पर प्रोन्नत होने पर उन्हें अंग वस्त्र एवं बुके आदि प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मौजूद वक्ताओं ने उर्दू पर चर्चा करते हुए कहा कि कोई भी भाषा किसी एक जाति, समुदाय अथवा धर्म का नहीं होती। उर्दू बेहद मीठी भाषा है। इसके उपयोग से शब्दों एवं वाक्य में निखार आ जाता है। गजल,शेरो शायरी उर्दू के बिना अधूरा लगता है। वक्ताओं ने कहा कि आम बोलचाल में भी लोग उर्दू शब्दों का उपयोग करते हैं। लेकिन धीरे-धीरे इसका स्तर गिरते जा रहा है। कार्यक्रम में मौजूद गणमान्य लोगों को अंग वस्त्र एवं बुके देकर सम्मानित किया गया। समारोह को राजद के वरीय नेता सुधांशु रंजन,मन्नान खां, गुड्डू फौजी,ई सौरभ सन्नी,नजमुल्ला खान,परवेज आलम,जुबेर खान,नेहाल खान,एकराम खान,बशीर खान,तौकीर अहमद,संदीप कुमार तथा वार्ड पार्षद मो असलम आदि ने संबोधित किया। संचालन खुर्शीद नैय्यर एवं अध्यक्षता मोहम्मद नबी हसन द्वारा किया गया।

# पुलिस ने मवेशी चोर को किया गिरफ्तार

## एक कट्टा ,दो कारतूस तथा एक स्प्लेंडर बाइक जब्त

प्रात :किरण संवाददाता



नगरा ।थाना क्षेत्र के अफौर गांव में मवेशी चोरी की कोशिश को नगरा पुलिस ने नाकाम कर दिया है ।ग्रामीणों की सजगता और पुलिस की तत्परता से एक मवेशी चोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है,जबकि उसका एक साथी फरार हो गया ।प्राप्त जानकारी अनुसार उक्त चोर मवेशी चोरी करने के इरादे से अफौर गांव पहुंचे थे ।जहां बिजली कट करने के फिराक थे ,तभी ग्रामीणों को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने तुरंत हो - हल्ला मचाया और नगरा थाना पुलिस को सूचना दी ।सूचना मिलते ही नगरा थानाध्यक्ष विजय रंजन के नेतृत्व में जनार्दन प्रजापति तथा अन्य पुलिस टीम और गस्ती वाहन मौके पर पहुंची ।पुलिस को देखकर अपराधी भागने की कोशिश करने लगे लेकिन पुलिस ने छापेमारी कर उनमें से एक को धर दबोचा ।उक्त गिरफ्तार अपराधी की पहचान नगरा थाना क्षेत्र के विजेन्द्र नट उर्फ राजा नट के रूप में हुई है,जो कि कादीपुर बंगरा गांव कुमार नट का पुत्र बताया जाता है ।उक्त अपराधी के पास से नगरा पुलिस ने एक देशी कट्टा,दो जिंदा कारतूस और एक स्प्लेंडर बाइक बरामद की गई है ।वहीं बताया जा रहा है कि गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ पहले से नगरा थाना में तीन मामले दर्ज हैं ।वहीं इस संबंध में नगरा थानाध्यक्ष विजय कुमार रंजन ने बताया कि ग्रामीणों की सूझबूझ और तत्काल सूचना देने से पुलिस को चोर को पकड़ने में सफलता मिली ।उन्होंने यह भी कहा कि फरार चोर की तलाश जारी है और जल्द ही उसे भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा ।उक्त चोर पर नगरा थाना में भी विभिन्न कांड में तीन मामले में दर्ज है ,वहीं गिरफ्तार चोर को जेल भेज दिया गया है।

# स्मार्ट मीटर नहीं लगने पर बिजली विभाग के कर्मचारियों ने पूरे गांव का काटा लाइट



प्रात :किरण संवाददाता

एकमा प्रखंड के बिन्दलाल के रामपुर पंचायत के हरिजन बस्ती में स्मार्ट मीटर लगाने को लेकर ग्रामीणों उपभोक्ताओं ने विरोध किया तो बिजली विभाग के कर्मचारियों ने लगभग 100 घरों का लाइट काट दिया जिससे पूरा गाँव मे अंधेरा ब्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया की आज जो बिजली विभाग द्वारा लाइट काट कर पूरा गाँव अन्धेरा कर दिया गया है ।इससे तो अच्छा दिये लालटेन का समय था जिससे कम पैसे में गरीब परिवार का गुजारा चल जाता था हम लोग सरकार से यही माँग करते हैं कि बिजली काट दिये हैं तो हम गरीब परिवार को किरासन तेल उपलब्ध करा दे। जिससे हमारे घर मे अंधेरा तो नही रहेगा। उन्होंने कहा कि बिजली कटने के बाद बिजली विभाग के जेई को फोन किया गया तो जेई साहब फोन ही नहीं उठा रहे हैं जिसके चलते ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए बिजली विभाग ले खिलाफ हाय-हाय का नारा भी लगाया विद्धुत विभाग के कर्मचारियों ने तो जिसका नया मीटर लगा है उसका भी लाइट काट दिया ग्रामीणों ने इसकी शिकायत को लेकर विभाग के वरीय अधिकारियों फोन किया लेकिन विभाग के तरफ से कोई रिस्पांस नहीं आया तब ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन करना शुरू कर दिया एक तो गर्मी का समय है और कई घंटे तक लाइट गुल रहा जिसके चलते ग्रामीण परेशान है अपनी दुःख किससे कहे सरकार के तरफ से हरिजन परिवार के लोगों को कई प्रकार की लोक लुभावन संदेश सुनने को मिल रहे हैं मगर बिजली की इस मुसीबत को कोई अधिकारी पदाधिकारी सुनने वाला नही है। ग्रामीण त्रिभुवन राम,शैलेश राम, शैलेंद्र राम, कामेश्वर राम, सोनू राम,दिनेश राम, जोनिया देवी जानकी देवी, नीतू देवी, कलावती देवी, चंदा देवी, दरबारी राम, शांति देवी, सनी राम, ग्रामीण में विरोध प्रदर्शन किया

# दूसरी निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण चंपारण शतरंज अकादमी बेतिया में संपन्न

प्रात :किरण संवाददाता

बेतिया( घनश्याम ) ।चंपारण शतरंज अकादमी के द्वारा 18 अगस्त रविवार को चंपारण शतरंज अकादेमी के सभागार में निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण का शुरूवात आयोजित किया गया ।दूसरी निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण की शुरूआत रोटी बैंक बेतिया के अध्यक्ष संस्थापक अध्यक्ष संजू गिरी जी और उनके टीम के द्वारा शतरंज का चाल चलकर प्रशिक्षण की शुरूआत किया गया ! इस निःशुल्क शतरंज प्रशिक्षण की शुरूआत सुबह 9:00 से 11:00 बजे तक चला । उसके बाद सभी खिलाडियों अपने साथ मैच खेल कर अभ्यास किए ! निःशुल्क शतरंज सिखाने का कार्यक्रम अंतर्राष्ट्रीय रेटेड खिलाड़ी सह प्रशिक्षक शाहिद हुसैन के द्वारा किया जाएगा ! साथ ही खिलाड़ियों को बिहार राज्य , अंदर 11 शतरंज प्रतियोगिता जो पटना में 24 से 26 अगस्त तक और बिहार राज्य अंदर 13 शतरंज प्रतियोगिता जो 31 अगस्त से 2 सितंबर में कटिहार में हो रहा है उसके बारे में सभी खिलाड़ियों को बताया गया और एंट्री करने के बारे में बोला गया ! मौके पर मौजूद थे रोटी बैंक के विनीत कुमार चंपारण शतरंज अकादमी के निदेशक नवीन जायसवाल, सचिव रंजीत प्रसाद, बबलू सोनी, मुकेश कुमार, योगेंद्र त्रिवेदी, खेल प्रेमी आदि मौजूद थे।

# 4 घंटे से चल रहे अष्टयाम का रविवार को हुआ समापन, हजारों लोग हुए शामिल

प्रात :किरण संवाददाता



बगहा। वीटीआर जंगल के बीच प्रकृति की गोद मे विराजमान जटाशंकर मठ परिसर में थारू कल्याण महासंघ तपा राजपुर सोहरिया के सदस्यों के जन सहयोग से 24 घंटे का महा अष्टयाम का आयोजन किया गया ।जो रविवार के दोपहर विसर्जन हो गया ।बतादें की शनिवार के दोपहर शुरू हुए अष्टयाम का रविवार के दोपहर 2 बजे समापन हो गया ।अष्टयाम की शुरूआत 101 कन्याओं के द्वारा त्रिवेणी संगम से कलश जलबोझी कर पूरे वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच स्थापना कर की गई ।उसके बाद अखण्ड निर्बाध भजनकीर्तन 24 तक चलता रहा ।तपा राजपुरा सोहरिया संघ के अध्यक्ष महेश्वर काजी ने बताया कि जगत कल्याण व विश्व शांति निवारण के लिए हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी पूरे विधविधान के साथ महाष्टयाम का आयोजन किया गया। बतादें की 24 घंटे के आयोजन के दौरान हरनाटांड,सन्तपुर, सोहरिया, चम्पापुर,भेड़ियारी थारू टोला,दरुआबारी आदि गांवों व क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु इस अष्टयाम में शामिल हुए ।अष्टयाम के दौरान भंडारे का भी आयोजन किया गया था। इस आयोजन के सहयोग के लिए मठाधीश खाटू श्याम पूरी,महेश्वर काजी,मुखिया प्रतिनिधि रमेश महतो,लक्ष्मीनारायण महतो,पूर्व मुखिया पति राजलाल महतो,रविन्द्र प्रसाद,समाजसेवी केदारनाथ काजी,सुरेंद्र खतैइत,अमित सिंह,कमल दहित समेत अन्य कई लोगों ने पूर्ण सहयोग दिया।

# बगहा में एकलव्य निषाद समाज ने वीरांगना फूलन देवी का जयंती समारोह धूमधाम से मनाया

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। बगहा में एकलव्य निषाद समाज ने वीरांगना फूलन देवी की जयंती समारोह धूमधाम से मनाया । कार्यक्रम में जिला के विभिन्न इलाकों से निषाद समाज के हजारों पुरुष और महिलाओं ने शिरकत किया । जेडीयू एमएलसी भीष्म सहनी के नेतृत्व में आयोजित इस जयंती समारोह कार्यक्रम में लोगों की भारी भीड़ जुटी । बिहार के जदयू एमएलसी भीष्म सहनी ने कहा की वीरांगना फूलन देवी आयरन लेडी थीं और बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पिछड़ों अतिपिछड़ों समेत गरीब तबके के लोगों के लिए जो आरक्षण दिया है वह आरक्षण हीं फूलन देवी के लिए सच्ची श्रद्धांजलि है ।बतादें की बिहार में 2025 विधानसभा चुनाव को लेकर जहां बीजेपी और राजद ने सभी 243 सीटों पर तैयारी शुरू कर दिया है वहीं अब जेडीयू अतिपिछड़ों और पिछड़ा समाज के साथ दलितों और अल्पसंख्यक समाज को एक जुट करने के लिए ऐसे कार्यक्रमों के बहाने गोलबंदी तेज कर दिया है। क्योंकि जदयू एमएलसी आरक्षण का दम भर रहें नीतीश कुमार को पिछड़े समाज के उत्थान का श्रेय देने से पीछे नहीं हट रहें हैं ।

# बियाडा के सीमेंट फैक्ट्री से कोबरा सांप का डेढ़ घंटे के मशक्कत के बाद रेस्क्यू

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। मॉनसून के सीजन में लगातार सांप निकल रहे हैं। इसी क्रम में एक विशाल कोबरा सीमेंट ईंट उद्योग में निकलने से मजदूरों के बीच अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंच घंटों मशक्कत के बाद जहरीले सांप का रेस्क्यू किया। बताया जा रहा है की रामनगर के सोनखर में बियाडा में संचालित सीमेंट उद्योग में प्रतिदिन की तरह मजदूर काम करने पहुंचे तभी एक 4 फिट का कोबरा नजर आया। जिसके बाद मजदूरों ने भागकर अपने मालिक से सांप के बारे में जानकारी दी। इसके बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। जब सांप का रेस्क्यू शुरू किया गया तो सांप बार बार फन उठा कर डंसने की कोशिश कर रहा था लिहाजा उसके रेस्क्यू में तकरीबन डेढ़ घंटे का समय लग गया। स्नेक कैचर कयामुद्दीन ने बताया की रेंजर ने मुझे सांप के रेस्क्यू के लिए भेजा। यह विशाल कोबरा सांप चार फीट लंबा था और बार बार काटने का प्रयास कर रहा था। इसी क्रम में वह ईंट के ढेर में घुसने लगा। तब काफी मशक्कत के बाद उसका रेस्क्यू किया और वापस वन क्षेत्र में ले जाकर छोड़ दिया।

# चिकित्सा पदाधिकारी और सीओ ने अवैध नर्सिंग होम पर संयुक्त कार्यवाई कर किया सील

प्रात :किरण संवाददाता

बगहा। बगहा में दर्जनों अवैध निजी नर्सिंग होम धड़ल्ले से संचालित हो रहे हैं। इसी क्रम में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा पदाधिकारी ने सीओ के साथ गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर एक अवैध निजी नर्सिंग होम को सील किया साथ ही अस्पताल के एक कर्मी को गिरफ्तार भी किया गया है। बताया जा रहा है की बगहा दो प्रखंड के हरनाटांड में काफी दिनों से सोनू हेल्थ केयर नाम से एक निजी नर्सिंग होम संचालित किया जा रहा था जहां किसी अन्य डॉक्टर के नेम प्लेट का उपयोग किया जा रहा था। चिकित्सा पदाधिकारी राजेश कुमार नीरज ने बताया की गुप्त सूचना के आधार पर यह छापेमारी की गई है। छापेमारी के दौरान अस्पताल से सर्जरी करने के कई उपकरण बरामद किए गए साथ ही एक कर्मी को भी गिरफ्तार किया गया है। डॉक्टर के नेम प्लेट के आधार पर उक्त चिकित्सक के डॉक्युमेंट्स की भी जांच पड़ताल की जा रही है। फिलहाल सीओ की मौजूदगी में अस्पताल को सीज कर दिया गया है और स्वास्थ्य विभाग की टीम अग्रेतर कार्रवाई में जुट गई है। इस निजी नर्सिंग होम के सीज किए जाने के बाद अवैध नर्सिंग होम संचालकों में हड़कंप मचा हुआ है।

# मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के माध्यम से युवा लगा रहे उद्योग : उमेश कुशवाहा

प्रात :किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री उद्यमी योजना अंतर्गत युवा ग्रामीण स्तर पर उद्योग लगा कर रोजगार सृजित कर रहे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं के लिए यह योजना चालू किया है ताकि घर पर रह कर रोजगार करे उक्त बातें जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने कही श्री सिंह ने आगे कहा की सरकार दस लाख रुपिया उद्योग लगाने के लिए दे रही जिसमे से पांच लाख रुपिया ही 84 किस्तो में जमा करना है पांच लाख रुपिया सरकार सब्सिडी के रूप में दे रही जिला अध्यक्ष अल्ताफ आलम राजू ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष का बजरंग चौक, सीतापुर बाईपास,गड़खा,मेथवलिया फोरलेन,कोपा बजार पर जदयू कार्यकताओं ने भभ्य स्वागत किया जिला अध्यक्ष ने कहा कि माननीय प्रदेश अध्यक्ष जलालपुर प्रखण्ड के कोपा अनवल में राजकुमार कुशवाहा द्वारा संचालित मुख्यमंत्री उद्यमी योजना के तहत आटा मिल के उद्घाटन करने के लिए आए है मुख्य रूप से पूर्व विधायक रणधीर सिंह,पूर्व विधायक हेमनारायण साह,राजेश त्यागी ,मुरारी सिंह,कामेश्वर सिंह, अरशद परवेज मुन्नी,चंद्रभूषण पंडित,डाङ्ग विशाल सिंह राठौर,सुधाकर भारद्वाज,गुड्डा सिंह, ईङ्ग प्रभास शंकर,भोला सिंह,कुसुम देवी,संभू मंझी,संजीव सिंह, रमेश किशन कुशवाहा,पवन वर्मा ,चांदनी कुशवाहा,मनोज सिंह ,जितेंद्र सोनी,अनंत गोंड,अखिलेश गोंड,रविंद्र सिंह,कुसुम रानी,सादाब आलम मुन्नू,अरुण सिंह,अनील कुमार सिंह,संजय राम ,राजीव सिंह , राम ,शिवनारायण सिंह पटेल,आशिफ आली,अमजद अली

# इसुआपुर में भगवान विष्णु सह राधे कृष्णा का बनेगा भव्य मंदिर

प्रात :किरण संवाददाता

इसुआपुर ।प्रखंड कार्यालय इसुआपुर से सटे पूरब विष्णुपुरा-डटरा गांव में भगवान विष्णु सह राधे कृष्ण मंदिर का भव्य निर्माण होगा। जिसको लेकर सत्यदेव सिंह कुशवाहा की अध्यक्षता में पूर्व में रजिस्टर्ड श्री विष्णु धाम मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों की एक बैठक हुई। जिसमें मंदिर के निर्माण को लेकर भव्य रूप रेखा तैयार की गई। साथ ही उक्त स्थल पर सर्व समिति से आगामी 26 अगस्त को कृष्ण जन्मोत्सव मनाने का निर्णय भी लिया गया। इस मौके पर कार्यालय का उद्घाटन भी होगा। वहीं मीडिया कर्मियों को बताया गया कि 1 मई 2010 को महर्षि श्रीधर बाबा के मार्ग निर्देशन में उक्त स्थल पर महा विष्णु यज्ञ का आयोजन हुआ था। यज्ञ समापन के लगभग 2 महीने बाद जहां श्रीधर बाबा का कुटिया बना था, उसी जगह से अचानक लड्डू गोपाल की मूर्ति प्रकट हुई। जिसे भगवान के प्रकट होने तथा उनका आशीर्वाद मानकर धर्मावलंबियों मन में उक्त स्थल पर भगवान विष्णु के मंदिर बनाने का विचार आया। वहीं सदस्यों ने एक आश्चर्यजनक बात यह भी बताया कि प्रकट हुई भगवान विष्णु की मूर्ति बीच-बीच में कुछ समय के लिए विलुप्त भी हो जाती है। जो बाद में प्रकट भी हो जाती है। कमेटी के अध्यक्ष सत्यदेव सिंह कुशवाहा, सचिव सरोज प्रसाद, कोषाध्यक्ष रजांति कमारी, सदस्य रामजी प्रसाद, रामबाबू सिंह कुशवाहा, सनोज कुमार राय व अन्य ने विचार रखें।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रभा सिन्हा बनी महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव




आरा। आनंद नगर निवासी सिंगर प्रभा सिन्हा लोजपा रामविलास महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश सचिव बनी। वहीं प्रभात सिन्हा ने कहा कि मैं पार्टी को पूरे बिहार में मजबूती से आगे बढ़ाने के काम करूंगी और इस पार्टी से ज्यादा से ज्यादा महिलाओं को जोड़ने का काम करूंगी प्रदेश कार्यालय पटना में महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कुमारी शोभा सिन्हा द्वारा उन्हें मनोनयन पत्र दिया गया। प्रभा सिन्हा को मनोनयन पत्र देने पर जिला अध्यक्ष लालती देवी महिला प्रकोष्ठ भोजपुर, राजेश्वर पासवान जिला अध्यक्ष,संतोष पासवान प्रदेश महा सचिव अनुसूचित प्रकोष्ठ,राजेश साहु कार्यकारी अध्यक्ष संसदीय बोर्ड,आमोद प्रसाद अमरप्रखंड अध्यक्ष सहार,रमेश कुमार प्रखंड अध्यक्ष संसदीय बोर्ड जगदीशपुर,अनिल सिंह मुखिया,राजेंद्र यादव सामाजिक कार्यकर्ता ने प्रदेश कार्यालय में उपस्थित हो कर उन्हे बधाई दी।

### मिथिलेश पासवान हत्याकांड का दूसरा आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

आरा। जिले के कोईलवर के बहुचर्चित मिथिलेश पासवान हत्याकांड मे पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने इस हत्याकांड के दूसरे आरोपित को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान आरा नगर थाना क्षेत्र के अहिरपुरवा निवासी कामता यादव के पुत्र राहुल कुमार के रूप में किया गया है। राहुल इस हत्याकांड में नामजद आरोपी था। कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र ने बताया कि मिथिलेश पासवान हत्याकांड से जुड़े नामजद और गैर नामजद आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम का गठन किया गया है। टीम द्वारा पूर्व में भी एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। इसी कड़ी में तकनीकी सूचना के आधार पर आरोपी के राजगीर में होने की सूचना प्राप्त हुई। प्राप्त सूचना के सम्पुष्टि के बाद तुरंत ही टीम को राजगीर भेजा गया और आरोपी के धर पकड़ के लिए जाल बिछा दिया गया। इसी बीच आरोपी राहुल पुलिस टीम की गिरफ्त में आ गया।

### हत्या के विरोध में डॉक्टर नहीं करेंगे मरीजों का उपचार, मांग रहें इंसाफ

बिक्रमगंज (रोहतास) कोलकाता के आईजी कर मेडिकल कॉलेज में स्नातकोत्तर प्रशिक्षु महिला चिकित्सक की हत्या के विरोध में अनुमंडल क्षेत्र के चिकित्सकों ने एक दिवसीय कार्य बहिष्कार का निर्णय लिया हैं। राष्ट्रीय आईएमए के आह्वान पर बिहार प्रदेश इकाई द्वारा बहिष्कार का निर्णय लिया गया है। इसके अंतर्गत 17/8 को अनुमंडल क्षेत्र के चिकित्सा ओपीडी सेवा एवं सामान्य कार्य से स्वयं को अलग रखेंगे। बिक्रमगंज अनुमंडल इकाई के डॉ शशि भूषण सिंह के नेतृत्व में अनुमंडल मुख्यालय में कार्यरत सभी चिकित्सक शनिवार को अनुमंडलीय अस्पताल बिक्रमगंज में उपस्थित हुए। इस दौरान घटना की निंदा करते हुए लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही केंद्र सरकार से चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए सुरक्षा कानून लाने की मांग किया। मौके पर डॉ अरुण कुमार, डॉ ओमप्रकाश, डॉ कर्मेंद्र सिंह, डॉ सोनम सिंह, डॉ वीणा रानी, डॉ पिंकी कुमारी एवं स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।

### उच्च माध्यमिक विद्यालय में छात्राओं के बीच हुई राखी-निर्माण प्रतियोगिता

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के उच्च माध्यमिक विद्यालय मानपुर कझाई में रक्षाबंधन पर्व को लेकर शनिवार को प्रभारी प्रधानाध्यापक मनीष तिवारी की देखरेख में राखी-निर्माण प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिस राखी- निर्माण प्रतियोगिता में ग्यारहवीं,दशवीं एवं नौवीं कक्षा की छात्राओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। साथ ही सभी छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक एवं आकर्षक राखियां बनाई। जो सबके मन को लुभा रही थी। इस प्रतियोगिता में ग्यारहवीं कक्षा की छात्रा निशा कुमारी व रिजवाना खातून , दशवीं कक्षा की छात्रा नेहा कुमारी व रतन कुमारी और कक्षा नौवीं की छात्रा डिंपल कुमारी सहित अन्य छात्राओं ने अनेकों मनमोहक राखियां बनाई। तत्पश्चात विद्यालय की छात्राओं ने छात्रों के माथे पर विजय तिलक लगाते हुए कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर एक दूसरे को रक्षा करने का वचन व संकल्प लिए। उक्त अवसर पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक मनीष तिवारी ने रक्षाबंधन पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व भाई-बहन के बीच अटूट प्रेम को दशार्ता है। साथ ही साथ अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भी इसकी महत्ता पर बारी-बारी से प्रकाश डाला। मौके पर प्रभारी प्रधानाध्यापक मनीष तिवारी ,पुष्पक वर्मा , आलोक सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका एवं बच्चे मौजूद थे।

# डीएम और एसपी ने एनआइटी के छात्र के स्टार्टअप को सराहा, दी शुभकामनाएं

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। भोजपुर जिले के आरा शहर में डाक्जाप्वाइंट एप और बेवसाइट सेवा की शुरूआत हो चुकी है। इस एप से आरा शहर के अलग-अलग विभागों के करीब 30 से अधिक प्रसिद्ध चिकित्सक जुड़ चुके हैं। इसमें प्रसिद्ध सर्जन, फिजिशियन, स्त्री रोग, नेत्र रोग, हड्डी रोग और दंत रोग विशेषज्ञ आदि चिकित्सक शामिल हैं। कोई भी मरीज अब आरा शहर के अलग-अलग बीमारियों के प्रसिद्ध डाक्टर के पास घर बैठे आसानी से नंबर लगाकर अपना इलाज करवा सकते हैं।

आरा शहर के संकट मोचन नगर (न्यू पुलिस लाइन) मोहल्ला निवासी शुभम कुमार सिंह एनआईटी नागपुर के इंजीनियरिंग के छात्र हैं। इन्होंने स्टार्टअप इंडिया और स्टार्टअप बिहार के तहत स्वास्थ्य के क्षेत्र इस नई तकनीक सेवा की शुरूआत की है। ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की समस्या को देखते हुए पैन इंडिया के तहत अपने दोस्तों के साथ मिलकर इस एप तैयार किया है।

इधर, आरा में लांच होने पर भोजपुर के डीएम राज कुमार एवं एसपी प्रमोद कुमार यादव ने भी एनआइटी के छात्र शुभम के स्टार्टअप को सराहा है। साथ ही सपोर्ट में भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं भी है। दोनों अधिकारियों ने कहा है कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में इस नयी शुरूआत से ग्रामीण इलाकों के मरीजों को इसका काफी लाभ मिलेगा। लोग घर बैठे डाक्टर के पास नंबर लगा सकते हैं। इधर, कंपनी के निदेशक शुभम कुमार सिंह ने बताया कि उनके स्टार्टअप को भोजपुर के लिए डीएम और एसपी ने भी सराहा है। दो दिनों के अंदर करीब 120 से अधिक लोग इस एप से जुड़ चुके हैं। लोगों की सहायता के लिए एक मोबाइल नंबर-9470075205 को भी सार्वजनिक किया गया है। आरा शहर के बाद बक्सर व और फिर राजधानी पटना में भी इस सेवा की शुरूआत की जाएगी। आम लोग इस नंबर पर काल कर विस्तृत जानकारी प्राप्त का सकते हैं। 24 घंटे सेवा उपलब्ध रहेगी। अगर किसी डाक्टर के पास नंबर फूल हो जाएगा, तो नंबर नहीं लग सकेगा। नंबर लगने के बाद लोग आसानी से चिकित्सक के पास पहुंचकर इलाज करवा सकते है। शहर के अमूमन सभी डाक्टरों का प्रेम और स्नेह इस लोकप्रिय एप सुविधा को मिलना शुरू हो गया है। अन्य चिकित्सकों ने भी इच्छा जतायी है। इधर, आरा के कई प्रसिद्ध डाक्टरों ने महानगरों की तर्ज पर आरा शहर में भी इस तरह की बेहतर सेवा शुरू होने को लेकर नयी तकनीक की सराहना की है।

## मवेशी की तलाश में निकले किशोर को मारी गोली

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति गेट के पास शनिवार की देर रात हथियारबंद बदमाशों ने किशोर को गोली मार दी। जख्मी किशोर को गोली पेट में मारी गई है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया, जिसके बाद परिजनों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा के एक निजी अस्पताल में लाया गया। जहां उसका इलाज जारी है।

जख्मी किशोर उदवंतनगर थाना क्षेत्र के सेवगार गांव निवासी शिवजी यादव का 17 वर्षीय पुत्र आशीष कुमार है। वह वर्तमान में नवादा थाना क्षेत्र के जगदेव नगर स्थित सूर्य नगर गली नंबर - 2 में रहता है। जो अपने पिता के साथ खटाल चलाता था। पांच दिन पहले खटाल से एक गाय चोरी हुई थी। उसे ही खोजने किशोर गया हुआ था। रास्ते में अपराधियों ने उसे गोली मार दी। जख्मी किशोर के बड़े भाई रंजन कुमार यादव ने बताया कि दो माह पूर्व उसकी बहन की शादी थी। उसे समय शामियाना में 10 मनचले लड़के आ गए थे और बारातियों से झगड़ा कर लिया था। उसे समय जब मैं और मेरा भाई वहां गए तो मेरे छोटे भाई के साथ मारपीट की गई और उसका मोबाइल भी छीन लिया गया था। हम लोगों ने इसकी शिकायत नवादा थाना पुलिस से की थी। तब से वे लोग जान से मारने की धमकी दे रहे।

रंजन ने कहा कि मेरा भाई अकेले गाय को खोजने के लिए निकला था। तभी पेट में गोली मारी गई। जख्मी स्थिति में भाई ने फोन कर घटना की जानकारी दी। नवादा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की छानबीन में जुट गई। परिजन पहले उसे सदर अस्पताल ले गए थे। वहां से पटना रेफर कर दिया गया। हालांकि परिजन निजी अस्पताल में इलाज करवा रहे हैं।

वहीं, इस मामले में एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि बीती रात नवादा थाना क्षेत्र के बाजार समिति के पास चार-पांच अज्ञात अपराध कर्मियों द्वारा जगदेव नगर निवासी आशीष कुमार उम्र 17 वर्ष, पिता शिवजी यादव को गोली मारकर जख्मी कर दिया, जिसका इलाज निजी अस्पताल में जारी है।

गोली मारने का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाया है। अपराधियों की पहचान के लिए छापेमारी की जा रही है। बताया जा रहा है कि जख्मी जगदेव नगर से गोढ़ना रोड अपने खटाल पर जा रहा था। सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है और एक टीम का गठन कर दिया गया है।

# मोदी - नीतीश के राज्य में जनता नारकीय जीवन जीने को विवश : सुदामा प्रसाद

## आरा सांसद कामरेड सुदामा प्रसाद ने बड़हरा में किया जनसंपर्क, जनता ने सुनाई अपनी समस्या

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। आरा सांसद सुदामा प्रसाद ने आज बड़हरा के बभनगांवा, सरैया, पैगा, बखोरापुर, बड़हरा, बबुरा, सेमरा, बभनौली, पचैना बजार, हरिपुर, कायम नगर सहित कई गाँवों में जनसंपर्क किया। जहाँ सैकड़ो कि संख्या में मजदूर - किसान , महिलाएं, छात्र - नौजवानों ने सांसद को अपने बीच पा कर उतसाहित थे। मौजुद लोगों ने अपनी समस्या रखी । जिसमे नली - गली, बिजली - सड़क, खेती किसानी सहित शिक्षा - रोजगार, स्वस्थ्य से सम्बंधित था। इस मौके पर सासंद सुदामा प्रसाद ने कहा कि मोदी - नीतीश की सरकार का विकास का दावा गांवों में फेल है। जनता से मिल रहा आवेदनों से यह साफ है कि लोग नारकीय जीवन जीने को विवश हैं। गरीबों के पास रहने के लिए आवास, भूमि नही है। गांवों में नली - गली , सड़के रखारब पड़ी है ।

वर्षो से लोगों को उजाड़ जा रहा है जबकि सरकार के वादा था कि कोई भी परिवार बिना छत का नही रहेगा। उन्होंने जनता से कहा कि इस सरकार में निवेदन - आवेदन से काम नही चलने वाला है। इसके लिए जोर दार आंदोलन कि जरूरत है। मैं आपके इस मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करूंगा। मैंने अभी मानसून सत्र में जिला और देश के कई सवालों को सदन में उठाया। जिले के सड़क, रेलवे, अबैध बालू खनन , सोन नहर के आधुनिककरण, सहित सहारा इंडिया में लाखों निवेशकों का पैसा भुगतान करने की मांग सरकार किया।

इस जनसम्पर्क कार्यक्रम में नंद जी, बड़हरा प्रखण्ड सचिव, विष्णु ठाकुर कोइलवर प्रखण्ड सचीव, भोजपुर जिला व्यवसाई संघ के नेता कृष्ण रंजन, गुप्ता, माले नेता संतोष राम , विजय यादव , दिपक रवानी,कन्हैया कुमार जिला परिषद सदस्य रविन्द्र रजक, राजद के प्रखंड अध्यक्ष प्रभु राय, जय राम यादव ,सुरेश सिंह , विसुन पुर पंचायत के मुखिया प्रति निधि गुप्ता यादव , पश्चिमी गुड़ी के मुखिया प्रति निधि अंकुश कुमार , निशी कांत यादव , शिव शंकर प्रसाद , नंद जी यादव, ललीत यादव , निर्मल कुमार अधिवक्ता , रवि कुमार।

## तरारी के पूर्व विधायक सुनील पांडेय ,बेटे सहित सैकड़ो समर्थक के साथ भाजपा की सदस्यता ली

आरा। रविवार को भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय स्थित अटल सभागार मे कद्दावर नेता,पूर्व विधायक नरेन्द्र पांडेय उर्फ सुनील पांडेय,उनके पुत्र विशाल प्रशांत ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया। प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल ने सदस्यता रसीद और पार्टी का अंगवस्त्र दे कर सदस्यता दिलवायी। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज सहित जिला उपाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ,वंदना राजवंशी सहित जिले के भाजपा नेताऔ की उपस्थिति रही। सदस्यता लेने के बाद सुनील पांडेय और उनके पुत्र को माला पहना कर स्वागत किया गया। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि तरारी के पूर्व विधायक और कदावर नेता सुनील पांडेय अपने पुत्र सहित सैकड़ो समर्थकों के साथ प्रदेश अध्यक्ष से पार्टी की विधिवत सदस्यता ली।

## विधानसभा उप चुनाव में सभी सीट एनडीए के पक्ष में : डॉ. प्रेम कुमार

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भोजपुर जिला भ्रमण के दौरान बिहार भाजपा के वरीय नेता बिहार सरकार के सहकारिता वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने जिला अतिथि गृह में पार्टी कार्यकताओं के साथ बिहार विधानसभा उपचुनाव पर संगठनात्मक बैठक किये । बैठक में संगठन को मजबूत करने और आगामी उपचुनाव की तैयारी पर विशेष चर्चा की गई साथ ही पार्टी के उद्देश्यों, नीतियों एवं माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा भोजपुर जिले के विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने का आवाहन किया गया। कार्यकताओं से बातचीत के दौरान माननीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र मोदी जी द्वारा एवं माननीय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा भोजपुर जिले में कई विकास की योजनाएं दी गई है ।चाहे वह आरा रेलवे स्टेशन का जीर्णोद्धार हो, हाईवे हो या कोईलवर पुल हो ऐसे कई विकास की योजनाएं एवं जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। वही उपचुनाव को लेकर उन्होंने कहा कि बिहार भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता चाहे वह बूथ अध्यक्ष हो या पन्ना प्रभारी हो सभी उपचुनाव को लेकर तैयार हैं और हमें पूरा विश्वास है की केंद्र सरकार एवं बिहार सरकार के कार्य योजनाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं से प्रदेश के जनता को विशेष लाभ मिला है । तरारी विधानसभा का उप चुनाव मे भाजपा का लड़ना और जीतना तय है ।निश्चित रूप से बिहार विधानसभा उपचुनाव में एनडीए सभी सीटों पर जीत दर्ज करेगी। जिला भ्रमण के दौरान मंत्री सदर अस्पताल पहुंच कर भाजपा नेता हरेराम चंद्रवंशी के परिवार के साथ हुए मारपीट की घटना मे घायल परिवार की हालचाल पूछा और घटना की जानकारी ली। उन्होने घटना की जाँच और न्याय की बात कही। आरा परिसदन पहुंचने पर भाजपा नेताओं और कार्यकताओं द्वारा फूल-माला,अंगवस्त्र, गुलदस्ते आदि से स्वागत किया गया।

जिलाध्यक्ष दुर्गा राज,हरेन्द्र पांडेय,राम दिनेश यादव, हरेराम चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी,संजय कुमार सिंह, ममता सिंह,विभु जैन,रवि कुमार चंद्रवंशी, प्रतीक चंद्रवंशी, निशांत सिंह सेंगर,श्रीमंत यादव,प्रमोद ओझा आदि दर्जनों नेता और कार्यकर्ता शामिल थे। उक्त जानकारी भाजपा मीडिया प्रमुख संजय कुमार सिंह द्वारा दी गई।

## भारती कंसल्टेंसी सर्विस में किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता




आरा। बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन भोजपुर द्वारा आज वर्ल्ड फोटोग्राफी दिवस की पूर्व संध्या पर स्थानीय शहीद भवन चौक के समीप भारती कंसल्टेंसी सर्विस में, श्रद्धांजलि सभा के साथ स्थानीय रमना मैदान के ईर्द गिर्द स्ट्रीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जिसमें प्रथम स्थान सागर अभिज्ञान को दिया गया, वही दूसरे स्थान पर जाहिद हुसैन व तीसरे स्थान पर मनीष कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरूआत स्वर्गीय अरविंद दुबे व सैयद शौकत हुसैन फोटोग्राफर को श्रद्धांजलि देते हुए की गई । भोजपुर जिले के लगभग दो दर्जन से ज्यादा फोटोग्राफर स्ट्रीट फोटोग्राफी प्रतियोगिता में शामिल हुए निर्णायक की भूमिका में सलिल भारतीय वरिष्ठ फोटो जर्नलिस्ट, रोहित खत्री बिहार फोटोग्रफर्स एसोसिएशन के जोनल अधिकारी, वरिष्ठ फोटोग्राफर अमित मिश्रा व पंकज कुमार थे। निर्णायक सलिल भारतीय ने कहा कि स्ट्रीट फोटोग्राफी में फोटोग्राफी संबंधी पूरी आजादी रहती है इसका कोई एक विषय नहीं होता है इसका प्रचलन बहुत पहले से चला रहा है ।इस अवसर पर विजेताओं द्वारा केक काटा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन भोजपुर के अध्यक्ष जयंत कुमार ओझा उर्फ विक्की ओझा द्वारा किया गया। मंच संचालन का कार्य सरोज सुमन द्वारा किया गया। इस मौके पर भोजपुर फोटोग्राफर एसोसिएशन के सारे सदस्यों और कोर कमेटी के सदस्यों द्वारा सर्वसम्मति से अमित मिश्रा को संस्था का मीडिया प्रभारी बनाया गया ।इस अवसर पर संस्था के कोर कमेटी के सदस्य प्रदीप रंजन कुमार, मोहम्मद अशरफ आलम, सुनील कुमार ओझा उपस्थित थे धन्यवाद ज्ञापन संस्था के सचिव चंदन कुमार द्वारा किया गया।

## आज बहनें बांधेगी भाई के कलाई पर राखी

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। भाई और बहन के प्रेम और विश्वास का प्रतीक त्योहार रक्षाबंधन आज सोमवार को पूरे देश मे मनाया जा रहा है। इसे लेकर खूब तैयारियां चल रही है। बहने अपने भाइयों के लिए पसंद की राखी खरीदने के लिए बाजार का रुख कर रही हैं। ऐसे में बाजारों में चहल पहल बढ़ गयी है। बाजार में राखी की सैकड़ों दुकाने सजी हैं जहां विभिन्न प्रकार की राखियां उपलब्ध हैं। दुकानदारों ने बताया कि आमतौर पर 5 रुपये से लेकर 100 रुपये से अधिक तक कि राखियां मौजूद हैं। इनमे 10 से 50 रुपये तक के राखी की मांग ज्यादा है। साधारण से विशेष जरी वाली राखियां भी मौजूद हैं। आकर्षण का केंद्र इकोफ्रेंडली राखियां हैं जो रेशम और खादी के धागे और टेराकोटा जैसी प्रकृति के साथ सामंजस्य बिठाने वाली चीजों से बनी है। रक्षाबंधन को लेकर प्रखण्ड समेत पंचायतों के विभिन्न मंदिरों में भी पूजा अर्चना को लेकर तैयारियां व्यापक रूप से की गई है। कोईलवर के बाबा दिनेश्वरनाथ धाम में बिंदगांवा संगम से जल भर कर जलाभिषेक करने वाले श्रद्धालुओं की टोली हर हर महादेव और बोलबम के नारे के साथ बिंदगांवा से प्रस्थान कर चुकी है। शिव मंदिर और देवी मंदिरों समेत तमाम मंदिरों में आकर्षक सजावट और लाइट बत्ती की व्यवस्था की गई है जहां हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं के उमड़ने की आशा है। कोइलवर दिनेश्वरनाथ धाम के पुजारी बुधन बाबा ने बताया कि इस साल रक्षाबंधन के दिन भद्रा सुबह 5 बजकर 53 मिनट से आरंभ हो जाएगी, जो दोपहर 1 बजकर 32 मिनट पर समाप्त होगी। पंचांग के अनुसार इस साल राखी बांधने का शुभ मुहूर्त 19 अगस्त को दोपहर 01:30 से लेकर रात्रि 09:07 तक रहेगा। इस मुहूर्त में आप भाई को राखी बांध सकती है।

## मेरे और मेरे परिवार से किसी का दुश्मनी नही,घटना की जाँच होनी चाहिए : राघवेन्द्र प्रताप सिंह

प्रात: किरण संवाददाता



आरा। बड़हरा विधायक सह पूर्व मंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह के पैतृक गाँव धमार मे उनके दरवाजे पर गोली चलने और एक व्यक्ति के घायल होने के बाद अस्पताल पहुंच कर घायल युवक अरविन्द सिंह की स्वास्थ्य की जानकारी ली।उन्होने घटना पर आश्चर्य चकित होते हुए कहा कि आज तक इस प्रकार की घटना कभी घटित नही हुआ था।मेरे परिवार से किसी का दुश्मनी नही है। पता नही ऐसी घटना कैसे घटित हुआ।मुझे घटना की खबर मिलते ही एसपी से बात की और उसे जाँच करने को कहा। इस घटना मे मेरे गाँव का एक युवक को गोली लग गया, जिसे तुरंत अस्पताल मे भर्ती किया गया। डाँक्टर से बात हुई है,। मरीज की स्थिति ठीक है।उन्हे किसी भी चीज की कमी नही होने देंगे।मै चाहता हूँ कि जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी हो और घटना का कारण मालुम हो।

## पत्नी के साथ मारपीट के आरोप में शराबी पति को जेल

नासरीगंज (रोहतास) शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट करते हुए पति को पुलिस ने गिरफ्तार कर संबंधित मामला दर्ज कर जांच के उपरांत जेल भेज दिया । सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि कछवां थाना के निज ग्राम कछवां निवासी गुलशन प्रजापति शराब के नशे में धुत होकर अपने पत्नी के साथ मारपीट कर रहे थे । जिसकी सूचना परिजनों ने स्थानीय पुलिस को दी । सूचना पाते ही मामले को त्वरित संज्ञान में लेते हुए स्थानीय पुलिस घटनास्थल पहुंच शराबी को मारपीट करने के क्रम में गिरफ्तार कर लिया । तत्पश्चात पुलिस ने संबंधित मामले की जांच की । जांचोपरांत गिरफ्तार आरोपी को शराब पीने की पुष्टि हुई । तत्पश्चात शराबी को नशे की हालत में थाना लाया गया । इस संदर्भ में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मितेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराबी शराब के नशे में धुत होकर अपने पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपी उक्त मामले में दो बार जेल जा चुका है।

## राखी निर्माण प्रतियोगिता नन्हें बच्चों ने दिखाई प्रतिभा

बिक्रमगंज (रोहतास) शहर के एएस कालेज रोड स्थित मोडर्न कीड्स प्ले स्कूल में शनिवार को राखी-निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के निदेशक सीएम चौधरी ने रक्षाबन्धन के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डालते हुए किया। प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। सभी बच्चों ने एक से बढ़कर एक राखी बनाई। राखी निर्माण के उपरांत सभी छात्राओं ने छात्रों को राखी बांधी। इस आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा दो के रोहित कुमार प्रथम, उसी कक्षा का शुभम द्वितीय तथा कक्षा तीन के पियूष कुमार तृतीय स्थान पर रहा।

## तेज रफ्तार कार ने मारी टक्कर, दो मवेशी समेत पशुपालक घायल

राजपुर(रोहतास)। राजपुर थाना क्षेत्र के सबेया गांव में राजपुर नासरीगंज पथ पर शनिवार को देर शाम एक तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी । जिसमें दो मवेशी समेत एक पशुपालक जख्मी हो गए । घटना की जानकारी देते हुए ईलाज के लिए घटनास्थल पहुंचे चिकित्सा कर्मी मो अंसार व पशुपालक सत्येंद्र सिंह यादव ने बताया कि मवेशियों को खाना खिलाने के बाद बांधने के लिए घर ले जा रहे थे,तभी राजपुर की ओर से नासरीगंज की तरफ जा रही तेज रफ्तार कार ने टक्कर मार दी । घटना में उनकी दो भैंस एवं वे खुद जख्मी हो गए हैं । एक भैंस की हालत गंभीर है,जो जीवन व मौत के बीच जुझ रही है ।

बकुलहर एवं लोहियरिया पंचायत सहित पूरे प्रखंडवासियों को रक्षाबंधन की हार्दिक शुभकामनाएं
HAPPY RAKSHA BANDHAN
सुशील कुमार
पंचायत रोजगार सेवक चनपटिया
पश्चिमी चंपारण बिहार


## भारतीय जनता पार्टी मंडल अकोदी गोला की विस्तृत कार्य समिति की बैठक की गई

प्रात: किरण संवाददाता



डेहरी(रोहतास)। आज दिनांक 18 8 24 को महर्षि मेंही दास आश्रम तेतराढ़ में भारतीय जनता पार्टी मंडल अकोदी गोला की विस्तृत कार्य समिति की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शशि भूषण राय और संचालन आशुतोष सिंह ने किया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष पंकज सिंह जिला महामंत्री प्यारेलाल ओझा जिला उपाध्यक्ष सह डेहरी विधानसभा प्रभारी प्रमोद सिंह कुशवाहा पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव पूर्व जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ भोला सिंह बिहार प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ संयोजक राजू गुप्ता जिला प्रवक्ता कन्हैया सिंह जिला प्रवक्ता एवं मंडल प्रभारी प्रकाश गोस्वामी पूर्व मंडल अध्यक्ष गुप्तेश्वर सिंह रवि पांडे रमेश सिंह महेंद्र सिंह बिट्टू सोनी देहरी नगर अध्यक्ष अशोक सोनी अकोदी गोला मंडल महामंत्री श्रीकांत चौबे विपिन बिहारी गुप्ता उपाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह कुशवाहा नरेंद्र सिंह हजारी सिंह यादव ओम प्रकाश कश्यप मंत्री सुनील सिंह दिवेस सिंह अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के संयोजक दीपक चंद्रवंशी नमामि गंगे जिला संयोजक चंदन सिंह यादव कोषाध्यक्ष परमा यादव तेतराढ़ पंचायत के मुखिया धर्मेंद्र चौधरी आनंदी गुप्ता मोहन यादव संजय यादव पूर्व महामंत्री अशोक सिंह पंकज पांडे मंत्री प्रमोद पांडे धर्मेंद्र सिंह सुनील सिंह किसान मोर्चा अध्यक्ष ललन पांडे दशरथ सिंह यादव बजरंग दल संयोजक गोपाल नारायण सिंह श्री राम सिंह संतोष सिंह पत्रकार वीरेंद्र शर्मा राजा राम तथा भगत विभिन्न पंचायत से आए हुए जनप्रतिनिधि एवं सम्मानित वरिष्ठ सक्रिय बहुत से कार्यकर्ता गण भाग लिए। बैठक डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तेल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर और वंदे मातरम गायन से शुरू की गई। सभी आगत अतिथियों का एवं वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंग वस्त्र से सम्मानित एवं स्वागत किया गया।

रक्षाबंधन एवं विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर समस्त पंचायत वासियों का हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

HAPPY RAKSHA BANDHAN
निवेदक
डॉ सुनील कुमार
पैक्स अध्यक्ष प्रतिनिधि
रामपुर चाय ,करपी,
(अरवल)

रक्षाबंधन एवं विश्वकर्मा पूजा के शुभ अवसर पर समस्त पंचायत वासियों का हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं

HAPPY RAKSHA BANDHAN
राजेश्वर पासवान
(रा) लोजपा भोजपुर
जिला अध्यक्ष सह पूर्व
मुखिया रामापुर सनदिया,
आरा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, सोमवार,19 अगस्त, 2024





## बॉर्डर 2 में शामिल हुए वरुण धवन, सनी देओल के साथ निभाएंगे मुख्य भूमिका

28 साल बाद जे.पी. दत्ता अपनी फिल्म बॉर्डर का दूसरा भाग बनाने जा रहे हैं। सनी देओल की गत वर्ष आई गदर-2 की सफलता के बाद जे.पी. दत्ता ने अपनी फिल्म की आधिकारिक घोषणा की थी। हालांकि इसकी चर्चाएँ पिछले कुछ सालों से गाहे-बगोह होती रहीं। इस फिल्म में पिछली फिल्म से अभी तक मात्र सनी देओल के होने की आधिकारिक पुष्टि हुई है। पुराने कलाकार नजर आएंगे या नहीं इसकी कोई खबर नहीं है। बॉर्डर 2 में सनी देओल के साथ पहले आयुष्मान खुराना के नजर आने के समाचार आ रहे थे, लेकिन कुछ समय पूर्व समाचारों में कहा गया कि आयुष्मान खुराना ने फिल्म को छोड़ दिया है। अब यह कहा जा रहा है कि फिल्म में वरुण धवन की एंट्री हो गई है।

मीडिया समाचारों के अनुसार वरुण धवन ने फिल्म बॉर्डर 2 साइन की है और इसमें एक अहम रोल निभाते नजर आएंगे। फिल्म बॉर्डर 2 का निर्देशन अनुराग सिंह करने वाले हैं, जो इससे पहले कई हिट पंजाबी फिल्मों के साथ ही करण जौहर के बैनर तले बनी फिल्म केसरी का निर्देशन कर चुके हैं। केसरी में अक्षय कुमार ने मुख्य भूमिका निभाई थी। बॉर्डर 2 की कहानी जे.पी. दत्ता की बेटी निधि दत्ता ने लिखी है, जिसे जे.पी. दत्ता टी सीरीज के साथ मिलकर प्रोड्यूस कर रहे हैं। 28 साल पहले आई बॉर्डर का निर्देशन जेपी दत्ता ने किया था। 26 जनवरी 2026 को फिल्म बॉर्डर 2 रिलीज होगी। जब फिल्म बॉर्डर (1997) की रिलीज को 27 साल पूरे हुए थे तब सनी देओल ने एक वीडियो शेयर किया था। इसमें उन्होंने बताया था कि बॉर्डर 2 आएगी। बता दें, फिल्म बॉर्डर (1997) भी एक लंबी स्टारकास्ट के साथ बनाई गई थी। जिसमें सनी देओल लीड रोल में थे, वहीं जैकी श्रॉफ, सुनील शेट्टी, अक्षय खन्ना, कुलभूषण खरबंदा, पुनीत इस्सर, पूजा भट्ट, राखी गुलजार और तबू जैसे कलाकार नजर आए थे। वो फिल्म बॉक्स ऑफिस पर भी सुपरहिट साबित हुई थी।

स्त्री 2 में किया है वरुण धवन ने कैमियो

वरुण धवन ने 15 अगस्त को रिलीज हुई राजकुमार राव-श्रद्धा कपूर स्टारर स्त्री 2 में भी कैमियो किया है और फिल्म में उनका रोल इंपॉर्टेंट भी रखा गया है। बता दें कि इसके पहले वरुण धवन मैडॉक फिल्म्स के हॉरर कॉमेडी यूनिवर्स में भेड़िया बनकर दिख चुके हैं। इस फिल्म में भी वो भेड़िया के ही किरदार में नजर आए थे। उनकी एंट्री होते ही थिएटर्स में सीटियां बजनी शुरू हो जाती हैं।



## बतौर कलाकार पर्दे पर नजर आने के बाद, इन अभिनेत्रियों ने खोली खुद की प्रोडक्शन कंपनी

भारतीय फिल्म इंडस्ट्री में हर साल हजारों फिल्में बनाई जाती हैं। निर्माता भी अब फिल्मों पर मोटा पैसा लगा रहे हैं। ओटीटी के बढ़ते चलने के कारण फिल्मों को लेकर होने वाले नुकसान की संभावना अब थोड़ी कम हो गई है। फिल्म रिलीज होने के पहले ही निर्माता इसके डिजिटल अधिकार ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को बेच देते हैं, जिससे उन्हें अच्छा खासा पैसा मिल जाता है। फिल्म निर्माण में नुकसान की संभावना कम होते ही कई कलाकार भी अब इस क्षेत्र में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। बीते कुछ सालों में कई अभिनेत्रियों ने भी अपनी खुद की प्रोडक्शन कंपनी खोली है, जिसके तहत वो अपने हिसाब की फिल्में भी बना रही हैं। आज इस लेख में हम बात करेंगे उन अभिनेत्रियों की, जिनकी अपनी फिल्म प्रोडक्शन कंपनी है।

### कृति सैनन

इस कड़ी में सबसे ताजा नाम है अभिनेत्री कृति सैनन का। कृति हिंदी फिल्मों की जानी-मानी अभिनेत्री हैं। साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म हीरोपंती से उन्होंने बतौर हिंदी फिल्म अभिनेत्री अपने करियर की शुरुआत की थी। अपने नौ साल के फिल्मी सफर में उन्होंने अपने लिए मुकाम हासिल कर लिया है। इस साल भी उनकी दो फिल्में रिलीज हुई हैं, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया है। उनकी फिल्म क्रू और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया को दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया मिली है। बतौर अभिनेत्री अपनी पहचान हासिल करने के बाद अभिनेत्री ने अब फिल्म निर्माण में उतरने जा रही हैं। उन्होंने हाल में ही सोशल मीडिया के द्वारा अपनी प्रोडक्शन कंपनी को लेकर जानकारी दी थी। उन्होंने अपनी फिल्म प्रोडक्शन कंपनी का नाम ब्लू बटरफ्लाई फिल्म्स रखा है।

### दीपिका पादुकोण

दीपिका पादुकोण मौजूदा दौर की बेहद मशहूर अभिनेत्रियों में से एक हैं। इसके अलावा वह बड़े बजट की फिल्मों में निर्माताओं की पहली पसंद बनती जा रही हैं। उनकी आखिरी तीन फिल्में पठान, जवान और फाइटर ने बॉक्स ऑफिस पर 2500 करोड़ से भी ज्यादा रुपये का कारोबार किया है। जल्द ही उनकी एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म कल्कि 2898 एडी रिलीज होने वाली है। ये फिल्म की अब तक की सबसे महंगी भारतीय फिल्मों में से एक है। दीपिका ने हिंदी फिल्मों में अपना करियर साल 2007 में आई फिल्म ओम शांति ओम से शुरू किया था। बॉलीवुड में अपने 17 साल के लंबे करियर के दौरान बतौर अभिनेत्री उन्होंने कई बेहतरीन फिल्में की हैं। अभिनय के अलावा अभिनेत्री ने अपनी एक प्रोडक्शन कंपनी भी स्थापित की है। इस प्रोडक्शन कंपनी का नाम का प्रोडक्शंस है, जिसके तहत उन्होंने 83 और छपाक जैसी फिल्मों का निर्माण किया है।

### कंगना रनौत

कंगना रनौत बॉलीवुड की जानी मानी अभिनेत्री हैं। हाल में ही उन्होंने राजनीति में भी कदम रखा है। उन्होंने हिंदी फिल्मों में साल 2006 में रिलीज हुई फिल्म गैंगस्टर से कदम रखा था, जिसके लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ नवोदित अभिनेत्री का पुरस्कार भी मिला था। उन्होंने अपने 18 साल लंबे करियर में कई बेहतरीन फिल्में की हैं। उन्हें अब तक पांच राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी मिल चुका है। बतौर अभिनेत्री फिल्मों में अपनी छाप छोड़ने के बाद उन्होंने बतौर निर्माता भी काम किया। उनकी अपनी प्रोडक्शन कंपनी है, जिसका नाम मणिकर्णिका फिल्म्स है। उन्होंने साल 2020 में इस प्रोडक्शन कंपनी को लॉन्च किया था। इसके तहत उन्होंने मणिकर्णिका और टिकू वेड्स शेरू जैसी फिल्में बनाईं हैं।

### अनुष्का शर्मा

मशहूर अभिनेत्री अनुष्का शर्मा ने हिंदी फिल्मों में बतौर अभिनेत्री फिल्म रब ने बना दी जोड़ी से डेब्यू किया था। साल 2008 में रिलीज हुई इस फिल्म में वह बॉलीवुड सुपरस्टार शाहरुख खान के साथ नजर आई थीं। अपने 16 साल लंबे करियर में उन्होंने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है। फिल्मों में अपनी अदाकारी का जलवा बिखेरने के बाद उन्होंने फिल्म निर्माण के क्षेत्र में कदम रखा। उन्होंने अक्तूबर 2013 में अपने भाई के साथ मिलकर अपनी प्रोडक्शन कंपनी क्लीन स्लेट फिल्म्स की स्थापना की। इस प्रोडक्शन कंपनी के बैनर तले उन्होंने एनएच 10, परि, कला और आगामी फिल्म चकदा एक्सप्रेस आदि फिल्मों का निर्माण किया है।

इसके अलावा इस प्रोडक्शन कंपनी ने पाताल लोक, कोहरा आदि वेब सीरीज भी बनाई हैं।





## खुशी कपूर ने नैन-नक्श बदलने के लए लिया प्लास्टिक सर्जरी का सहारा!

अभिनेत्रियां खूबसूरत दिखने के लिए अलग-अलग एक्सपेरिमेंट करती रहती हैं। अक्सर ही अभिनेत्रियों के चेहरे और शरीर में आए बदलाव को नेटिजन्स नोटिस करते हैं और उनपर सर्जरी का आरोप लगाते नजर आते हैं। इस सूची में अब दिवंगत अभिनेत्री श्रीदेवी और निर्माता बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर का भी नाम जुड़ गया है। हालांकि, स्टारकिड ने प्लास्टिक सर्जरी कराने की बात खुलकर स्वीकार की है। खुशी कपूर के जरिए प्लास्टिक सर्जरी की बात कबूल किए जाने पर एक सोशल मीडिया यूजर ने टिप्पणी की, यह बहुत अच्छा है कि वह इसे अपना रही हैं। यह उनकी पसंद है, और वह स्वाभाविक होने का दिखावा नहीं कर रही हैं। उम्मीद है, इससे प्लास्टिक सर्जरी से नफरत रुक जाएगी। एक अन्य ने कहा, टजब यह इतना स्पष्ट है तो इसे नकारने का कोई मतलब नहीं है। कई अभिनेत्रियां ऐसा करती हैं, लेकिन खुशी ने इसे स्वीकारा जो काबिल-ए-तारीफ है। द आर्चीज से अपना अभिनय डेब्यू करने वालीं खुशी कपूर अपनी निजी जिंदगी को लेकर काफी लाइमलाइट बटोरती हैं। कथित तौर पर वह फिल्म से अपने को-स्टार वेदांग रैना को डेट कर रही हैं। दोनों को कई अवसरों पर एक साथ देखा जा चुका है। हालांकि, न तो खुशी और न ही वेदांग ने इन खबरों की पुष्टि की है। काम के मोर्चे पर, आने वाले दिनों में खुशी कपूर को रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म नादानियां में देखा जाएगा।



## धर्मा प्रोडक्शन से निकाले गए थे अभिषेक बनर्जी

स्त्री और भेड़िया जैसी बेहतरीन फिल्मों का हिस्सा रहे एक्टर अभिषेक बनर्जी ने अपने करियर की शुरुआत बतौर कास्टिंग डायरेक्टर की थी। एक समय पर वो धर्मा प्रोडक्शन के लिए कास्टिंग का काम किया करते थे, हालांकि एक बार उनके काम से नाखुश होकर करण जौहर ने उन्हें फिल्म से निकाल दिया था। एक्टर को लगा था कि इससे उनका करियर बर्बाद हो जाएगा, हालांकि ऐसा नहीं हुआ। अभिषेक बनर्जी साल 2012 में रिलीज हुई फिल्म अग्निपथ के कास्टिंग डायरेक्टर थे। इस फिल्म को करण जौहर ने प्रोड्यूस किया था, जबकि इसके डायरेक्टर करण मल्होत्रा थे। फिल्म के प्रोड्यूसर को अभिषेक द्वारा की गई कास्टिंग इतनी बुरी लगी कि उन्होंने सीधे फिल्म से निकाल दिया। इस पर सिद्धार्थ कानन को दिए एक इंटरव्यू में अभिषेक बनर्जी ने कहा है, हमें अग्निपथ से बाहर निकाला गया था। हम उस फिल्म के लिए कास्टिंग कर रहे थे। हालांकि बाद में उस फिल्म की कास्टिंग का काम जोगी भाई (मलंग) ने किया था। हमें क्यों निकाला गया था? क्योंकि करण सर को हमारी कास्टिंग पसंद नहीं आई थी। आगे उन्होंने कहा है, हम फिल्म में अनुराग कश्यप जैसे एक्टर कास्ट कर रहे थे। उन्हें वो पसंद नहीं आया और उन्होंने कहा, निकल जाओ हमारी फिल्म से। हमें लगा था कि हमारा करियर बर्बाद, खत्म। क्योंकि हमें धर्मा प्रोडक्शन से निकाला गया था। हमें लगा हम खत्म हो गए, लेकिन खुशकिस्मती से हमने सर्वाइव कर लिया।

बताते चलें कि इन दिनों अपनी एक्टिंग से सुर्खियों में रहने वाले एक्टर अभिषेक बनर्जी ने साल 2010 में बतौर कास्टिंग डायरेक्ट करियर की शुरुआत की थी। उन्होंने विद्या बालन स्टारर फिल्म द डर्टी पिक्चर और रानी मुखर्जी स्टारर फिल्म नो वन किल्ड जेसिका, मिक्की वायरस, गब्बर इज बैक, रॉक ऑन 2, ओके जानू, सीक्रेट सुपरस्टार, कलंक जैसी फिल्मों के लिए कास्टिंग का काम किया था। एक्टिंग करियर की बात करें तो अभिषेक ने साल 2006 की फिल्म रंग दे बसंती में एक छोटी सी भूमिका निभाकर एक्टिंग डेब्यू किया था। कई फिल्मों में छोटी-मोटी भूमिका निभाने के बाद अभिषेक ने साल 2018 की फिल्म स्त्री से पहचान बनाई थी। इस साल एक्टर वेदा और स्त्री 2 में नजर आए हैं।



## हाईवे के लिए आलिया नहीं थी पहली पसंद

इम्तियाज अली के निर्देशन में बनी फिल्म हाईवे आलिया भट्ट के करियर के लिए मील का पत्थर साबित हुई। इस फिल्म में वीरा की भूमिका में आलिया के अभिनय प्रदर्शन को खूब सराहा गया था। मगर क्या आपको पता है कि आलिया इस फिल्म के लिए मेकर्स की पहली पसंद नहीं थीं। इम्तियाज अली ने हाल ही में एक बातचीत में बताया कि लीड रोल के लिए उन्हें आलिया जैसी युवा अभिनेत्री की बजाय एक परिपक्व महिला की कल्पना की थी। हालांकि, एक फिल्म की स्क्रीनिंग पर आलिया से मुलाकात ने उनका मन बदल दिया।

उन्होंने बताया कि बातचीत के दौरान आलिया की गर्मजोशी और भावनात्मक गहराई उन्हें काफी पसंद आई। इम्तियाज अली ने कहा, उनकी भावनात्मक क्षमता बहुत अधिक थी। तो मैं उनसे बात करने के लिए आकर्षित हुआ। उन्होंने बताया कि जैसे-जैसे उनकी चर्चा घर और समाज जैसे गहरे विषयों पर बात करती आलिया की असली आवाज सामने आई। इस बातचीत ने उन्हें एहसास दिलाया कि वीरा में वह भावनात्मक गहराई, जिसे वह तलाश रहे थे। वह वास्तव में उनके सामने मौजूद यंग अभिनेत्री में है। निर्देशक ने बताया कि उनका विचार एक बड़ी उम्र की अभिनेत्री को कास्ट करना था। मतलब, ऐश्वर्या राय जैसी कोई अभिनेत्री, जिसे उन्होंने बिना मेकअप के वीरा की भूमिका के लिए एकदम सही माना। हालांकि, आलिया भट्ट से मिलने के बाद उन्होंने कभी किसी और अभिनेत्री से संपर्क नहीं किया। इम्तियाज ने बताया, बिना मेकअप के ऐश्वर्या राय एक बढ़िया विकल्प होंगी, लेकिन मैंने किसी से संपर्क नहीं किया।

इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित हाईवे साल 2014 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। यह एक भावपूर्ण बॉलीवुड ड्रामा है, जो वीरा त्रिपाठी की कहानी बताती है। फिल्म में वीरा का किरदार आलिया ने निभाया था। वह एक अमीर परिवार से थीं, जिसे हाईवे पर डकैती के दौरान किडनैप कर लिया जाता है। मगर, वीरा को उसी कैद में आजादी और सुकून मिलता है, जिससे वह डरती थीं। आलिया भट्ट ने वीरा के रूप में अपने करियर को एक नई उड़ान दी थी। फिल्म में उनके अभिनय प्रदर्शन की जमकर प्रशंसा हुई थी। रणदीप हुड्डा ने महाबीर की भूमिका निभाई थी। अपने हर किरदार की तरह उन्होंने इसमें भी जान डाल दी थी। हाईवे को अनिल मेहता द्वारा व सिनेमैटोग्राफी के लिए सराहा जाता है, जो भारत के विविध और कच्चे परिदृश्यों को खूबसूरती से दिखाती है।



व्यापार

## 7 के शेयर पर टूट पड़े निवेशक

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आशापुरी गोल्ड ऑर्नामेंट के शेयर 5 प्रतिशत चढ़कर 7.32 रुपये पर पहुंच गए। शेयरों में इस तेजी के पीछे एक बड़ा ऑर्डर है। दरअसल, माइक्रो-कैप कंपनी को कई प्रमुख संस्थाओं से 105 करोड़ रुपये के एंटीक गोल्ड ज्वेलरी का ऑर्डर हासिल मिला है। इस ऑर्डर में मालाबार गोल्ड, कल्याण ज्वैलर्स इंडिया, त्रिभोवनदास भीमजी ज़वेरी और अन्य सम्मानित ग्राहकों का योगदान शामिल है।

## रक्षाबंधन पर शेयर बाजार रहेगा बंद?

**नईदिल्ली, एजेंसी।** रक्षाबंधन 2024 कल सोमवार यानी 19 अगस्त 2024 को है या फिर मंगलवार 20 अगस्त को... इस पर कंज्फूजन बना हुआ है। ऐसे में शेयर बाजार के निवेशकों के मन में सवाल है कि शेयर बाजार किस दिन बंद रहेगा। ऐसे में अगर आप भी शेयर बाजार के निवेशक हैं तो आप बीएसई और एनएसई की वेबसाइट पर छुट्टियों की लिस्ट चेक कर सकते हैं।

## ऑयल ऑफ मालाबार रतलाम में भी उपलब्ध

**रतलाम।** उत्तरी केरल का मालाबार क्षेत्र नारियल की खेती के लिए जाना जाता है, क्योंकि अनुकूल जलवायु के चलते यहां गर्मी नमी और अच्छी बारिश होती है, जिससे नारियल की खेती के लिए यह स्थान एकदम सही है। आपको बता दें कि बेहतर नारियल तेल के लिए अच्छे नारियल बहुत ज़रूरी हैं और उत्तरी मालाबार प्रीमियम ग्रेड के नारियल के उत्पादन के लिए जाना जाता है, यही वजह है कि ऑयल ऑफ मालाबार ब्रांड अपने उत्पाद के लिए लगभग 10व्र नारियल तेल मालाबार से लेता है, ताकि अच्छे नारियल तेल का निर्माण किया जा सके। ऑयल ऑफ मालाबार रतलाम सहित मध्य प्रदेश में भी उपलब्ध हैं। ऑयल ऑफ मालाबार रतलाम सहित मध्य प्रदेश में भी उपलब्ध हैं। कम ही लोगों को पता होगा कि मालाबार तट पर सदियों से नारियल के पेड़ों की खेती की जा रही है, ऐतिहासिक प्रमाण बताते हैं कि हज़ारों सालों से नारियल के पेड़ इस क्षेत्र की मुख्य फसल थे और यह नारियल के व्यापार का भी प्रमुख केंद्र था। ऑयल अरब सागर के साथ मालाबार तट की महत्वपूर्ण स्थिति के कारण यहां अरब और यूरोपीय व्यापारियों के साथ नारियल का व्यापार किया जाता था। उत्तरी मालाबार में नारियल की अच्छी किस्में उगाई जाती हैं, यहां की जलवायु, भरपूर बारिश और अच्छी जल निकासी वाली मिट्टी के कारण नारियल में तेल की मात्रा भी अधिक होती है और उनका स्वाद भी बेहतर होता है।

# ईशा अंबानी ने विदेशी ब्यूटी ब्रैंड के साथ डील की

## किको मिलानो के साथ यह डील 100 करोड़ रुपये में हुई है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी की बेटी ईशा अंबानी ने एक विदेशी ब्यूटी और कॉस्मेटिक ब्रैंड के साथ 100 करोड़ रुपये की डील की है। इस विदेशी ब्रैंड का नाम किको मिलानो है। इस ब्यूटी और कॉस्मेटिक ब्रैंड के भारत आने से यहां पहले से मौजूद दूसरी ब्यूटी प्रोडक्ट कंपनियों को कड़ी टक्कर मिलेगी। यह पहली बार नहीं है जब ईशा ने किसी विदेशी कंपनी के साथ डील की है। ब्यूटी ब्रैंडकिको मिलानो की शुरुआत 1997 में इटली में हुई थी। इस कंपनी के 1200 से ज्यादा स्कीन केयर और ब्यूटी केयर प्रोडक्ट्स हैं।

ईशा अंबानी रिलायंस रिटेल बिजनेस की कमान संभालती हैं। ईशा ने रिटेल बिजनेस में कई बड़े



अधिग्रहण किए हैं और कई इंटरनेशनल ब्यूटी ब्रैंड के साथ डील की है। रिलायंस रिटेल ने इससे पहले ग्लोब्ल ब्यूटी ब्रैंड टीरा ब्यूटी का भी अधिग्रहण किया था। टीरा रिलायंस रिटेल का एक ब्यूटी और पर्सनल केयर ब्रैंड है। शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान टीरा के ब्रैंड एंबेसडर में से एक हैं।

### क्या है ईशा का प्लान

जानकारों के मुताबिक इस डील के बाद इसके देश के 6 शहरों में स्टोर खोले जाएंगे। इनमें दिल्ली, मुंबई, पुणे, लखनऊ आदि शामिल हैं। किको मिलानो को भारत लाने से ईशा टाटा (लैक्मे और टाटा क्लिक) और ह्4ड्ढड्ड समेत कई ग्लोबल ब्यूटी ब्रैंड को टक्कर देने जा रही हैं। इसके अलावा ईशा देशभर में 20 नए ब्यूटी स्टोर खोलने की भी तैयारी में है।

### कितना बड़ा है देश का कॉस्मेटिक मार्केट

एक रिपोर्ट के मुताबिक देश में ब्यूटी और पर्सनल केयर मार्केट बहुत तेजी से बढ़ रहा है। अभी यह करीब 16 अरब डॉलर का है। भारत दुनिया में चौथा सबसे बड़ा ब्यूटी मार्केट है। साल 2026 तक इसमें 40 फीसदी की तेजी आ सकती है। वहीं बात अगर पर्सनल केयर, स्कीन केयर और मेकअप की करें तो साल 2026 तक इसमें 4.5 फीसदी की तेजी हो सकती है।

### इन इंटरनेशनल ब्रैंड के साथ भी हो चुकी है डील

किको मिलानो इटली का पॉपुलर कॉस्मेटिक और मेकअप ब्रैंड है। इसके अधिग्रहण को लेकर पिछले कई महीनों से बातचीत चल रही थी। इससे पहलेकिको मिलानो को इटली की ग्रुप और नई दिल्ली की ध्ररुन्न ब्रैंड्स लिमिटेड संचालन कर रही थी। इसका अधिग्रहण अब रिलायंस रिटेल ने कर लिया है। इस डील से पहले ईशा वर्साचे, अरमानी, बालेनियागा, बॉस जैसे कईइंटरनेशनल ब्रैंड के साथ डील कर चुकी हैं।

## रामा स्टील ट्यूब्स लिमिटेड का रक्षा क्षेत्र में प्रवेश

**मुंबई।** लगभग पांच दशकों के अनुभव के साथ भारत में स्टील ट्यूब्स और पाइप्स और जीआई पाइप्स के क्षेत्र में अग्रणी निर्माता रामा स्टील ट्यूब्स लिमिटेड (आरएसटीएल) (बीएसई- 539309, एनएसई- रामस्टील) ने घोषणा की है कि इसके बोर्ड ने प्रस्तावित नाम रामा डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक रक्षा संबंधी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के गठन को मंजूरी दे दी है। भारत में शामिल होने वाली प्रस्तावित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी रक्षा क्षेत्र में कारोबार करेगी। इससे पहले कंपनी ने घोषणा की थी कि वह अपनी पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी लेपाक्षी ट्यूब्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से अनंतपुर, आंध्र प्रदेश में विनिर्माण क्षमता बढ़ाकर घरेलू स्टील की मजबूत मांग का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से अच्छी स्थिति में है। कंपनी रियल एस्टेट, इंफ्रास्ट्रक्चर और ऑटोमोबाइल जैसे प्रमुख स्टील उपभोग क्षेत्रों से मजबूत घरेलू स्टील की मांग का लाभ उठाने के लिए रणनीतिक रूप से अच्छी स्थिति में है। बढ़ी हुई घरेलू मांग और कम सामग्री की कीमतों से उद्योग को सकारात्मक बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हमारे आसपास बहुत सारे पुल, बिल्डिंग और पाइपलाइन होते हैं। इन सबको बनाने के लिए स्टील के पाइप का इस्तेमाल किया जाता है। ये पाइप बहुत मजबूत होते हैं और इनकी मदद से ही बड़ी-बड़ी इमारतें खड़ी हो पाती हैं।

## नकदी के लेनदेन की जानकारी नहीं दे रहे होटल और अस्पताल, अब आयकर विभाग कसेगा शिकंजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** देशभर में तमाम होटल, अस्पताल समेत कई बड़े लग्जरी ब्रांड पर आयकर विभाग शिकंजा कसने की तैयारी में है। यह संस्थान लगातार नकदी के लेनदेन को लेकर जानकारी साझा नहीं कर रहे हैं। अब केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने आयकर विभाग को ऐसे संस्थानों में नकदी के लेनदेन की जांच करने का निर्देश दिया है। इसके बाद आयकर विभाग ने सूची तैयार करनी शुरू कर दी है।

आयकर विभाग के नियमों के मुताबिक वित्तीय संस्थानों के दो लाख रुपये से अधिक के नकदी लेनदेन का विवरण देना जरूरी होता है। लेकिन देश में तमाम बड़े संस्थान ऐसा नहीं कर रहे हैं। इसे लेकर केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) ने जांच की। जांच करने पर पाया गया कि प्रावधानों का उल्लंघन किया जा रहा है। उच्च मूल्य वाले उपभोग व्यय को करदाता के बारे में जानकारी के साथ सत्यापित करना जरूरी है। इस पर बोर्ड ने आयकर विभाग को जांच के निर्देश दिए हैं। बोर्ड ने हाल में केंद्रीय कार्य योजना (सीएपी) 2024-25 जारी की है। सीबीडीटी ने आयकर विभाग से यह भी कहा है कि जांच हस्तक्षेप के बिना होनी चाहिए। सीबीडीटी ने आयकर विभाग से बकाया मांगों की वसूली के लिए ठोस प्रयास करने को भी कहा है। इसके बाद आयकर विभाग ने होटलों, बैंक्वेट हॉल, लक्जरी ब्रांड के खुदरा विक्रेताओं, आईवीएफ क्लीनिक, अस्पताल, डिजाइनर कपड़ों की दुकानों और एनआरआई कोटा मेडिकल कॉलेज सीटों की पहचान की है। इन व्यावसायिक संस्थानों में आयकर नियमों का पालन नहीं किया गया और बड़े पैमाने पर नकदी का लेनदेन किया गया।

### फर्जी संदेश से करदाताओं को आयकर विभाग ने किया सावधान

कर अदा कर चुके करदाता जो इनकम टैक्स रिफंड का इंतजार कर रहे हैं उन्हें आयकर विभाग ने फर्जी संदेशों से सावधान किया है। आयकर विभाग ने मोबाइल फोन पर आने वाले कर रिफंड की स्वीकृति वाले संदेशों से करदाताओं को बचने की सलाह दी है। आयकर विभाग ने इसे एक घोटाला करार दिया है।

## 27 की उम्र में उठा पति का साया, 47 की उम्र में शुरू की फिश फार्मिंग, आज 45 लाख रुपये का टर्नओवर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बढ़ती उम्र में किसी भी शख्स के लिए कोई भी बिजनेस शुरू करना आसान नहीं होता। लेकिन कहते हैं कि जहां चाह, वहां राह। ऐसा ही कुछ किया 51 साल की सुबुही नाज ने। सिर से पति का साया उठने के बाद उन्होंने रेडिमेड कपड़े बेचने का काम शुरू किया। बेटे ने पढ़ाई के दौरान उन्हें एक सलाह दी। यह सलाह काफी काम आई और उन्होंने 47 साल की उम्र में फिश फार्मिंग शुरू की। आज सुबुही का बिजनेस काफी अच्छा चल रहा है। इनके बिजनेस का सालाना टर्नओवर 45 लाख रुपये है। सुबुही को नेशनल अवॉर्ड से भी सम्मानित किया जा चुका है।

सुबुही की शादी के करीब तीन साल बाद यानी 1997 में उनके पति का निधन हो गया। उस समय उनकी उम्र 27 साल थी और उनका एक बेटा अब्दुल रहमान था। उनके सामने घर चलाने का संकट पैदा हो गया था। उन्होंने जनवरी 1998 में वाराणसी में



एक रेडिमेड गारमेंट की एक छोटी दुकान खोली। दुकान से उन्हें इतनी कमाई होने लगी कि वह अपने घर का खर्चा चला सकें। उन्होंने अपने बेटे को भी पढ़ाना शुरू कर दिया।

बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी से आर्ट्स में ग्रेजुएशन सुबुही के मुताबिक सब कुछ सही चल रहा था, लेकिन एक दिन सब कुछ बदल गया। सुबुही के बेटे अब्दुल ने फिशरी साइंस में ग्रेजुएशन किया और कोलकाता स्थित आईसीएआर-केन्द्रीय मत्स्य शिक्षा संस्थान में जॉब शुरू कर दी थी। सुबुही ने बताया, एक दिन अब्दुल ने मुझे फोन किया और फिश फार्मिंग में संभावनाओं के बारे में बताया। उसने मुझे प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के बारे में भी बताया। इसके बाद मैंने फिश फार्मिंग में कदम आगे बढ़ाया और यह कोर्स किया। उस समय मेरी उम्र 47 साल थी।

### दो साल में 83.6 मीट्रिक टन मछली का उत्पादन

फिश फार्मिंग के लिए उन्हें PMMSY से जुड़ी कई सुविधाएं भी मिलीं। साथ ही सरकार ने सुबुही को बिजनेस शुरू करने के लिए 30 लाख रुपये की सब्सिडी भी दी। उन्होंने एक प्लांट लगाकर मछली का उत्पादन शुरू कर दिया। सुबुही का फिश फार्मिंग का बिजनेस चल पड़ा। उन्होंने साल 2022 और 2024 के बीच 83.6 टन मछली का उत्पादन किया। इतने उत्पादन के कारण उन्हें नेशनल फिश फार्मर अवॉर्ड 2024 से सम्मानित किया गया।

### गलतियों से मिली सीख

ऐसा नहीं है कि सुबुही का बिजनेस शुरू होते ही चल पड़ा। शुरुआत में उनसे कई गलतियां हुईं। उन्होंने गलतियों से सबक लिया। सुबुही बताती हैं कि वित्त वर्ष 2023 में उन्होंने 30.2 टन और वित्त वर्ष 2024 में 36.4 टन मछली का उत्पादन किया। वह अपने बनाए हुए तालाबों में कई तरह की मछलियों का उत्पादन करती हैं। इनमें ग्रास कार्प, मृगल कार्प, कतला, रोहू आदि शामिल हैं।

## निर्मला सीतारमण से मिलीं गीता गोपीनाथ, भारतीय इकोनॉमी में सुधार के लिए की सराहना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईएमएफ की फर्स्ट डिप्टी एमडी गीता गोपीनाथ ने शनिवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से मुलाकात की। उन्होंने आर्थिक नीतियों में सुधार जारी रखने के लिए वित्त मंत्री की सराहना की। निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत आईएमएफ के साथ सहयोग बढ़ाने के नए रास्ते तलाशेगा। इससे पहले गीता गोपीनाथ ने कहा था कि भारत को 2030 तक 6 से 14 करोड़ जॉब पैदा करने पड़ेंगे। हर साल देश में कम से कम 1 करोड़ नौकरियां पैदा होनी चाहिए।



इंटरनेशनल मोनेट्री फंड की गीता गोपीनाथ ने एक इंटरव्यू में कहा कि अगर भारत 1 करोड़ से 2.4 करोड़ नौकरियां हर साल पैदा करेगा तो उसकी आर्थिक गति रफ्तार पकड़े रहेगी। उन्होंने कहा कि महंगाई एक बड़ी चुनौती है। हालांकि, कई देशों में यह अब सुस्त पड़ने लगी है। हालांकि, नौकरियों के मोर्चे पर स्थिति में अभी उतना सुधार नहीं है। कई देशों में संघर्ष के चलते खाद्य वस्तुओं के दाम ऊपर गए हैं। तेल की कीमतों के भी ऊपर जाने की आशंका है। इस साल कई देशों में चुनाव की वजह से भी अनिश्चितता बनी हुई है। भारत में महंगाई दर फिलहाल नियंत्रण में है।

गीता गोपीनाथ ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि दर संतुष्ट करने वाली है। भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती इकोनॉमी बना हुआ है।

## 1 के पावर शेयर में तूफानी तेजी, 31 पर आया भाव

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अनिल अंबानी की कंपनी रिलायंस पावर के शेयर पिछले कई सेशंस से लगातार फोकस में हैं। कंपनी के शेयर बीते शुक्रवार को 5 प्रतिशत तक चढ़ गए और 31.25 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। शेयरों में इस तेजी के पीछे जून तिमाही के नतीजे हैं। दरअसल, जून तिमाही में रिलायंस पावर का घाटा कम हुआ है और कंपनी का रेवेन्यू बढ़ा है।

### जून तिमाही के नतीजे

रिलायंस पावर का जून, 2024 को समाप्त तिमाही में एकीकृत घाटा कम होकर 97.85 करोड़ रुपये रह गया है। कंपनी ने कहा कि आमदनी में सुधार से उसका घाटा कम हुआ है। इससे पिछले वित्त वर्ष 2023-24 की अप्रैल-जून अवधि में कंपनी को 296.31 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कंपनी ने कहा कि तिमाही के दौरान उसकी आय 1,951.23 करोड़ रुपये से बढ़कर 2,069.18 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। कंपनी का शेयर बीएसई पर बुधवार को 2.01 प्रतिशत की गिरावट के साथ 29.77 रुपये पर बंद हुआ। कंपनी के पास करीब 6,000 मेगावाट की परिचालन बिजली उत्पादन संपत्तियां है।

## 5 कंपनियां कल ट्रेड करेंगी एक्स-डिवीडेंट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार में कल 5 कंपनियां एक्स-डिविडेंड स्टॉक के तौर पर ट्रेड करेंगी। इन कंपनियों की लिस्ट में मुकेश अंबानी की अगुवाई वाली कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज भी एक है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को दी जानकारी में कहा है कि एक शेयर पर 2.5 रुपये का फाइनल डिविडेंड दिया जाएगा। शुक्रवार को कंपनी के शेयरों का भाव बीएसई में 0.63 प्रतिशत की गिरावट के बाद 3952.10 रुपये के लेवल पर बंद हुआ था।

## 10 के शेयर वाली कंपनी के कर्ज में गिरावट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार की तूफानी तेजी के बीच आयरन एंड स्टील प्रोडक्ट से जुड़ी स्मॉल-कैप कंपनी रामा स्टील ट्यूब्स के शेयर सुस्त नजर आए। इस पेनी शेयर में 1.50 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आई और भाव 10.57 रुपये के स्तर पर रह गया। जून 2024 में शेयर 9.91 रुपये के निचले स्तर पर था। यह शेयर के 52 हफ्ते का निचला स्तर है। हालांकि, इसी साल शेयर ने 23 जनवरी 2024 को 16.82 रुपये के स्तर को टच किया था। यह शेयर के 52 हफ्ते का हाई था।

### सोमवार को शेयर पर रहेगी नजर

सोमवार को जब भारतीय शेयर बाजार में ट्रेडिंग होगी तो रामा स्टील ट्यूब्स के शेयर फोकस में होंगे। स्मॉल-कैप कंपनी के निदेशक मंडल ने अपनी रक्षा सहायक कंपनी, रामा डिफेंस प्राइवेट लिमिटेड का गठन किया है।

## सिट्रोएन इंडिया ने भारत की पहली मेनस्ट्रीम एसयूवी कूपे बैसाल्ट लॉन्च की

**मुंबई, एजेंसी।** सिट्रोएन इंडिया ने भारत की पहली मेनस्ट्रीम एसयूवी कूपे बैसाल्ट के लॉन्च की घोषणा कर दी। इसमें ग्राहकों को एसयूवी के मज़बूत आकर्षण के साथ कूपे का स्लीक एलिगेंस और विशाल रिफाईनमेंट मिलेगा। सिट्रोएन बैसाल्ट में बोल्ड, कमांडिंग स्टांस, श्रेणी में सबसे विशाल स्पेस और एयरोडायनामिक सिल्हुएट के साथ ड्राइविंग का अतुलनीय अनुभव प्राप्त होगा। 100 सालों से सिट्रोएन की विरासत रही इनोवेशन और कम्फर्ट की प्रतिबद्धता के साथ बैसाल्ट ऑटोमोटिव उत्कृष्टता का एक नया युग शुरू कर रही है, जिसमें आधुनिक फीचर्स और ड्राइविंग के आनंद को सबसे ज्यादा महत्व दिया जाता है। बैसाल्ट की डिलीवरी पूरे देश में स्थित ला मेज़ों सिट्रोएन फ़िज़िटल शोरूम्स से सितंबर, 2024 के पहले हफ़्ते से शुरू



होगी। नई सिट्रोएन बैसाल्ट के बारे में शैलेष हजेला, सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टेलैंटिस इंडिया ने कहा ग्राहकों के आराम और वैलबींग को महत्व देने वाली कंपनी के रूप में हम भारत की पहली मेनस्ट्रीम एसयूवी कूपे पेश करते हुए बहुत उत्साहित हैं। हमारा उद्देश्य साफ है, हम तेजी से विकसित होते हुए मिडसाईज़्ड और कॉम्पैक्ट एसयूवी बाजार में ज्यादा सुलभ और सॉफिस्टिकेटेड विकल्प प्रदान करना चाहते हैं। बैसाल्ट में आधुनिक, डिस्टिंक्टिव एसयूवी डिज़ाईन है, जो अतुलनीय कम्फर्ट, आधुनिक टेक्नोलॉजी, टॉप-टियर सुरक्षा, और असाधारण मूल्य प्रदान करता है, जिसके लिए सिट्रोएन मशहूर है। साथ ही, इसमें कूपे की विशालता और बहुमुखी सौंदर्य है, जो ऑटोमोटिव उत्कृष्टता के क्षेत्र में नए मानक स्थापित कर देगा।''

नई सिट्रोएन बैसाल्ट के लॉन्च के बारे में शैलेष हजेला, सीईओ एवं मैनेजिंग डायरेक्टर, स्टेलैंटिस इंडिया ने कहा सिट्रोएन बैसाल्ट का ऑफिशियल लॉन्च हमारे लिए गर्व का क्षण है। यह इनोवेशन और एक्सेसिबिलिटी के साथ बेहतरीन वाहन प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। बैसाल्ट का विशिष्ट एसयूवी कूपे डिज़ाईन, आधुनिक टेक्नोलॉजी और अतुलनीय कम्फर्ट भारतीय उपभोक्ताओं की विकसित होती हुई पसंद के अनुरूप है। हमें मिली बेहतरीन शुरुआती बुकिंग बाजार में इस उत्पाद की सफलता प्रदर्शित करती है, और हमें उम्मीद है कि ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों द्वारा बैसाल्ट का अनुभव लेने के साथ यह सफलता बढ़ती चली जाएगी। बैसाल्ट के साथ हम एसयूवी के स्वामित्व के अनुभव को पूरी तरह से बदलना चाहते हैं।'' शिशिर मिश्रा, ब्रांड डायरेक्टर, सिट्रोएन इंडिया ने कहा, ''सिट्रोएन बैसाल्ट केवल एक वाहन नहीं, यह ऑटोमोटिव डिज़ाईन के भविष्य में एक साहसी छलांग है। यह एसयूवी कूपे व्यवहारिकता के साथ विशालता प्रदान करने के लिए बनाई गई है, जो सिट्रोएन की इनोवेटिव भावना को प्रतिबिंबित करती है। हमारा विश्वास है कि बैसाल्ट भारत में नए मानक स्थापित कर देगी, और एक सॉफिस्टिकेटेड एवं एक्सेसिबल ड्राईविंग का अनुभव प्रदान करेगी

## सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए शानदार वित्तीय परिणामों की घोषणा की

**मुंबई, एजेंसी।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (बीएसई- 543688, एनएसई), जो घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ब्रांडेड और गैर-ब्रांडेड बासमती और गैर-बासमती चावल और अन्य उत्पादों के निर्माण, व्यापार, प्रसंस्करण और विपणन के कारोबार में लगी हुई है, ने 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपनी कमाई की घोषणा की है।

वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही (समेकीकृत) के लिए, कंपनी ने ऑपरेशन से राजस्व 23305.44 लाख रुपये दर्ज किया, जो सालाना आधार पर 24 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। एबिटा 1406.45 लाख रुपये पर रहा, जिसमें सालाना आधार पर 11 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 6 प्रतिशत बढ़कर 290.06 लाख रुपये (वित्त वर्ष 2024 की पहली तिमाही ) से बढ़कर 308.87 लाख रुपये (वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही ) हो गया। प्रति शेयर ईपीएस 0.13 रुपये रहा। इसके अलावा, बोर्ड ने क्यूआईपी, एडीआर, जीडीआर, एफसीसीबी या किसी अन्य तरीके या संयोजन के माध्यम से इक्विटी शेयरों के जारीकरण और आवंटन द्वारा 250 करोड़ रुपये तक का धन जुटाने को मंजूरी दी, जिसमें सभी नियामक और सदस्य अनुमोदन शामिल हैं। इससे पहले, बोर्ड ने घोषणा की थी कि उसके बोर्ड ने विभिन्न प्रमोटर और गैर-प्रमोटर / सार्वजनिक समूह संस्थाओं, जिसमें एफपीआई नोवा ग्लोबल अपॉर्चुनिटीज फंड पीसीसी-टचस्टोन शामिल है



# टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने पर एमसीजी में इंग्लैंड की मेजबानी करेगा ऑस्ट्रेलिया

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया 2027 में टेस्ट क्रिकेट के 150 साल पूरे होने के अवसर पर मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) में एकमात्र टेस्ट मैच के लिए इंग्लैंड की मेजबानी करेगा। पहला टेस्ट मैच मार्च 1877 को ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बीच एमसीजी में खेला गया था।

ऑस्ट्रेलिया ने यह मैच 45 रन से जीता था। इन दोनों टीमों के बीच 1977 में टेस्ट क्रिकेट के 100 साल पूरे होने पर भी मैच खेला गया था जिसमें ऑस्ट्रेलिया ने इसी अंतर से जीत हासिल की थी। इसके अलावा क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने 2024-25 से 2030-31 तक के अगले सात सत्र के लिए पुरुष टीम के टेस्ट, वनडे, टी20 अंतरराष्ट्रीय और अन्य मैचों के लिए मेजबान स्थलों को भी अंतिम रूप दिया।

# जसपाल राणा ने चयन नीति के लिए एनआरएआई की आलोचना की

## कहा- इससे निशानेबाजों को नुकसान हो रहा है

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक में दो पदक जीत कर इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर के कोच जसपाल राणा ने राष्ट्रीय महासंघ की लगातार बदलती ओलंपिक चयन नीति की आलोचना करते हुए कहा है कि इससे अतीत में कुछ सबसे होनहार प्रतिभाओं को नुकसान हुआ है और अगर इसमें सुधार नहीं किया गया तो आगे भी ऐसा होता रहेगा।

एशियाई खेल 2006 में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाले राणा ने भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ (एनआरएआई) की अपनी नीतियों में अंतिम समय में बदलाव करने की प्रवृत्ति की आलोचना की। राणा ने संपादकों से बात करते हुए अपनी राय साझा की। इस दौरान उनके साथ मनु भी मौजूद थीं जिन्होंने 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा (सरबजोत सिंह के साथ मिलकर) में कांस्य पदक जीते थे।

राणा ने कहा, '(महासंघ की) चयन नीति हर छह महीने में बदलती है। मैंने खेल मंत्री से मुलाकात करके इस पर उनसे बात की। उन्हें निर्णय लेने दें... वे जो भी निर्णय लेते हैं, सही या गलत, हम उस पर चर्चा नहीं कर रहे हैं, और



फिर उस पर कायम रहो। आप इसके बाद निशानेबाजों के प्रदर्शन में अंतर देखेंगे।

तोक्यो ओलंपिक खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल के फाइनल में जगह बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी सौरभ चौधरी और एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता पिस्टल निशानेबाज जीतू राय जैसे कई प्रतिभाशाली निशानेबाज कुछ ही वर्षों में फीके पड़ गए, जबकि वे सबसे प्रतिभाशाली निशानेबाजों में से एक थे। राणा ने कहा, 'सौरभ चौधरी कहां हैं, जीतू राय कहां हैं? क्या कोई उनके बारे में बात करता है? नहीं। क्या हम (10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज) अर्जुन बाबुता के बारे में बात कर रहे हैं, जो पेरिस में चौथे स्थान पर रहे थे। वह मामूली अंतर से पदक से चूक गए थे। क्या कोई उनकी सुध ले रहा है।

एनआरएआई ने रियो ओलंपिक के बाद तोक्यो ओलंपिक में भी पदक नहीं जीतने के बाद 2021 में अपने चयन मानदंडों में संशोधन किया। उसने कोटा हासिल करने वाले निशानेबाजों को मिलने वाले बोनस अंकों में भारी कटौती की और लंबे अंतराल के बाद टीम के चयन के लिए ट्रायल्स की शुरुआत की। राणा ने कहा कि वह बदलाव के खिलाफ नहीं हैं लेकिन ओलंपिक चक्र के दौरान अधिक निरंतरता बनाए रखना जरूरी है।

उन्होंने कहा, 'अभी हमारे पास ओलंपिक और विश्व कप के पदक विजेताओं को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई तंत्र नहीं है। हम ओलंपिक पदक विजेताओं को लंबे समय तक नहीं देखते क्योंकि हमारे पास उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए कोई प्रणाली नहीं है। पेरिस ओलंपिक के दौरान राणा को दर्शक दीर्घा से मनु को अपनी बात समझानी पड़ी क्योंकि उनके पास रेंज पर जाने के लिए जरूरी मान्यता कार्ड नहीं था। उन्हें खेल गांव से भी दूर रखा गया था लेकिन द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता ने कहा कि इससे मनु को सफल देखने के उनके उत्साह पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा।

उन्होंने कहा, 'इस तरह की पाबंदियों ने हमें अधिक मजबूत बनाया और इसका हम पर जरा सा भी असर नहीं पड़ा। हम इसके लिए तैयार थे। मेरे और मनु के बीच (समन्वय) ऐसा है कि हम बात करने की ज़रूरत नहीं है और मुझे लगता है कि हर कोच को यह सीखना होगा। राणा से जब व्यक्तिगत बनाम राष्ट्रीय कोच को लेकर चल रही बहस के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'एक म्यान में दो तलवारे नहीं हो सकती हैं। मेरा मानना है कि एक व्यक्ति को ही नेतृत्व करना चाहिए।

मनु ने भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी उषा को यह सुनिश्चित करने के लिए धन्यवाद दिया कि राणा उनकी सहायता के लिए पेरिस की यात्रा करें। मनु ने कहा, 'हमने पीटी उषा मैडम से अनुरोध किया और उन्होंने हमें आश्वासन दिया कि आप अपना काम करें और इसके बारे में चिंता न करें। मुझे उनसे दोबारा पूछने की जरूरत नहीं पड़ी।

# हमारी लड़ाई जारी रहेगी, सच्चाई की जीत होगी: विनेश फोगाट



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पेरिस ओलंपिक से स्वदेश लौटने पर भव्य स्वागत से अभिभूत पहलवान विनेश फोगाट ने कहा है कि भारतीय कुश्ती की बेहतरी के लिए उनकी लड़ाई जारी रहेगी और सच्चाई की जीत होगी। ओलंपिक में 50 किग्रा फाइनल में पहुंचने के बाद अधिक वजन के कारण अयोग्य घोषित की गईं विनेश का शनिवार को यहां पहुंचने पर जोरदार स्वागत किया गया। विनेश ने अपनी अयोग्यता के खिलाफ खेल पंचाट में अपील की थी लेकिन उसके तदर्थ प्रभाग ने उसे खारिज कर दिया था। विनेश ने अपने प्रशंसकों को संबोधित करते हुए कहा, 'हमारी लड़ाई खत्म नहीं हुई है। लड़ाई जारी रहेगी और मैं भगवान से प्रार्थना करती हूं कि सच्चाई की जीत होगी।% विनेश और उनके साथी ओलंपियन बजरंग पूनिया और साक्षी मलिक महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न को लेकर भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) और उसके पूर्व प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एक साल से अधिक समय से विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। विनेश सहित छह पहलवान पिछले साल डब्ल्यूएफआई के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जंतर-मंतर पर धरने पर बैठे थे। विनेश ने यह भी कहा कि उनका जिस तरह से शानदार स्वागत किया गया उससे उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा मिली है। इस 29 वर्षीय पहलवान ने कहा, 'मुझे अपने देशवासियों, मेरे गांव और परिवार के सदस्यों से जो प्यार मिला उससे मुझे इस झटके से उबरने में मदद मिलेगी। मैं वापस कुश्ती में लौट सकती हूं। उन्होंने कहा, 'ओलंपिक पदक से चूकना मेरी जिंदगी का सबसे बड़ा झटका है। मैं नहीं जानती कि मुझे इससे उबरने में कितना समय लगेगा। मैं नहीं जानती कि मैं कुश्ती में वापसी करूंगी या नहीं लेकिन आज मुझे जो साहस मिला है उसका मैं सही दिशा में इस्तेमाल करना चाहती हूं।

# डीपीएल टी-20 कप्तान बदोनी और आर्य के के अर्धशतक

## साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने जीता पहला मैच

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कप्तान आयुष बदोनी और प्रियांश आर्य के अर्धशतकों की बदौलत साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने यहां अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 के पहले संस्करण के पहले मैच में पुरानी दिल्ली 6 को तीन विकेट से हरा दिया। अर्पित राणा के 41 गेंदों पर 59 और वंश बेदी के 19 गेंदों पर 47 रनों की बदौलत पुरानी दिल्ली 6 ने 20 ओवर में 197/3 का स्कोर खड़ा किया जिसके बाद साउथ दिल्ली सुपरस्टार ने 19.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया।

सुपरस्टार ने 198 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए तेज गति से शुरुआत की। सलामी बल्लेबाज प्रियांश आर्य और सार्थक रे की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत उन्होंने पावर-प्ले में 73 रन बनाए। 26 गेंदों पर 41 रन बनाने वाले रे को सातवें ओवर में शिवम शर्मा ने आउट कर दिया जबकि आर्य ने 12वें



ओवर में 27 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। इसी ओवर में कप्तान आयुष बदोनी ने अंकित भड़ाना की गेंदों पर लगातार चार छक्के लगाए, जिससे टीम का कुल स्कोर 140/1 हो गया। आर्य 30 गेंदों पर तीन चौकों और चार छक्कों की मदद से 57 रन बनाने के बाद अगले ओवर में शर्मा की गेंद पर अर्पित राणा के हाथों कैच आउट हो गए। ध्रुव सिंह (2 गेंदों पर 1 रन) प्रिंस यादव की गेंद पर सस्ते में आउट हो गए जबकि बदोनी ने 14वें ओवर में 25 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया जिससे समीकरण 36 गेंदों पर 38 रनों पर सिमट गया।

पुरानी दिल्ली 6 ने लगातार चार विकेट चटकाकर नाटकीय रूप से गति बदल दी। बदोनी (29 गेंदों पर 57 रन) और तेजस्वी (1 गेंदों पर 0 रन) 15वें ओवर में आउट हो गए, कुंवर बिधूड़ी (7 गेंदों पर 5 रन) 17वें ओवर में और सुमित माथुर (10 गेंदों पर 9 रन) 19वें ओवर में आउट हो गए जिससे साउथ दिल्ली को आखिरी दो ओवर में 13 रन की जरूरत रह गई। इसके बाद विजन पंचाल और दिनेश राठी ने कुछ लचीलापन दिखाया और पांच गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले पुरानी दिल्ली 6 को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया गया और तीसरे ओवर में मंजीत (8 गेंदों पर 13 रन) के आउट होने से उसे शुरुआती झटका लगा। दक्षिण दिल्ली के लिए दिविज मेहरा ने सफलता दिलाई, जब कुंवर बिधूड़ी ने शॉर्ट थर्ड मैन के पास तेज डाइविंग कैच लिया। शुरुआती झटके के बावजूद अर्पित राणा और स्टार विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋषभ पंत ने पारी को संभाला और पावरप्ले के अंत तक पुरानी दिल्ली को 58/1 पर पहुंचा दिया।

राणा ने धाराप्रवाह बल्लेबाजी की और 11वें ओवर में 37 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया जबकि पंत ने सहायक भूमिका निभाई। दोनों ने 13वें ओवर में टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। हालांकि राणा (41 गेंदों पर 59 रन) उसी ओवर में बदोनी की गेंद पर आउट हो गए। पंत भी जल्द ही आउट हो गए, 32 गेंदों पर 35 रन बनाने के बाद 15वें ओवर में कुंवर बिधूड़ी ने उन्हें आउट कर दिया। 15 ओवर के बाद जब पुरानी दिल्ली 6 का स्कोर 129/3 था, तब वंश बेदी और ललित यादव ने डेथ ओवरों में बाउंड्री लगाते हुए गति बढ़ा दी और 34 गेंदों पर 79 रन जोड़े। बेदी ने 19 गेंदों पर 47 और यादव ने 21 गेंदों पर 34 रनों की तेज पारी खेली जिससे पुरानी दिल्ली 6 ने निर्धारित 20 ओवरों में 197/3 का प्रभावशाली स्कोर बनाया।

# पैट कमिंस ने भारत के खिलाफ श्रृंखला को देखते हुए लिया लंबा ब्रेक

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान पैट कमिंस ने इस साल के आखिर में भारत के खिलाफ प्रतिष्ठित बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के लिए होने वाली पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला को ध्यान में रखते हुए आठ सप्ताह का ब्रेक लिया है। कमिंस अमेरिका में मेजर लीग क्रिकेट में भाग लेने के बाद हाल में ऑस्ट्रेलिया लौटे हैं।



ऑस्ट्रेलिया में गर्मियों के व्यस्त कार्यक्रम को देखते हुए उन्होंने खुद को तरोताजा रखने के लिए विश्राम करने का फैसला किया है। इस कारण उन्हें इंग्लैंड के सीमित ओवरों के दौरे के लिए टीम में नहीं चुना गया है। कमिंस ने कहा, 'ब्रेक के बाद वापसी करने पर हर कोई तरोताजा महसूस करता है। आपको इसका कभी अफसोस नहीं होता। उन्होंने कहा, 'मैं लगभग 18 महीने पहले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल से लगातार गेंदबाजी कर रहा हूं। इस ब्रेक से मुझे सात या आठ सप्ताह तक आराम करने का समय मिल जाएगा। इसके बाद मैं तरोताजा होकर गर्मियों के लिए तैयारी शुरू कर सकता हूं।

ऑस्ट्रेलिया ने 2017 के बाद से बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी नहीं जीती है और कमिंस यह श्रृंखला जीतने के लिए बेताब हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने अभी तक यहां ट्रॉफी नहीं जीती है। यह एक ऐसी ट्रॉफी है जिसे अभी तक हमारी टीम के कई खिलाड़ी नहीं जीत पाए हैं। गर्मियों में हमारा लक्ष्य इसे जीतना होगा। भारत की टीम वास्तव में बहुत अच्छी है। हम एक दूसरे के खिलाफ काफी क्रिकेट खेलते हैं और एक दूसरे को अच्छी तरह से समझते हैं लेकिन मुझे लगता है कि इस बार हम ट्रॉफी जीतने के लिए अच्छी स्थिति में हैं।

कमिंस फिलहाल टी20 क्रिकेट छोड़ने के मूड में नहीं हैं और उन्हें उम्मीद है कि वह 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया को स्वर्ण पदक जीतने में मदद करेंगे। क्रिकेट को ओलंपिक खेल 2028 में शामिल किया गया है। उन्होंने कहा, 'ओलंपिक को लेकर हर कोई उत्साहित है। मैं भी उसका हिस्सा बनना चाहता हूं। मैं तब तक लगभग 35 साल का हो जाऊंगा और उम्मीद है कि मैं टीम का हिस्सा रहूंगा।

# आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स में उथल-पुथल, साथी मालिक के खिलाफ अदालत पहुंची प्रीति जिंटा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स आंतरिक उथल-पुथल का सामना कर रही है। फ्रेंचाइजी इसके मालिकों के बीच विवाद चंडीगढ़ उच्च न्यायालय पहुंच गया है। रिपोर्ट के अनुसार अभिनेत्री और सह-मालिक प्रीति जिंटा ने साथी मालिक मोहित बर्मन को अपनी फ्रेंचाइजी के शेयरों का एक हिस्सा बेचने से रोकने के लिए अदालत का रूख करते हुए कानूनी अपील दायर की है।

केपीएच ड्रीम क्रिकेट प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से फ्रेंचाइजी में 23 प्रतिशत हिस्सेदारी रखने वाली जिंटा ने आरोप लगाया है कि बर्मन, जिनके पास सबसे बड़ी हिस्सेदारी 48त्न है, अपनी 11.5 प्रतिशत हिस्सेदारी किसी अज्ञात पार्टी को बेचने का प्रयास कर रहे हैं। यह कार्रवाई मालिकों के बीच एक आंतरिक समझौते



का उल्लंघन करती है, जो अनिवार्य करता है कि बिक्री के लिए इच्छित किसी भी हिस्सेदारी को बाहरी पक्षों को पेश किए जाने से पहले एक विशिष्ट समय सीमा के भीतर मौजूदा प्रमोटरों को पेश किया जाना चाहिए।

बर्मन ने सार्वजनिक रूप से अपने शेयर बेचने की किसी भी योजना से इनकार किया है, जिंटा की कानूनी कार्रवाई से स्वामित्व समूह के भीतर संचार और विश्वास में कमी का संकेत मिलता है। यह आंतरिक संघर्ष ऐसे समय में सामने आया है जब 2022 में दो नई टीमों के जुड़ने के बाद आईपीएल फ्रैंचाइजी का मूल्यांकन आसमान छू रहा है।


पंजाब किंग्स जैसी फ्रैंचाइजी में आंशिक हिस्सेदारी की संभावित बिक्री का मूल्य लगभग 540-600 करोड़ रुपए हो सकता है, जो फ्रैंचाइजी के लिए संभावित दीर्घकालिक निहितार्थों के साथ एक महत्वपूर्ण वित्तीय निर्णय है। 20 अगस्त को सुनवाई के लिए निर्धारित इस मामले ने पंजाब किंग्स पर अनिश्चितता की छाया डाल दी है।

# यूथ ओलंपिक 2030 में शामिल होगा क्रिकेट ? भारत की दिलचस्पी से उम्मीदें बढ़ीं

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** एलए ओलंपिक 2028 में क्रिकेट की एंट्री के बाद अब अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) युवा ओलंपिक 2030 में क्रिकेट को शामिल करने के लिए गंभीरता से विचार कर रही है। हाल ही में, भारत सरकार ने युवा ओलंपिक के 2030 संस्करण की मेजबानी में रुचि व्यक्त की है। ऐसे में अब आईसीसी के आगे आने के कारण क्रिकेट फैंस और भी उत्साहित हो गए है।

आईसीसी के विकास महाप्रबंधक ने विलियम ग्लेनराइट ने इस पर सकारात्मक जवाब रिपोर्ट दी है। उन्होंने तर्क दिया है कि क्रिकेट को खेलों में जगह मिलनी चाहिए क्योंकि अन्य सभी बड़े खेल इस आयोजन का हिस्सा हैं और क्रिकेट को शामिल करने से विश्व स्तर पर खेल की जमीनी स्तर पर उपस्थिति बढ़ेगी।

यह भी तर्क दिया गया है कि भारत क्रिकेट का पावरहाउस है, इसलिए 2030 संस्करण क्रिकेट के प्रवेश के लिए उपयुक्त है। यह भी कहा गया है कि आईसीसी के लिए अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) को मनाना कोई मुश्किल काम नहीं होगा क्योंकि शीर्ष ओलंपिक संस्था ने अब क्रिकेट के महत्व और इससे ओलंपिक खेलों में आने वाले मूल्य को पहचान लिया है। युवा ओलंपिक खेलों की आयु सीमा 15 से 18 वर्ष है, और यदि भारत को मेजबानी का अधिकार मिलता है, तो क्रिकेट भी 2030 संस्करण में अपनी पहली प्रविष्टि बनाने की प्रबल संभावना होगी।



1900 के पेरिस खेलों के बाद पहली बार 2028 में लॉस एंजिल्स ओलंपिक में क्रिकेट को शामिल किया गया है। तीरंदाजी, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, बास्केटबॉल, बीच वॉलीबॉल, मुक्केबाजी, कैनोइंग, साइकिलिंग, गोताखोरी, घुड़सवारी, तलवारबाजी, फील्ड हॉकी, फुटबॉल, फुटसल, गोल्फ, जिमनास्टिक, हैंडबॉल, जूडो, आधुनिक पेंटाथलॉन, रोइंग, रग्बी सेवन्स, नौकायन, शूटिंग, तैराकी, टेबल टेनिस, तायक्वोंडो, टेनिस, ट्रायथलॉन, वॉलीबॉल, भारोत्तोलन और कुश्ती ऐसे खेल हैं जो यूथ ओलंपिक में शामिल हैं।

# दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को हराकर श्रृंखला जीती, केशव महाराज ने बनाया रिकॉर्ड

**प्रोविडेंस (गयाना) (एजेंसी)।** केशव महाराज की शानदार गेंदबाजी के दम पर दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज को दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के तीसरे दिन ही 40 रन से हराकर दो टेस्ट मैच की श्रृंखला 1-0 से जीती।

दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य रखा था लेकिन उसकी टीम 222 रन पर आउट हो गई। यह लगातार 10वां अवसर है जबकि दक्षिण अफ्रीका ने वेस्टइंडीज से टेस्ट श्रृंखला जीती। पहली पारी में दो विकेट लेने वाले महाराज ने दूसरी पारी में 37 रन देकर तीन विकेट लिए। तेज गेंदबाज कैगिसो रबाडा ने 50 रन देकर तीन विकेट लिए। वेस्टइंडीज की तरफ से नौवें नंबर के बल्लेबाज गुडाकेश मोती ने सर्वाधिक 45 रन बनाए।



महाराज ने टेस्ट क्रिकेट में अपने कुल विकेटों की संख्या 171 पर पहुंचा दी है और इस तरह से वह दक्षिण अफ्रीका के सबसे सफल स्पिनर बन गए हैं। उन्होंने ह्यू टेफील्ड को पीछे छोड़ा। महाराज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ वर्तमान श्रृंखला में 13 विकेट लिए। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने पांच विकेट पर 223 रन से अपनी पारी आगे बढ़ाई लेकिन उसकी पूरी टीम 246 रन पर आउट हो गई।

वेस्टइंडीज के सामने 263 रन का लक्ष्य था लेकिन उसके शीर्ष क्रम के बल्लेबाज नहीं चल पाए। मोती और जोशुआ डा सिल्वा (27) ने 77 रन की साझेदारी करके उम्मीद जगाई लेकिन महाराज ने इन दोनों को आउट करके दक्षिण अफ्रीका की जीत सुनिश्चित की। दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अपनी पहली पारी में 160 रन बनाए थे। इसके जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 144 रन पर आउट हो गई थी। इन दोनों टीम के बीच बारिश से प्रभावित रहा पहला टेस्ट मैच ड्रॉ रहा था। अब इन दोनों टीम के बीच तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला खेली जाएगी।

## संक्षिप्त समाचार

### भाजपा कभी कानून तोड़कर कार्रवाई नहीं करती: अनिल विज



**अंबाला, एजेंसी।** हरियाणा में पिछले 10 साल से भाजपा सत्ता में है। इस दौरान इसने कांग्रेस नेता भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जेल भेजने की बात कही। इस पर हरियाणा के पूर्व गृहमंत्री अनिल विज से सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि भाजपा कभी कानून तोड़कर कार्रवाई नहीं करती, मामला कोर्ट में विचाराधीन है। हरियाणा में आम आदमी पार्टी भी मैदान में उतर रही है। पंजाब व दिल्ली से नेता कमान संभाल रहे हैं। इस पर अनिल विज ने कहा आप का दिया बुझ चुका है। पंजाब और दिल्ली में बुरी तरह हार का सामना करना पड़ा है। विज ने कहा कि बुझा हुआ दीपक कभी जल नहीं सकता। दूसरे दीपक को जल रहा दीपक ही जला सकता है। ये बुझी हुई शमा है। बता दें कि चुनाव आयोग ने शुक्रवार को हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव का ऐलान कर दिया। हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों के लिए एक चरण में ही एक अक्टूबर को चुनाव होंगे और नतीजों की घोषणा 4 अक्टूबर को होगी। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा, 90 में 73 सीटें सामान्य और 17 सीटें आरक्षित हैं। हरियाणा में 27 अगस्त को फाइनल वोटर लिस्ट जारी होगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 2 करोड़ से ज्यादा मतदाता हैं। 20 हजार 629 पोलिंग बूथ हैं। 150 मॉडल पोलिंग बूथ हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि लोकसभा का चुनाव दुनिया में हमारी लोकतांत्रिक ताकत का प्रमाण है। इससे पहले, 2019 में हरियाणा में एक ही चरण में चुनाव हुआ था। 2019 के हरियाणा विधानसभा चुनाव में 68.20 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग किया था।

### उद्धव ठाकरे का सपना केवल सपना ही रह जाएगा, कभी सीएम नहीं बनाएगी कांग्रेस- मिलिंद देवड़ा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिवसेना (एकनाथ गुट) के सांसद मिलिंद देवड़ा ने शनिवार को महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि उद्धव ठाकरे का मुख्यमंत्री बनने का सपना, सपना ही रह जाएगा और कांग्रेस उन्हें कभी भी मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं बनाएगी। देवड़ा ने कहा कि उन्होंने कांग्रेस की कार्यप्रणाली को करीब से देखा है। मालूम हो कि मिलिंद देवड़ा लंबे समय तक कांग्रेस में रहे हैं और उनकी गिनती गांधी परिवार के काफी करीब माने जाने वाले नेताओं में होती थी। लोकसभा चुनाव से पहले देवड़ा ने कांग्रेस का साथ छोड़कर एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना का दामन थाम लिया था। त्रों के अनुसार, शिवसेना सांसद मिलिंद देवड़ा ने कहा, मुख्यमंत्री बनने की उम्मीद में उद्धव ठाकरे महाविकस अघाड़ी के साथ चले गए हैं। कल की घटना के बाद, यह स्पष्ट है कि उद्धव ठाकरे का मुख्यमंत्री बनने का सपना केवल सपना ही रह जाएगा। मैंने कांग्रेस की कार्यप्रणाली को करीब से देखा है। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि वे मुख्यमंत्री पद के लिए उद्धव का समर्थन नहीं करेंगे। वहीं, महायुति सरकार के सीएम पद के बारे में देवड़ा ने कहा कि इसमें किसी भी प्रकार का कोई भ्रम नहीं है और जल्द ही मुख्यमंत्री पद के चेहरे को लेकर घोषणा भी हो जाएगी। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शनिवार को कहा कि पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कभी नहीं कहा कि वह मुख्यमंत्री बनेंगे और अगर कांग्रेस या एनसीपी (एससीपी) के पास कोई चेहरा है, तो उद्धव समर्थन देने के लिए तैयार हैं। आज नागपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बात करते हुए राउत ने कहा, उद्धव ठाकरे को आगे आने की जरूरत नहीं है, वह 2019 में भी आगे नहीं आए, सभी ने मिलकर उन्हें सीएम बनाया। अब 2024 की बात करें तो उद्धव ठाकरे ने कभी नहीं कहा कि मैं सीएम बनूंगा, कल का भाषण सुनिए। अगर कांग्रेस एनसीपी के पास कोई चेहरा है तो उसे सामने लाएं।

# आचार संहिता के बाद सीएम की पहली रैली, बोले चार अक्टूबर के बाद हांसी में बैठेगा डीसी

**हांसी, एजेंसी।**
मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हांसी में म्हारा हरियाणा नॉन स्टाप हरियाणा जन आशीर्वाद रैली में कहा कि चुनाव के बाद सभी मांगों को पूरा किया जाएगा। वे अभी अक्तूबर 2024 के लिए आशीर्वाद लेने के लिए आए हैं। 4 अक्टूबर को हरियाणा में बीजेपी की सरकार बनेगी। मुख्यमंत्री ने आजादी में शामिल हांसी बलिदानियों को नमन किया और कहा कि हांसी का इतिहास गौरवशाली रहा है। मुख्यमंत्री बोले हम भ्रष्टाचारियों का सुपड़ा साफ करने का काम करेंगें। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने कुछ काम तो किया नहीं जिनकी बही खाते फटे पड़े हैं। वे जब भी बोलते हैं उनके मुंह से भ्रष्टाचार निकलता है। वे हमसे हिसाब मांगने के लिए घूम रहे है। सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने 10 वर्षों में हांसी की तस्वीर बदलने का काम किया। इसी साल हांसी-महम-रोहतक रेलवे लाइन का सम्पन्न हुआ है। 148 बी का निर्माण व हांसी को पुलिस जिला बनाने का काम भी इसी सरकार में हुआ है।

उन्होंने कहा कि आचार संहित के कारण वे घोषणा नहीं कर सकते परंतु 4 अक्टूबर के बाद हांसी में डीसी भी यहां पर बैठने का काम करेगा। उन्होंने हांसी में हुए करोड़ों रुपए के विकास कार्यों को गिनवाया। हांसी में खेल स्टेडियम का



निर्माण भी गिनवाया। सबका साथ सबका विकास के मुलमंत्र पर काम करवाया गया।

मुख्यमंत्री ने भूपेंद्र हुड्?डा पर बोलते हुए कहा कि वे अपनी किताब उठा लाएं और बताएं कि उन्होंने कितने लोगों को नौकरी देने का काम किया है। उन्होंने भूपेंद्र हुड्?डा को भर्ती रोको गैग के नाम से बुलाया। जो लोग अब हिसाब मांगते घूम रहे हैं। 2014 से पहले प्रदेश में निराशा का माहौल था। नौकरियों में क्षेत्रवाद व भाई-भतीजा वाद का बोलबाला था।

पहले सरकारी योजनाओं का लाभ उन लोगों को पहुंचता था जिसकी पहुंच कांग्रेस के लोगों तक थी। आज सरकार द्वारा स्वयं योजनाओं का लाभ आम लोगों को दिया जा रहा है। कांग्रेस ने लोगों को 100 गज के प्लाटों का लॉलीपॉप देने का काम किया था। उन्हें ना तो कागज दिए गए और कब्जा। परंतु आज कब्जा भी दिया गया और कागज भी दिए गए। साथ ही पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन शुरू किया गया कि जिन्हें 100 गज का प्लाट नहीं मिला उन्हें 4 के बाद 100-100 गज के प्लाट दिए जाएंगे।

कांग्रेस करती है कमीशन मोड पर कामः

विपक्ष के लोग लगातार झूठ बोलकर लोगों को भ्रमित करते हैं। इनका मुखौटा जल्द उतरेगा। ये लोग कमीशन मोड पर काम करते हैं। जबकि हम मिशन मोड में काम करते हैं। वे लोग हिसाब मांग रहे हैं जिन्होंने सीएलएयू के नाम पर हजारों करोड़ का भ्रष्टाचार करने का काम किया है। कांग्रेस को हमारी ई गर्वनस की नीति से बहुत ज्यादा एलर्जी है। उनका पेट खराब हो रहा है। जब मेरा करनाल से नाम घोषित हुआ था तो कांग्रेस का पेट खराब हो गया था। करनाल के लोगों ने चंडीगढ़ भी कमल का फूल भेजने का काम किया था और दिल्ली में भी। मैं आपसे आशीर्वाद लेने आया हूं ताकि मैं प्रदेश को और विकास की गति पर आगे बढ़ा सकूं।

हांसी जनसभा में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि हमारी सरकार ने अन्नदाताओं की सभी फसलों के एक-एक दाने को एमएसपी पर खरीदने का संकल्प लिया है। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बड़ा किसान हितैषी कोई नहीं है और हरियाणा के हमारे किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और हरियाणा सरकार के साथ है यह हमारे लिए खुशी की बात है।

कांग्रेस पर हमलावर होते हुए नायब सैनी ने कहा कि कांग्रेस वो पार्टी है जिसने किसानों का अपमान किया है। उन्होंने कहा कि हमारे किसान अब दो-दो रुपए का चेक देने वाले व जमीन लूट कर बिल्डरों को सौंपने वाले हुड्डा पिता-पुत्र और सीएलयू गैंग के झांसे में नहीं आने वाले हैं। रैली के दौरान डीपी वत्स, मनीष ग्रोवर, जिला अध्यक्ष अशोक सैनी, धर्मबीर रतेरिया, छत्रपाल सिंह, कैप्टन भूपेंद्र सिंह, बरवाला से पूर्व विधायक वेद नारंग, अशोक ढालिया, रतिया विधायक लक्ष्मण नापा, राजपाल यादव, गायत्री देवी, नेहा धवन सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।



## अवैध संबंध से प्रेग्नेंट हुई विधवा महिला की अबॉर्शन से मौत, झोलाछाप डॉक्टर के पास ले गया था प्रेमी

**ग्रेटर नोएडा एजेंसी।** ग्रेटर नोएडा के जेवर कोतवाली पुलिस ने 10 दिन पहले घर से लापता हुई एक विधवा महिला की मौत के मामले में सनसनीखेज खुलासा किया है। पुलिस के मुताबिक, बुलंदशहर के डिबाई में स्थित एक अस्पताल में गर्भपात के दौरान महिला की मौत हो गई थी। इसके बाद उसके प्रेमी ने अपने साथियों के साथ मिलकर महिला के शव को छिपा दिया था। पुलिस ने महिला का शव बरामद कर लिया है। पुलिस ने घटना में शामिल महिला के प्रेमी और गर्भपात करने वाले डॉक्टर दंपती समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि चार आरोपी अभी फरार हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है। महिला के बच्चे के बारे में भी जानकारी जुटाई जा रही है।

डीसीपी साद मियां खान ने बताया कि 15 अगस्त को जेवर कोतवाली में एक युवक ने अपनी विधवा मां की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज करवाया था।शिकायतकर्ता ने बताया था कि उसकी मां 6 अगस्त से घर से लापता है।

## ओडिशा में बिजली गिरने से 9 लोगों ने गंवाई अपनी जान, कई घायल

**भुवनेश्वर, एजेंसी।** ओडिशा में आसमानी बिजली ने अपना कहर मचा रखा है। शनिवार को ओडिशा के विभिन्न हिस्सों में बिजली गिरने से एक नाबालिग लड़के सहित नौ लोगों की मौत हो गई और 20 से अधिक घायल हो गए।अधिकारियों ने बताया कि मरने वाले 9 लोगों में से मयूरभंज, बालासोर और भद्रक जिले में 2 लोग तो वहीं क्योंझर, ढेंकनाल और गंजम जिले में तीन लोगों की मौत हुई है। सीएम मोहन चरम माझी ने लोगों की मौतों पर गहरा दुख जताते हुए पीड़ितों के परिवारजनों को 4-4 लाख रुपए की सहायता राशि देने की घोषणा की है।

रिपोर्ट के मुताबिक, मयूरभंज जिले में आदिवासी दंपत्ति लछमन मुर्मू और उनकी पत्नी साकार मुर्मू धान की रोपाई करने में लगे हुए थे, तभी बारिश शुरू हो गई। बारिश शुरू होने के बाद, जैसे ही दम्पति सुरक्षित स्थान पर वापस जाने की कोशिश कर रहे थे, वे बिजली की चपेट में आ गए, जिससे उनकी मौत हो गई।

## बलौदाबाजार हिंसा में बड़ा ऐक्शन, कांग्रेस विधायक गिरफ्तार, पूर्व सीएम बघेल ने बताया राजनीतिक प्रतिशोध

**दुर्ग/बलौदाबाजार, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार शहर में 10 जून को सतनामी समुदाय के आंदोलन के दौरान हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने कांग्रेस विधायक देवेंद्र यादव को गिरफ्तार किया है। वहीं, यादव ने बीजेपी सरकार पर आगजनी मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फंसाने का आरोप लगाया है। पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल ने कहा कि विधायक को दुर्ग जिले में उनके आवास से पकड़ा गया। उन्हें बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के मुख्यालय बलौदाबाजार लाया गया, जहां उन्हें शनिवार को गिरफ्तार कर लिया गया। कांग्रेस विधायक पर पुलिस की कार्रवाई की बात फैलने के बाद यादव के कई समर्थक दुर्ग के भिलाई नगर इलाके में उनके आवास के बाहर एकत्र हुए और नारे लगाए। पार्टी का प्रभावशाली युवा चेहरा यादव भिलाई नगर निर्वाचन क्षेत्र से दूसरी बार विधायक हैं। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि यादव को बलौदाबाजार आगजनी घटना में कोतवाली थाने में दर्ज एक मामले



के सिलसिले में गिरफ्तार किया गया है। मामला भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के तहत दर्ज किया गया था। यादव को एक स्थानीय अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें 20 अगस्त तक के लिए न्यायिक हिरासत में भेज दिया। बता दें कि 15 की रात को अज्ञात व्यक्तियों ने बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के गिरौदपुरी धाम में अमर गुफा के पास सतनामी समुदाय द्वारा पूजे जाने वाले पवित्र प्रतीक जैतखाम या विजय स्तंभ को तोड़ दिया था। 10 जून को इसके विरोध में सतनामियों द्वारा किए गए विरोध प्रदर्शन के दौरान भीड़ ने बलौदाबाजार शहर में एक सरकारी कार्यालय भवन और 150 से अधिक वाहनों को आग लगा दी थी। दशहरा मैदान में सतनामियों के प्रदर्शन के दौरान विधायक यादव सहित कांग्रेस नेता कथित तौर पर एक सार्वजनिक बैठक में शामिल हुए थे। 10 जून की आगजनी के सिलसिले में भारतीय राष्ट्रीय छात्र संघ (एनएसयूआई) और भीम आर्मी के सदस्यों सहित लगभग 150 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। सत्तारूढ़ भाजपा की आलोचना करते हुए यादव ने कहा कि वह सरकार से नहीं डरते हैं और लोगों के लिए अपनी लड़ाई जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बलौदाबाजार आगजनी मामले में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को फंसाने की कोशिश कर रही है। कहा कि सतनामी समाज के युवाओं और निर्दोषों के लिए आवाज उठाने पर सरकार ने उनके खिलाफ कार्रवाई की। वहीं, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने यादव की गिरफ्तारी को राजनीतिक प्रतिशोध करार दिया। बघेल ने आरोप लगाया कि पूरी घटना में सरकार और पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। उन्हें गिरफ्तार किया गया। उन्होंने कहा कि देवेंद्र यादव की गिरफ्तारी पूरी तरह से राजनीतिक द्वेष के कारण की गई है और हम इसका विरोध करते हैं।

हम कानूनी सुझाव लेंगे और उसके अनुसार भविष्य की कार्रवाई तय करेंगे। विधायक यादव छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के सत्ता में रहने के दौरान उजागर हुए कथित कोयला लेवी घोटाले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय और राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो और आर्थिक अपराध शाखा द्वारा दर्ज मामलों में भी आरोपी हैं।

## पहले हैंगर से मारा फिर जमीन पर घसीटा, लंदन के होटल में एयर इंडिया के चालक दल की सदस्य पर हमला

**लंदन, एजेंसी।** लंदन के एक होटल से दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। हीथ्रो के रैडिसन रेड होटल में गुरुवार की रात को एयर इंडिया के चालक दल की सदस्य पर एक व्यक्ति ने हमला किया। हमलावर को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। पीड़िता को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया और वह अब मुंबई लौटने वाली है। सूत्रों ने बताया कि यह घटना आधी रात के बाद हुई, जब एयर इंडिया के कई उड़ानों के चालक दल के सदस्य होटल में रुके थे। जब हमलावर ने हमला किया जब चालक दल की सदस्य सो रही थी। आरोपी ने पीड़िता पर हैंगर से हमला किया और भागने की कोशिश करने पर आरोपी ने उसे जमीन पर घसीटा।




सूत्रों ने कहा, इस हमले में वह बुरी तरह से घायल हो गई थी। हमलावर भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस को घस घटना की जानकारी दी गई और पीड़िता को अस्पताल ले जाया गया। वह ड्यूटी पर वापस नहीं जा सकी और चालक दल का एक सदस्य उसके साथ रुक गया। बता दें कि चालक दल ने अपर्याप्त सुरक्षा, अंधेरे गलियारे, शरारती तत्वों द्वारा होटल के कमरों के दरवाजे खटखटाने की शिकायत की थी। लंदन समेत ब्रिटेन के कई क्षेत्रों में कानून व्यवस्था की स्थिति के कारण वहां सबी को सतर्क रहने की जरूरत है। एक पायलट ने कहा, लंदन में इन दिनों हम अकेले बाहर जाने से बचते हैं। चालक दल के सदस्यों के ठहरने के लिए केवल फुलप्रूफ सुरक्षा प्रणालियों वाले होटलों का ही चयन किया जाना चाहिए। एयर इंडिया के प्रवक्ता ने कहा कि वह अपने चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हैं। उन्होंने इस घटना में शामिल लोगों की गोपनीयता का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा, होटल में चालक दल के सदस्य पर हमले की घटना से दुखी हूं। हम अपने सहयोगी और उनकी टीम को हर संभव मदद करने का प्रयास कर रहे हैं। एयर इंडिया स्थानीय पुलिस के संपर्क में है। हम होटल के साथ भी संपर्क में है, जिससे कि भविष्य में किसी को भी कभी ऐसी घटनाओं का सामना न करना पड़े।

## चीफ जस्टिस को चुनाव विवादों को सुलझाने वाली पीठ से अलग किया जाए

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमत्री इमरान खान की पार्टी पीटीआई के नौ सांसदों ने चुनाव विवादों से संबंधित मामले के समाधान के लिए पंजाब में नियुक्त चुनाव न्यायाधिकरण के मामले की सुनवाई करने वाली पीठ से पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा को अलग करने की मांग की है। दरअसल, देश में 8 फरवरी को आम चुनाव हुए थे। इसमें बड़े पैमाने पर धांधली के आरोप लगे थे। सीजेपी की अध्यक्षता वाली सुप्रीम कोर्ट की पांच सदस्यीय पीठ 8 फरवरी के आम चुनावों से संबंधित चुनावी विवादों को सुलझाने के लिए पंजाब में चुनाव न्यायाधिकरणों के गठन के संबंध में लाहौर हाई कोर्ट के फैसले के खिलाफ पाकिस्तान के चुनाव आयोग की अपील पर विचार करेगी। जस्टिस काजी फैज ईसा के अलावा, पीठ के सदस्यों में अमीनुद्दीन खान, जमाल खान मंडोखैल, नईम अख्तर अफगान और जस्टिस अकील अहमद अब्बासी शामिल हैं। 4 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब में आठ चुनाव न्यायाधिकरणों की नियुक्ति पर लाहौर हाई कोर्ट के फैसले और इसकी अधिसूचना को निलंबित कर दिया था। यह निलंबन तब तक



प्रभावी रहा जब तक कि हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश और ईसीपी के बीच बातचीत पूरा नहीं हुई। पीटीआई के सांसदों ने रजिस्ट्रार सुप्रीम कोर्ट को प्रस्तुत अपने आवेदन में चुनाव न्यायाधिकरण के मुद्दे पर सुनवाई कर रही पीठ से जस्टिस ईसा को अलग करने के लिए आवेदन दायर करने की मांग की है।

# गाजा में 25 वर्षों में पोलियो का पहला मामला दर्ज

### बिना टीकाकरण वाले 10 महीने के बच्चे में मिले लक्षण

**गाजा, एजेंसी।** इस्राइल-हमास युद्ध के बीच गाजा में 25 वर्षों में पहला पोलिया का मामला दर्ज किया गया है। जॉर्डन में परीक्षण के दौरान मध्य गाजा पट्टी के एक बिना टीकाकरण वाले 10 महीने के बच्चे में वायरस की पुष्टि हुई है। फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, पोलियो का यह मामला तब पकड़ में आया, जब संयुक्त राष्ट्र प्रमुख एंटोनियो गुटेरेस ने हजारों बच्चों का टीकाकरण करने के लिए इस्राइल-हमास युद्ध को रोकने का आह्वान किया था। 25 वर्षों तक पोलियो के बिना रहने के बाद, गाजा पट्टी में इसके फिर से उभरने से पड़ोसी देशों को खतरा हो सकता है।

फलस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा, जॉर्डन की राजधानी अम्मान में आवश्यक परीक्षण करने के बाद पोलियो संक्रमण की एक 10 महीने के बच्चे में पुष्टि हुई है। यह मामला तब सामने आया जब गुटेरेस ने गाजा युद्ध में 640000 से अधिक बच्चों का टीकाकरण करने के लिए दो सात दिनों के ब्रेक का आह्वान किया।

संयुक्त राष्ट्र और स्वास्थ्य एजेंसियों ने कहा कि फलस्तीनी क्षेत्र में बच्चों तक पहुंचने के लिए विस्तृत योजना बनाई गई है, जो इस महीने से शुरू हो सकती है। लेकिन, इसके लिए इस्राइल-हमास के बीच 10 महीने से चल रहे युद्ध को रोकना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष यूनिसेफ ने कहा कि वे गाजा पट्टी में टाइप 2 पोलियोवायरस (सीवीडीपीवी2) के खिलाफ अगस्त के अंत में शुरू होने वाले दो सात दिवसीय टीकाकरण अभियान की योजना बना रहे हैं। एजेंसियों ने एक बयान में कहा, लड़ाई में ये



ठहराव बच्चों और परिवारों को स्वास्थ्य सुविधाओं तक सुरक्षित रूप से पहुंचने और सामुदायिक आउटरीच कार्यकर्ताओं को उन बच्चों तक पहुंचने की अनुमति देगा जो पोलियो टीकाकरण के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं तक नहीं पहुंच सकते हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रमुख गुटेरेस ने न्यूयॉर्क स्थित संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संवाददाताओं से बात की। इस दौरान उन्होंने कहा, पोलियो को फैलने से रोकने के लिए व्यापक, समन्वित और तत्काल प्रयास की आवश्यकता होगी। मैं सभी पक्षों से अपील कर रहा हूं कि वे अभियान के लिए मानवीय ठहराव की गारंटी देते हुए तुरंत ठोस आश्वासन दें। बता दें कि पिछले महीने 23 जून को यह घोषणा की गई थी कि गाजा में एकत्र किए गए नमूनों में टाइप 2 पोलियोवायरस पाया गया था।

## रूस-यूक्रेन के बीच चरम पर तनाव, मॉस्को का आरोप- कुर्स्क में बने पुल को पश्चिमी हथियारों से बनाया निशाना

**मॉस्को, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध ढाई साल से अधिक समय से जारी है। दोनों में से कोई भी देश पीछे हटने को तैयार नहीं है। इस बीच, मॉस्को ने कीव पर हमले में पश्चिमी रॉकेटों का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया है, जो संभवतः अमेरिका में बनाए गए हैं। उसका कहना है कि कुर्स्क क्षेत्र में सेयम नदी पर बने पुल को पश्चिमी हथियारों से निशाना बनाया गया। इसकी वजह से नागरिकों को निकालने की कोशिश कर रहे स्वयंसेवकों की मौत हो गई।

यूक्रेन की सेना ने शुक्रवार को कुर्स्क के ग्लुशकोवस्की जिले में पुल पर हमला किया क्योंकि वे पश्चिमी रूस के क्षेत्र में अपनी घुसपैठ बढ़ा रहे हैं। रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने शुक्रवार देर रात टेलीग्राम मैसेजिंग एप पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पहली बार कुर्स्क क्षेत्र पर पश्चिमी देश में बने रॉकेट लॉन्चर का इस्तेमाल किया गया है। संभवतः अमेरिकी एचआईएमएआरएस से यह हमला किया गया है। उन्होंने आगे कहा कि पुल पर हुए हमले का नतीजा यह था कि यह पूरी तरह नष्ट हो गया था। स्वयंसेवक जो नागरिकों को बाहर निकालने में मदद कर रहे थे, वो मारे गए।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129